@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
## राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

वीरवार, 6 फरवरी 2025

VISIT: www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 87 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# दिल्ली की सभी 70 सीटों पर 66.68 फीसदी वोटिंग दर्ज

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 5 फरवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान खत्म हो गया है। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान हुआ। 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। अब 8 फरवरी को इनके भाग्य का फैसला होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के बाद मतदान अधिकारियों द्वारा ईवीएम को सील किया जा रहा है। इसी क्रम में मतदान केंद्र-68, रघुबीर सिंह जूनियर मॉडर्न स्कूल, हुमायूं रोड पर तैनात कर्मी ने भी ईवीएम को सील किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटिंग खत्म हो गई है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, शाम 6 बजे मतदान के औपचारिक समापन समय के बाद कतार में खड़े सभी मतदाताओं को अपना वोट डालने की अनुमति है। दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों में सबसे अधिक मतदान मुस्तफाबाद सीट पर हुआ। यहां शाम पांच बजे तक 66.68 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। जबकि सबसे कम 47.40 फीसदी वोटिंग करोल बाग में हुई। नई दिल्ली विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी और कांस्टेबल पंकज ने कहा, लोकतंत्र के पन्नों में दिल्ली का यह चुनाव स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा कि



एक पुलिस वाला चुनाव लड़ रहा है। मैं दिल्ली में 40 सालों से हूं और मैं दिल्ली वालों की समस्याओं को भली-भांति जानता हूं। मेरा चुनाव चिन्ह जूता है और जूता एक ऐसा हथियार है जिसे देखकर भ्रष्टाचारी बहुत दूर भागता है। आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, मैं दिल्ली के लोगों से बड़ी संख्या में बाहर आने और मतदान करने का आग्रह करता हूं। हमने विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में धीमी वोटिंग का मुद्दा उठाया है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दयाशंकर सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 पर कहा, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाना चाहती है... आज अरविंद केजरीवाल के कैंप में निराशा छा गई है और प्रचंड बहुमत से दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बन रही है। स्पेशल सीपी डीसी श्रीवास्तव ने कहा, अभी तक हमें पता चला है कि फर्जी वोटिंग के आरोप में 2 लोगों को हिरासत में लिया गया है, हम उन तथ्यों की जांच कर रहे हैं। सीलमपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल गौड़ ने कहा, 300-400 फर्जी वोटर उत्तर प्रदेश के लोनी से लाए गए हैं, मुझे ऐसा लग रहा है कि ये बांग्लादेशी हैं, इनमें महिला और पुरुष दोनों हैं। हमने ऐसे 25 लोगों को पकड़ा, यहां फर्जी वोटिंग हो रही थी। हमने इसे रोक दिया है। केजरीवाल फर्जी वोटिंग कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, कांग्रेस मजबूती से आगे बढ़ रही है। कांग्रेस ताकत के साथ (दिल्ली में) सरकार बनाएगी। केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा, आज दिल्ली की जनता भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए मतदान करने निकली है। मैं मानता हूं कि पिछले 10 सालों में आप और अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में एक भी विकास का काम नहीं किया है। अब दिल्ली की जनता ने ठाना है कि आप को दिल्ली से भगाना है और भाजपा को लाना है।

## मुफ्त राशन ले रहे अपात्र लोगों की छंटनी की हो रही तैयारी

नई दिल्ली, 5 फरवरी। सरकार 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' (पीएमजीकेएवाई) के तहत ऐसे लोगों के पहचान की तैयारी कर रही है, जो अपात्र होते हुए योजना का लाभ रहे हैं। खबर है कि ऐसे लोगों की पहचान के लिए अब आयकर विभाग की मदद ली जाएगी। एक कार्यालय आदेश में कहा गया है कि आयकर विभाग पीएमजीकेएवाई के तहत अपात्र लोगों को लाभार्थियों की सूची से हटाने के लिए अपने आंकड़ों को खाद्य मंत्रालय के साथ साझा करेगा। पीएमजीकेएवाई के तहत उन गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाता है जो आयकर का भुगतान नहीं करते हैं। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पीएमजीकेएवाई के लिए 2.03 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, जो चालू वित्त वर्ष के 1.97 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) को देश में कोविड-19 महामारी से हुए आर्थिक गतिरोधों के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली मुश्किलें कम करने के विशिष्ट उद्देश्य से शुरू किया गया था। हालांकि, सरकार ने पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण की अवधि एक जनवरी, 2024 से पांच साल के लिए बढ़ा दी है। सीबीडीटी के अनुसार आयकर महानिदेशक (सिस्टम) को उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में खाद्य वसार्वजनिक वितरण विभाग (डीएफपीडी) के संयुक्त सचिव को जानकारी देने का अधिकार होगा। नई व्यवस्था के मुताबिक, डीजीएलटी (सिस्टम), नयी दिल्ली को डीएफपीडी कर निर्धारण वर्ष के साथ आधार या पैन नंबर उपलब्ध कराएगा। यदि पैन या दिया गया आधार आपस में जुड़े हैं तो डीजीआईटी (सिस्टम) आयकर विभाग के डेटाबेस के अनुसार निर्धारित आय के संबंध में डीएफपीडी को जवाब देगा। यदि लाभार्थी का आधार नंबर आयकर डेटाबेस में किसी भी पैन से नहीं जुड़ा है, तो डीजीआईटी (सिस्टम) इसकी सूचना डीएफपीडी को देगा। इस तरह के जवाब और सूचना के लेनदेन का तरीका डीजीएलटी (सिस्टम) और डीएफपीडी तय करेंगे।आपस में आंकड़ों को साझा करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए डीजीआईटी (सिस्टम) डीएफपीडी के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन ) करेगा।

## बंगाल में दशक के अंत तक 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी रिलायंस: मुकेश अंबानी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 5 फरवरी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा की। दूसरी ओर, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को अगले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। आइए इस बारे में और जानें। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने बुधवार को इस दशक के अंत तक पश्चिम बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये के नए निवेश की प्रतिबद्धता की घोषणा की। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 में बोलते हुए अंबानी ने कहा कि इस निवेश से राज्य में एक लाख नौकरियां पैदा होंगी। उन्होंने कहा, रिलायंस ने पिछले दशक में बंगाल में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस दशक के अंत तक 50,000 करोड़



रुपये का और निवेश किया जाएगा। हमारा निवेश डिजिटल सेवाओं, हरित ऊर्जा और खुदरा सहित कई क्षेत्रों में फैला होगा। अंबानी ने राज्य में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए रिलायंस की प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा बंगाल के कारोबारी परिदृश्य को बदलने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। दूसरी ओर, आरपी-संजीव गोयनका समूह के अध्यक्ष संजीव गोयनका ने बुधवार को अगले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। गोयनका ने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 के उद्घाटन के अवसर पर यह घोषणा की।

## सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ गवर्नर से मिलने पहुंचे तेजस्वी

पटना, 5 फरवरी। नीतीश सरकार लगातार हमलावर रहे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। इसमें बिहार सरकार के खिलाफ शिकायतों की सूची थी। बाहर निकलने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार की ध्वस्त विधि व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया तथा प्रदेश में व्याप्त अराजक स्थिति से अवगत कराया। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार की बदहाल कानून व्यवस्था के कारण राज्य में प्रतिदिन हत्या, गोलीबारी, बलात्कार, लूट, चोरी, छिनतई व रंगदारी की रिकॉर्ड तोड़ घटनाएँ हो रही हैं तथा शराब और नशीलें पदार्थों की तस्करी चरम पर है। प्रति माह सैकड़ों लोगों की हत्याएं हो रही है। पुलिस प्रशासन जाति-धर्म देखकर आम नागरिकों पर अत्याचार कर रही है। विशेषरूप से मुसलमानों को लक्षित कर प्रताड़ित किया जा रहा है।

## प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से राज्य में आई शांति

नई दिल्ली, 5 फरवरी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि त्रिपुरा देश के अन्य हिस्सों से पूरी तरह से जुड़ गया है। प्रतिबंधित संगठनों के साथ समझौतों से इस पूर्वोत्तर राज्य में शांति एवं समृद्धि आई है। शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अगरतला में त्रिपुरा सरकार के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने पिछले सात वर्षों में कांग्रेस एवं वाममोर्चा के कई दशकों के शासन की तुलना में अधिक उपलब्धियां हासिल की हैं। पिछले 10 वर्षों में प्रतिबंधित संगठनों के साथ हुए तीन समझौतों से त्रिपुरा में शांति और समृद्धि आई है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में माणिक साहा के नेतृत्व वाली सरकार ने बिना किसी भेदभाव के 'मल्टी-टास्किंग स्टाफ' (ग्रुप-डी) के 2,806 पदों के लिए भर्ती अभियान पूरा कर लिया है। भाजपा नेता इस बात पर जोर देते रहे हैं कि पिछले कुछ वर्षों में त्रिपुरा और देश के बाकी हिस्सों के बीच भूमि, हवाई और रेल संपर्क में बेहतर सुधार हुआ है। भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 2018 से राज्य में शासन कर रहा है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सभी सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया। शाह ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर दो दिन में दो उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकों की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के निरंतर और समन्वित प्रयासों के कारण केंद्र शासित प्रदेश में आतंक का पारिस्थितिकी तंत्र कमजोर हो गया है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि गृहमंत्री ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को शून्य घुसपैठ के लक्ष्य के साथ आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का निर्देश दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई

**सौरभ शर्मा**

महाकुंभ नगर (प्रयागराज), 5 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संगम में गंगा, यमुना और अदृश्य संगम की त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। उन्होंने विधि-विधान से मां गंगा की पूजा की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पीएम ने षोडशोपचार विधि से भागीरथी की पूजन कर दुग्ध और पुष्प समेत नैवेद्य अर्पित किया। उनके साथ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। केसरिया वस्त्र और ऊपर से रुद्राक्ष की माला धारण करके पीएम ने स्नान किया। कहा जा रहा था कि पीएम मोदी को तकरीबन एक घंटा संगम क्षेत्र में रुकना था। श्री बड़े हनुमान मंदिर और अक्षयवट और सरस्वती कूप का दर्शन भी प्रस्तावित था, लेकिन पीएम संगम में स्नान और मां गंगा की पूजा के बाद संगम तट से वापस लौट गए। यह भी कहा जा रहा था की पीएम मोदी महाकुंभ में आए सभी अखाड़ों के प्रमुख संतों से मुलाकात करेंगे। साथ ही महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं को संगम की रेती से एकता और संदेश देंगे, लेकिन मोदी आधे घंटे में ही लौट गए। हालांकि पीएम मोदी ने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। इससे पहले उन्होंने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद



भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। प्रधानमंत्री के साथ स्पेशल बोट से भ्रमण किया। उनके साथ सीएम योगी भी मौजूद रहे। स्पेशल बोट से भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने पीएम को महाकुंभ के बारे में जानकारियां दीं। वह लोगों का अभिवादन करते समय कुछ देर के लिए मुस्कराते दिखे। जहां पीएम स्नान कर रहे थे उसके कुछ ही दूर पर स्थित संगम नोज पर मौनी अमावस्या को हादसा हुआ था। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर महाकुंभ दौरे की कई तस्वीरें साझा करत हुए लिखा प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा, अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख, समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की। हर हर गंगे। उन्होंगे आगे लिखा प्रयागराज के दिव्य भव्य महाकुंभ में आस्था, भक्ति और आध्यात्म का संगम हर किसी को अभीभूत कर रहा है। पावन पुण्य स्नान की कुछ तस्वीरें। प्रयागराज महाकुंभ में आज पवित्र संगम में स्नान के बाद पूजा-अर्चना का परम सौभाग्य मिला। मां गंगा का आशीर्वाद पाकर मन को असीम शांति और संतोष मिला है। उनसे समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि, आरोग्य और कल्याण की कामना की।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में 59.95 फीसदी मतदान

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

अयोध्या, 5 फरवरी। मिल्कीपुर उपचुनाव में रिकॉर्ड मतदान हुआ है। 5 बजे तक 65.25 फीसदी वोटिंग हुई। साल 2022 में इस सीट पर 59.95 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार मतदान ने इस आंकड़े को पार कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। अभी भी लोग बूथों पर अपनी वोटिंग के इंतजार में खड़े हैं। ऐसे में यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने मिल्कीपुर उपचुनाव पर कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में है। विपक्ष के लोगों में हताशा और निराशा हैं। मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए बुधवार को हो रहा मतदान एक नया रिकॉर्ड बनाने की ओर आगे बढ़ रहा है। दोपहर 3:00 बजे तक 57 फीसदी से ज्यादा वोट पड़ चुके हैं। यदि इतने ही समय की तुलना वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से की जाए तो तब 51.84 फीसदी वोट ही पड़े थे। इस तरह इस बार मतदान प्रतिशत काफी बढ़ गया है। वोटरों में खासा उल्लास है। युवा से लेकर महिलाएं और बुजुर्ग मतदाता सभी वोट डालने के लिए बूथों पर पहुंच रहे हैं। सुबह 7:00



बजे से शुरू हुई यह प्रक्रिया दोपहर 3:00 के बाद भी जारी है। मतदान शाम 5:00 बजे तक होगा। वर्ष 2022 में 59.95 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार मतदान इस आंकड़े को पार कर जाने के लिए आतुर दिख रहा है। मिल्कीपुर उपचुनाव 2025 पर उत्तर प्रदेश के मंत्री ओपी राजभर कहते हैं, मिल्कीपुर उपचुनाव एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में है, विपक्ष हताश और निराश है। अगर रोने से उन्हें वोट मिल सकते हैं तो समाजवादी पार्टी के सदस्यों को लखनऊ और दिल्ली से रोना शुरू करना चाहिए। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर बूथ संख्या 243 पर फर्जी मतदान हो रहा है। सपा का आरोप है कि प्रशासन के संरक्षण में बाहरी मतदाता वोट डाल रहे हैं। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है। मिल्कीपुर विधानसभा में बूथ संख्या 243 पर हो रहा फर्जी मतदान, प्रशासन के संरक्षण में बाहरी मतदाता डाल रहे वोट। समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि मिल्कीपुर विधानसभा में बूथ संख्या 4, 5, 69, 93, 100, 139, एवं 176 पर प्रशासन और भाजपा नेताओं द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। सपा ने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है। साथ ही निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## सीएम नीतीश कुमार के गढ़ में घुसकर लालू यादव ने किया एलान

नालंदा, 5 फरवरी। विधानसभा चुनाव की तैयारी सभी राजनीतिक दल जुट गए हैं। राष्ट्रीय जनता दल भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार यात्रा कर रहे। इधर, उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में सभा को संबोधित किया। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के गढ़ में बड़ा एलान करते हुए कहा कि हमलोग हर हाल में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों इकट्ठा होकर इस देश में अपनी सरकार बनानी है। आपलोग कहीं किसी के सामने सिर नहीं झुकाना और ना हमने झुकाया है और न आपलोग किसी के सामने झुकना। नालंदा के इस्लामपुर विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 24वीं पुण्यतिथि पर पहुंचे लालू प्रसाद ने कहा कि मैं आप लोगों ने अपील करता हूं कि आपलोग इस देश की रक्षा के लिए हम सब एक साथ खड़ा रहे। हम सरकार बनाएंगे। तेजस्वी यादव को हर हाल में हम लोग मुख्यमंत्री बनाएंगे। महिलाओं को 2500 रुपया खाते में हम लोग डालेंगे। जैसे झारखंड में डाला है और बिजली फ्री, रोजगार भी मिलेगा, नौकरी भी हम लोग देंगे। हम जो बोलते हैं वह करते हैं। जो कहते हैं वह करना चाहिए। इस्लामपुर विधायक राकेश रोशन बढ़िया काम कर रहे हैं और करते रहेंगे। बता दें कि यह कार्यक्रम इस्लामपुर विधायक राकेश कुमार रोशन के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें राजद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, भारत सरकार के पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव तथा राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव भी आए थे।

# नगर निगम और परिषद चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगी भाजपा: मुख्यमंत्री सैनी

**नरेश मल्होत्रा**

चंडीगढ़, 5 फरवरी। हरियाणा स्थानीय निकाय चुनावों का बिगुल बजते ही तैयारियों को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। चुनावों को लेकर बुधवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। बैठक में सभी जिलों के अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सभी विधायक और प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली शामिल हुए थे। बैठक के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि बैठक में हमारी मुख्य चर्चा स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर हुई है। उन्होंने कहा कि अभी हम एक चुनाव से आए हैं और दूसरे चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गई है। यह प्रदेश भर का चुनाव है। यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि जितना छोटा चुनाव उतना ही टाइट हो जाता है। उसके लिए ज्यादा ताकत और शक्ति लगानी पड़ेगी। बैठक के बाद हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीश पुनिया ने कहा कि नगर निगम और नगर परिषद चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगी। वहीं, नगर पालिका चुनाव पर विचार करेंगे। नगर निगमों को लेकर अलग-अलग संकल्प पत्र निकाले जाएंगे। निकाय चुनाव के चलते हरियाणा में जिला अध्यक्ष चुनाव बाद में होंगे। शहरी निकाय चुनाव में भाजपा की जीत होगी। वहीं हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि भाजपा नगर निगम और नगर परिषद चुनाव सिंबल पर लड़ेगी मेयर, प्रधान और पार्षद चुनाव सिंबल पर लड़ जाएंगे। नगर पालिका के प्रधान का चुनाव भी सिंबल पर ल ?ने का विचार कर रहे है। 6 और 7 फरवरी को चुनाव लड़ने वाले लोगों का बायोडाटा लिया जाएगा और आठ फरवरी को जिन जगहों पर चुनाव है उन जगह



बैठक होगी। नौ फरवीर को हमारे पास पैनल आएंगे। उस पर हम चर्चा करेंगे। विकास के नाम पर वोट मांगे जाएंगे। प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कोई चुनौती नहीं है। सीएम सैनी ने कहा कि जिस कमेटी की चर्चा हमारे अध्यक्ष ने की है तो उसमें एक भी कार्यकर्ता छूटना नहीं चाहिए। विचार करने के बाद पार्टी तय करती है कि हमारा कौन कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा। जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर चुनाव संचालन समिति बनाई जाएगी। समय कम होने के चलते यह समिति छह और सात फरवरी को लोगों के विचार-विमर्श के बाद तय करेगी कि पार्टी का कौन कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा। सीएम सैनी ने कहा कि उन्हें यह भी सुझाव मिल रहा है कि ऐसे कार्यकर्ता भी मौका दिया जाए जो पार्टी का पदाधिकारी नहीं है। ऐसे में जिसकी भी चुनाव लड़ने की इच्छा होगी वह भी फार्म भर सकता है। निकाय चुनाव दो चरणों में होंगे। पानीपत नगर निगम को छोड़कर शेष सभी 40 संस्थाओं में 2 मार्च को मतदान होगा। मतदाता सूची प्रकाशन में देरी के चलते पानीपत निगम के चुनाव 9 मार्च को होंगे। इनमें 7 नगर निगमों, 4 नगर परिषदों और 21 नगर पालिकाओं में आम चुनाव होंगे। 2 नगर निगम में मेयर, 1 नगर परिषद में चेयरमैन, 2 नगर पालिका में चेयरमैन और 3 नगर पालिकाओं में वार्डों में पार्षद पद के लिए उप-चुनाव होंगे। मतदान सुबह 8 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक होगा। हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आयुक्त धनपत सिंह ने मंगलवार को निकाय चुनाव का शेड्यूल जारी किया।

## भारत सरकार ने सभी एआई एप पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, 5 फरवरी। भारतीय वित्त मंत्रालय ने एआई टूल्स और एप्लिकेशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। 29 जनवरी 2025 को जारी इस सर्कुलर का उद्देश्य संवेदनशील सरकारी डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संभावित साइबर खतरों को रोकना है। संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में कहा गया है कि सरकारी कंप्यूटरों पर एआई-सक्षम एप्लिकेशन का उपयोग गोपनीय सरकारी जानकारी को खतरे में डाल सकता है। इसके मद्देनजर, मंत्रालय ने सभी कर्मचारियों को आधिकारिक उपकरणों पर ऐसे टूल्स के उपयोग से बचने की सलाह दी है। यह आदेश वित्त सचिव की मंजूरी के बाद जारी किया गया है और इसे राजस्व, आर्थिक मामलों, व्यय, सार्वजनिक उपक्रम, ष्ठद्बक्क्ररू और वित्तीय सेवाओं सहित प्रमुख सरकारी विभागों को भेजा गया है। यह प्रतिबंध वैश्विक स्तर पर एआई टूल्स को लेकर बढ़ती चिंताओं का हिस्सा है। कई एआई मॉडल, जिनमें ष्टद्धड्डह्लत्रक्क्ञ भी शामिल है, उपयोगकर्ता इनपुट को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं, जिससे डेटा लीक या अनधिकृत पहुंच की आशंका बनी रहती है। इससे पहले, कई निजी कंपनियों और वैश्विक संगठनों ने भी एआई टूल्स के उपयोग को सीमित कर दिया है ताकि संवेदनशील डेटा के गलत इस्तेमाल से बचा जा सके। इससे पहले इटली और ऑस्ट्रेलिया ने भी चाइनीज एआई टूल डीपसीक को बैन किया है। 1. डेटा लीक का खतरा- ष्टद्धड्डह्लत्रक्क्ञ और ष्ठद्गद्गश्चस्द्गद्गद्म जैसे एआई मॉडल उपयोगकर्ता द्वारा डाले गए डेटा को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं। इसका मतलब है कि यदि सरकारी कर्मचारी गोपनीय जानकारी इन टूल्स में दर्ज करते हैं, तो वह डेटा संग्रहीत, एक्सेस या दुरुपयोग हो सकता है। सरकारी विभागों में वित्तीय डेटा, नीतिगत मसौदे और आंतरिक संचार जैसे संवेदनशील डेटा होते हैं। यदि यह डेटा लीक होता है, तो यह राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक नीति के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। 2. एआई मॉडल पर सरकारी नियंत्रण की कमी- सरकारी कार्यालयों में उपयोग किए जाने वाले पारंपरिक सॉफ्टवेयर के विपरीत, एआई टूल्स क्लाउड-आधारित होते हैं और निजी कंपनियों के स्वामित्व में होते हैं। उदाहरण के लिए, ष्टद्धड्डह्लत्रक्क्ञ का स्वामित्व ह्रश्चद्गठ्ठ के पास है, और सरकार के पास यह नियंत्रित करने का कोई तरीका नहीं है कि ये टूल्स जानकारी को कैसे संग्रहीत या प्रोसेस करते हैं। यह विदेशी हस्तक्षेप और साइबर हमलों के लिए एक संभावित खतरा बन सकता है।

## गाजा में दुनिया भर के लोग रह सकेंगे : ट्रम्प

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि गाजा पट्टी के विकास में अपार संभावनायें हैं, भविष्य में दुनिया भर के लोग वहां रह सकेंगे। श्री ट्रम्प ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ



संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे लगता है कि गाजा पट्टी की क्षमता अविश्वसनीय है। मुझे लगता है कि दुनिया भर के प्रतिनिधि वहां होंगे और वे वहां रहेंगे। फिलिस्तीनी भी, फिलिस्तीनी वहां रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि लोग वहां शांति से रह सकें। राष्ट्रपति ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह विश्व स्तरीय हो। यह लोगों के लिये अद्भुत होगा।

## सिडनी रेलवे स्टेशन के पास चाकू से हमले में एक व्यक्ति की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी के पश्चिमी उपनगरों में से एक किंग्सवुड रेलवे स्टेशन के पास चाकू से हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य की पुलिस ने एक बयान में कहा कि मध्य सिडनी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में किंग्सवुड रेलवे स्टेशन के पास स्थानीय समयानुसार रात करीब 10:20 बजे 58 वर्षीय व्यक्ति के सीने पर चाकू से वार किये जाने के बाद आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। एम्बुलेंस कर्मियों ने घटनास्थल पर ही व्यक्ति का इलाज किया और फिर उसे स्थानीय अस्पताल ले गये, जहां उसकी चोटों के कारण उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने घटनास्थल का पता लगा लिया है और जांच शुरू कर दी है।



## होक्काइडो में सबसे अधिक हिमपात हुआ

**टोक्यो।** जापान के होक्काइडो शहर में सबसे अधिक हिमपात हुआ है जहां ओबिहिरो शहर में एक मीटर से अधिक बर्फ की परत जम गयी है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 08:00 बजे तक ओबिहिरो में 1.2 मीटर की बर्फ़बारी दर्ज की गई। मेमुरो और होनबेत्सू सहित अन्य क्षेत्रों में भी सबसे अधिक हिमपातहुई। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि होक्काइडो में 44 नगर पालिकाओं में कुल 379 सार्वजनिक प्राथमिक और जूनियर हाई स्कूल अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। जापान मौसम अधिकारियों ने चेतावनी दी कि इस मौसम की सबसे प्रबल शीत लहर आने के साथ ही होन्शू के जापान सागर की ओर भारी हिमपातहोने के आसार हैं, जिससे बर्फीला तूफान का खतरा बढ़ जाएगा और आवागमन प्रभावित होगा।



## अमेरिका ने पाक में 84 करोड़ डॉलर की सहायता परियोजनाएं की निलंबित

**इस्लामाबाद/वाशिंगटन।** अमेरिका ने दुनिया भर में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) परियोजनाओं के लिए राशि में कटौती के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निर्देश के बाद पाकिस्तान में 84.5 करोड़ डॉलर से अधिक की सहायता परियोजनाओं को निलंबित कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि अचानक निलंबन ने महत्वपूर्ण विकास पहलों को रोक दिया है और सैकड़ों पाकिस्तानी नौकरियों को खतरे में डाल दिया है। जियो न्यूज के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान में ऊर्जा, आर्थिक विकास, कृषि, लोकतंत्र, मानवाधिकार और शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानवीय सहायता सहित विभिन्न क्षेत्रों में यूएसएआईडी द्वारा वित्त पोषित 39 प्रमुख परियोजनाओं पर तुरंत रोक लगा दी है



# उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ से दूसरी मौत की पुष्टि

**एजेंसी**

**सिडनी।** उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलिया में बाढ़ के पानी में दूसरे व्यक्ति की मौत की पुष्टि की गई और निवासियों को आने वाले दिनों में अतिवृष्टि की चेतावनी दी गई है।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य की पुलिस ने एक बयान में कहा कि 82 वर्षीय महिला का शव मंगलवार सुबह इंघम शहर के पास गन्ने के खेतों में मिला। बाढ़ का पानी कम होने के बाद स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे एक पड़ोसी को महिला के शव का पता चला।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड के उत्तरी उष्णकटिबंधीय तट क्षेत्र में बाढ़ संकट में यह दूसरी मौत है। इससे पहले, टाउन्सविले और केर्न्स शहरों के बीच प्रभावित क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित कस्बों में से एक, इंघम में एक 63 वर्षीय महिला की रविवार को मृत्यु हो गई, जब छह लोगों के साथ एक आपातकालीन सेवा नाव एक पेड़ से टकराकर बाढ़ के पानी में पलट गई।



प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि वह 'इस अविश्वसनीय कठिन समय में परिवार और समुदाय के लिए चिंतित हैं।' शुक्रवार और सोमवार के बीच कुछ इलाकों में लगभग दो मीटर बारिश हुई, लेकिन स्थिति कुछ ठीक हुई, जिससे निकाले गए कुछ निवासियों को टाउन्सविले के निचले हिस्सों में अपने घरों में लौटने की इजाजत मिली।

हालांकि, मौसम विज्ञान ब्यूरो ने चेतावनी दिया है कि आने वाले दिनों में टाउन्सविले, इंघम और आसपास के इलाकों में 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है।

टाउन्सविले से 350 किलोमीटर से ज्यादा अंदर स्थित जॉर्जटाउन शहर के निचले हिस्सों के निवासियों को मंगलवार रात घर खाली करने का आदेश दिया गया, जब पास की एक नदी ने अपना किनारा तोड़ लिया।

इंघम में हजारों संपत्तियों में विद्युत बहाल करने के लिए मंगलवार रात को एक जनरेटर जोड़ा गया था, लेकिन स्थानीय मेयर रेमन जायो ने कहा कि क्षेत्र के जल उपचार संयंत्र में खराबी आने के कारण बुधवार को शहर में पानी नहीं आ रहा।

बाढ़ के कारण शहर अन्य हिस्सों से कट गया है और आपूर्ति के लिए हवाई सहायता पर निर्भर है। अतिरिक्त बचाव दल और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के जवान पुनर्प्राप्ति प्रयासों में शामिल होने के लिए टाउन्सविले पहुंचे हैं।

## स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष में 21 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों का कक्षा में किया प्रक्षेपण



**एजेंसी**

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने 21 स्टारलिंक उपग्रहों का कक्षा में प्रक्षेपण किया। स्पेसएक्स के अनुसार, 21 स्टारलिंक उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से स्थानीय समयानुसार तड़के करीब 05:15 बजे फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। इनमें से 13 उपग्रहों में ' डायरेक्ट टू कॉल' क्षमताएं हैं, जिससे इन उपग्रहों में सीधे मोबाइल कॉल को सपोर्ट करने की क्षमता होगी, जो विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों के लिए उपयोगी साबित होगी। स्पेसएक्स के अनुसार, स्टारलिंक उच्च-गति ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा उन स्थानों पर प्रदान करेगा, जहां इंटरनेट की पहुंच अस्थिर, महंगी या पूरी तरह से अनुपलब्ध है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के दूरदराज और कनेक्टिविटी से वंचित क्षेत्रों में इंटरनेट सेवा पहुंचाना है, ताकि लोग बेहतर और सस्ते इंटरनेट का लाभ उठा सकें।

## राफा क्रॉसिंग के फिर से खुलने के बाद से गाजा के 94 मरीज पंहुचे मिस्त्र



**एजेंसी**

**काहिरा।** राफा क्रॉसिंग के शनिवार को फिर से खुलने के बाद से गाजा पट्टी से कुल 94 फिलिस्तीनी मरीज और उनके साथ आए 125 लोग इस क्रॉसिंग के माध्यम से मिस्त्र में प्रवेश कर चुके हैं मिस्त्र के प्रेस सेंटर ने सोमवार को एक बयान में कहा, 'अकेले सोमवार को 23 मरीज और उनके 24 साथी मिस्त्र पहुंचे। मई 2024 से बंद राफा क्रॉसिंग के शनिवार को शनिवार को फिर से खुलने के बाद, गाजा के 37 मरीज़ों और उनके साथ आए 38 व्यक्तियों का पहला समूह शनिवार को मिस्त्र में दाखिल हुआ।' फ़िलिस्तीनी मीडिया ने बताया कि अधिकतर मरीज कैंसर और हृदय रोग से पीड़ित बच्चे हैं। इनमें चल रहे संघर्ष में घायल हुए व्यक्ति भी शामिल हैं। गौरतलब है कि 19 जनवरी को, हमास और इजरायल के बीच संघर्ष विराम समझौते के तहत मिस्त्र की ओर से राफा क्रॉसिंग को फिर से खोल दिया गया। मई 2024 से, सीमा के फिलिस्तीनी हिस्से का नियंत्रण इजरायल के पास था, जिसने इसे हाल ही में हुए संघर्ष विराम समझौते तक बंद रखा था।

## हमास के साथ युद्धविराम के दूसरे चरण पर चर्चा के लिए कतर टीम भेजेगा इजराइल

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम की शर्तों के तहत दूसरे चरण की वार्ता के लिए इजराइल जल्द ही कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की अमेरिका यात्रा के बाद लिया गया है, जहां उन्होंने वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से चर्चा की।वाशिंगटन से लौटने के बाद नेतन्याहू इजरायल की राजनीतिक-सुरक्षा कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे, जिसमें युद्धविराम समझौते के अगले चरण की समीक्षा की जाएगी और आगे की वार्ता की रणनीति तय की जाएगी। पहले चरण में अब तक 18 बंधकों (13 इजरायली और 5 थाई नागरिकों) को रिहा किया जा चुका है।

## स्वीडनः ओरेब्रो के स्कूल में गोलीबारी, 10 की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी**

**स्टॉकहोम।** स्वीडन के ओरेब्रो शहर में दोपहर एक स्कूल में गोलीबारी की गंभीर घटना सामने आई, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने इलाके को घेर लिया और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। स्वीडन के न्याय मामलों के मंत्री गन्नर स्ट्रोमर ने इसे चिंताजनक घटना बताते हुए कहा कि पुलिस पूरी तरह से मामले की जांच में जुटी है और सरकार हालात पर नजर बनाए हुए है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, एक शिक्षक ने बताया कि उन्होंने कुछ संदिग्ध छात्रों को परिसर में देखा था और करीब 10 राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी। यह एजुकेशन सेंटर मुख्य रूप से 20 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों के लिए है, जहां प्रवासियों को स्वीडिश भाषा की शिक्षा भी दी जाती है। घटना के दौरान छात्रों को पास की एक बिल्डिंग में सुरक्षित पहुंचाया गया, जबकि पूरे परिसर को खाली करा लिया



गया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह घटना सुनियोजित लग रही है और दहशत फैलाने के मकसद से अंजाम दी गई है। फिलहाल पुलिस की दो टीमें हमलावर की तलाश में जुटी हैं। पूरे क्षेत्र की निगरानी बढ़ा दी गई है।

## ईरान-इराक संबंध :क्षेत्रीय सुरक्षा, स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देश सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**एजेंसी**

**तेहरान ।** ईरान और इराक ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग का विस्तार करने पर सहमति जताई है। ईरानी संसद की समाचार एजेंसी आईसीएएनए ने यह जानकारी दी। एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कलीबाफ और उनके इराकी समकक्ष महमूद अल-मशहदानी ने सोमवार को दोनों देशों के संबंधों को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया। ईरान की राजधानी तेहरान में बैठक के बाद यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। कलीबाफ ने कहा, हम अपने द्विपक्षीय राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को बढ़ाना चाहते हैं, जो इस क्षेत्र में, पड़ोसी अरब, गैर-अरब और मुस्लिम राज्यों के बीच शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में योगदान देगा।

# नेतन्याहू पहुंचे वाशिंगटन, ट्रंप का बड़ा ऐलान- अमेरिका गाजा पट्टी पर करेगा कब्जा

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहां अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। इसके बाद दोनों ने संयुक्त संवाददाता को संबोधित किया। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में संवाददाताओं से कहा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका अपनी सेना की मदद से गाजा पट्टी पर कब्जा करेगा। फिलिस्तीनियों को अब वहां से चले जाना चाहिए।'

सीएनएन की खबर के अनुसार, ट्रंप ने कहा संयुक्त राज्य अमेरिका और इजराइल गाजा पट्टी पर मिलकर काम करेंगे। दोनों देश गाजा पट्टी के भविष्य के लिए जिम्मेदार होंगे। सभी खतरनाक गैर-विस्फोटित बमों और अन्य हथियारों को नष्ट किया जाएगा। जमीन को समतल कर नई इमारतों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा गाजा



पट्टी में अमेरिका अपनी सेना भेज सकता है। गाजा के लिए जो भी जरूरी होगा, वह किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि वह दीर्घकालिक स्वामित्व की स्थिति महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में बहुत लोगों से बातचीत की है। सबका विचार है कि गाजा में संयुक्त राज्य अमेरिका का राज होगा। वहां रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। नए गाजा के विकास में फिलिस्तीनी शामिल नहीं होंगे।ट्रंप ने कहा कि वह गाजा में शेष बंधकों को मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस अवसर पर ट्रंप की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस प्रयास में बड़ी ताकत और शक्तिशाली नेतृत्व जोड़ा है। संघर्ष विराम और बंधक रिहाई समझौते पर हस्ताक्षर करने के अपने सभी प्रयासों के लिए ट्रंप को अभी भी तीन चरण की योजना के शेष दो चरणों की देखरेख करने की आवश्यकता होगी। नेतन्याहू के वाशिंगटन आने से पहले ट्रंप ने ईरान के प्रति सख्त रुख अपनाते हुए एक निर्देश पर हस्ताक्षर किए हैं। नेतन्याहू रविवार देररात राष्ट्रपति ट्रंप के अतिथि निवास ब्लेयर हाउस पहुंचे।

## मोरक्को नाव हादसा, 40 से अधिक पाकिस्तानियों की मौत, 13 की पहचान



**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि पिछले महीने मॉरिटानिया-मोरक्को नाव दुर्घटना में मारे गए 40 पाकिस्तानियों में से 13 की पहचान की पुष्टि कर दी गई है। एफओ ने कहा कि 80 यात्रियों को ले जा रही नाव मोरक्को के पास डूब गई, जिसमें कथित तौर पर 40 से अधिक पाकिस्तानी मारे गए।

'डॉन' की एक रिपोर्ट के अनुसार प्रवासी अधिकार समूह वॉकिंग बॉर्डर्स ने कहा कि पश्चिम अफ्रीका से स्पेन के कैनरी द्वीप को पार करने की कोशिश कर रहे लोगों सहित नवीनतम घातक मलबे में 50 से अधिक प्रवासी डूब गए होंगे। जहाज़ पर सवार लगभग 66 पाकिस्तानियों में से केवल 22 ही इस त्रासदी में बच पाए। जीवित बचे लोगों की स्वदेश वापसी शनिवार को इस्लामाबाद हवाई अड्डे पर आठ बचे लोगों के अंतिम बैच के आगमन के साथ पूरी हो गई। एफओ ने आज जारी एक बयान में कहा, व्यापक सत्यापन की प्रक्रिया के बाद, 13 पाकिस्तानी नागरिकों के शवों की पहचान की गई है। चार पाकिस्तानी नागरिकों के शव सऊदी एयरलाइंस की उड़ान के जरिए पांच फरवरी को इस्लामाबाद पहुंचने वाले हैं।

# पाकिस्तान ने मनाया कश्मीर एकजुटता दिवस, भारत के खिलाफ उगला जहर

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने एक बार फिर कश्मीर का राग अलापते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भारत पर दबाव डालने का आह्वान किया है। मुल्क के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए कहा कि कश्मीर के लोगों को भी अपना भविष्य तय करने का अधिकार है। प्रधानमंत्री शहबाज ने आज पाकिस्तान में मनाए जा रहे कश्मीर एकजुटता दिवस पर अपने संदेश में कहा कि स्थानीय लोगों की वास्तविक आकांक्षाओं को दबाकर स्थायी शांति हासिल नहीं की जा सकती।डॉन समाचार पत्र ने सरकारी 'रेडियो पाकिस्तान' के हवाले से खबर दी है कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर एकजुटता दिवस पर जारी संदेश में कश्मीर पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान




आकर्षित करने की कोशिश की। शहबाज शरीफ ने कहा कि आत्मनिर्णय का अधिकार अंतरराष्ट्रीय कानून का मौलिक सिद्धांत है। हर साल, संयुक्त राष्ट्र महासभा एक प्रस्ताव अपनाती है जो लोगों के अपने भाग्य का फैसला करने के कानूनी अधिकार पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि अफसोस की बात है कि 78 साल बीत जाने के बावजूद कश्मीरी लोगों को अभी तक इस अपरिहार्य अधिकार का प्रयोग नहीं करने दिया गया। शहबाज ने कहा कि भारत ने जम्मू और कश्मीर को दुनिया के सबसे सैन्यीकृत क्षेत्रों में से एक बना दिया है। वहां कश्मीरी भय के माहौल में रह रहे हैं। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार, राष्ट्रपति जरदारी ने कहा कि यह दिन वैश्विक समुदाय को उत्पीड़ित कश्मीरी लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी की याद दिलाता है। संयुक्त राष्ट्र को 78 साल पहले कश्मीरियों से किए गए वादों का सम्मान करना चाहिए। स्पीकर चौधरी लतीफ अकबर ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आज पाकिस्तान के जम्मू-कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद का दौरा करेंगे। वह मुजफ्फराबाद स्थित विधानसभा में सदस्यों को संबोधित भी करेंगे। शरीफ छतर चौक पर शहीद स्मारक का दौरा करेंगे। थल सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर भी शहीद स्मारक में फातेहा पेश करने में प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे।

# मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता आगा खान का 88 वर्ष की आयु में निधन

**एजेंसी**

**लिस्बन (पुर्तगाल)।** स्वैच्छिक संगठन आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क (एकेडीएन) के संस्थापक आगा खान (चतुर्थ) का निधन हो गया। महज 20 साल की उम्र में दुनिया के लाखों शिया इस्माइली मुसलमानों के आध्यात्मिक नेता बनने वाले खान ने यहां 88 वर्ष की आयु में आखिरी सांस ली। आगा खान फाउंडेशन ने कहा कि उनके उत्तराधिकारी की घोषणा बाद में की जाएगी। वह अपने उत्तराधिकारी का नाम अपनी वसीयत में लिख गए हैं। एकेडीएन की वेबसाइट के अनुसार, आगा खान फाउंडेशन और इस्माइली धार्मिक समुदाय ने घोषणा की कि हिज हाईनेस प्रिंस करीब अल-हुसैनी (आगा खान चतुर्थ) और शिया इस्माइली मुसलमानों के 49वें वंशानुगत इमाम का पुर्तगाल में निधन हो गया। उन्होंने इस्माइली मुसलमानों का आध्यात्मिक नेतृत्व करने के साथ ही अरबों डॉलर की मदद से विकासशील देशों में घरों,



अस्पतालों और स्कूलों का निर्माण कराया। आगा खान ने परिवार के बीच आखिरी सांस ली। उनकी वसीयत लिस्बन में उनके परिवार और धार्मिक नेताओं की उपस्थिति में पढ़ी जाएगी। उत्तराधिकारी को उनके पुरुष वंशजों या रिश्तेदारों में से ही चुना जाता है। आगा खान के परिवार को इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद का प्रत्यक्ष वंशज माना जाता है। प्रिंस करीम आगा खान को उनके दादा ने अप्रत्याशित रूप से 1957 में अपने बेटे अली खान को दरकिनार करते हुए उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया। अपनी नियुक्ति के समय वे हार्वर्ड ग्रेजुएट थे।

आगा खान चतुर्थ ने अपना सारा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क आज 96 हजार लोगों को रोजगार देता है। वह स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आवास और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ताजिकिस्तान से लेकर कई देशों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## फिलिस्तीनी हमलावर ने किया सात इजरायली सैनिकों को घायल, हमलावर मारा गया

**एजेंसी**

**यरुशलम।** फिलिस्तीनी हमलावर ने पश्चिमी तट पर सात इजरायली सैनिकों को गोली मारकर घायल कर दिया, जिसके बाद



इजरायल के सैनिकों ने उसे मार गिराया।

# दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन

**एजेंसी**

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर और सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन भव्य और ऐतिहासिक समारोह के साथ हुआ। यह दक्षिण अफ्रीका के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुआ। इस उद्घाटन समारोह की शुरुआत 1 फरवरी (शनिवार) को एक भव्य नागर यात्रा (शोभायात्रा) से हुई, जिसमें सड़कों पर भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पवित्र मूर्तियों की झांकी निकाली। इस यात्रा में भक्तों ने भजन-कीर्तन, नृत्य, और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ उत्सव मनाया। शोभायात्रा का माहौल भक्ति, एकता और आनंद से भरपूर था। इसके बाद, 2 फरवरी (रविवार) को पवित्र मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह संपन्न हुआ। इसके साथ ही यह मंदिर आधिकारिक रूप से आध्यात्मिकता और दिव्यता का केंद्र बन गया। यह मंदिर केवल एक भौतिक संरचना नहीं, बल्कि बीएपीएस परंपरा के वर्षों की भक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। बीएपीएस की दक्षिण अफ्रीका में आध्यात्मिक यात्रा का आरंभ 20 मार्च 1960 को हुआ था, जब परम पूज्य योगीजी महाराज ने लिंपोपो नदी के तट पर खड़े होकर इस भूमि को आशीर्वाद दिया था। इस यात्रा में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सामाजिक समानता, आर्थिक स्थिरता और आध्यात्मिक उत्थान की भविष्यवाणी की थी। उनके बाद प्रमुख स्वामी महाराज ने 1974 से 2004 के बीच सात बार दक्षिण अफ्रीका की यात्रा की और भक्तों को प्रेरित किया। आज, महंत स्वामी महाराज के नेतृत्व में इस दिव्य संकल्प को साकार रूप में देखा जा रहा है। जोहान्सबर्ग का यह मंदिर बीएपीएस के 35 मंदिरों में से एक है, जो पूरे अफ्रीका में फैले हुए हैं। बीएपीएस ने विश्व भर में 1,300 से अधिक मंदिरों की स्थापना की है, जो आध्यात्मिकता, संस्कृति और सेवा के प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। यह मंदिर सिर्फ एक भव्य निर्माण नहीं, बल्कि भक्ति, त्याग और एकता का प्रतीक है। मंदिर के निर्माण में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपना समय, श्रम और संसाधन अर्पित किए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान, बीएपीएस के एक वरिष्ठ संत ने कहा कि यह मंदिर हमारे गुरुजनों की दिव्य दृष्टि और भक्तों के निस्वार्थ समर्पण का परिणाम है। यह आध्यात्मिक उत्थान, सांस्कृतिक संरक्षण और समाज सेवा का केंद्र बनेगा। बीएपीएस द्वारा निर्मित कई मंदिर आज दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। दिल्ली का अक्षरधाम मंदिर, अबू धाबी का बीएपीएस हिंदू मंदिर, लंदन का बीएपीएस मंदिर और न्यू जर्सी का अक्षरधाम मंदिर केवल स्थापत्य के अद्भुत उदाहरण नहीं, बल्कि जीवन को शांति और आनंद से भरने के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। ये मंदिर सद्गुणों पर आधारित जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए आध्यात्मिकता की ज्योति को लोगों के हृदयों में प्रज्वलित करते हैं। बीएपीएस की नींव स्वामी यज्ञ पुरुष दास जी ने रखी थी। उनके द्वारा लिखित 'लिखित शास्त्री यज्ञ पुरुष दास' ग्रंथों ने बीएपीएस के विस्तार के लिए आध्यात्मिक आधार प्रदान किया।

कौमी पत्रिका
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in
R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472
Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## समाधान शिविरों में लोग आसानी से करवा रहे शिकायतों का समाधान : एडीसी

एजेंसी

**नारनौल।** मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जिला व उपमंडल स्तर पर सभी कार्य दिवस पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आज लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि इन समाधान शिविरों के माध्यम से लोग आसानी से यहां आकर अपनी समस्या का समाधान करवा रहे हैं। लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर ही मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग समाधान शिविर में अपनी शिकायत रखकर आसानी से समाधान करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश संबंधित प्रार्थी की समस्या का हल करने में समय लग रहा है तो उसे भी उस बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर एसडीएम रमित यादव, डीएसपी हरदीप सिंह के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## तावडू में निजी स्कूल संचालकों की एसडीएम ने ली बैठक, सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के दिए निर्देश

**तावडू।** शहर के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एसडीएम संजीव कुमार व डीएसपी देवेन्द्र सिंह ने सुयक्त रूप में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी के तहत निजी स्कूल संचालकों की एक बैठक ली। बैठक में स्कूल संचालकों को निर्देशित किया गया कि सुबह व दोपहर बस चालक का बस चलाने से पूर्व अल्कोमीटर टैस्ट (शराब सेवन चैक) करवाने उपरांत ही बस को चलाए तथा स्कूल बसों को सुरक्षित ढंग से चलाए व स्कूली बच्चो को सुरक्षित ही घर तक पहुंचाए।

उन्होंने निजी स्कूल संचालकों द्वारा सही ढंग से चलाने व दिए गये दिशा निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी स्कूल संचालको को सरकार की हिदायतानुसार सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी की पालना करने के लिए भी निर्देशित किया है।

## नगराधीश ने समाधान शिविर में किया जन शिकायतों का निवारण

**गुरुग्राम ।** नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए। नगराधीश ने कहा कि हरियाणा सरकार ने आम नागरिकों की सार्वजनिक एवं सरकारी कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का त्वरित निदान करने के लिए हर रोज कार्य दिवस के दिन सुबह दो घंटे समाधान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए हुए हैं।

जिसकी अनुपालना में प्रति दिन यह शिविर लघु सचिवालय के सभागार में लगाया जाता है। सभी विभागों को उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए। आज आई नौ शिकायतों की सुनवाई करते हुए नगराधीश ने संबंधित विभाग के अधिकारी को उन पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डा. अनु, जीएमडीए के एसडीओ राजेश यादव, कुलदीप सिंह, समाज कल्याण विभाग के अन्वेषक अशोक कुमार, एटीपी कुलदीप, शिक्षा विभाग के अधीक्षक अनिल चौधरी, कर्मवीर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर कैंसर से करें बचाव: डा. वीरेंद्र यादव

**गुरुग्राम।** सिविल सर्जन एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि कैंसर के प्रति व्यक्ति को हमेशा सावधान रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या में कोई ऐसी आदत या खानपान की वस्तुएं शामिल ना करें, जिससे यह बीमारी होने की आशंका पैदा हो। वे विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से चौमा शहरी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में आयोजित जागरूकता शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की। चौमा के राजकीय विद्यालय में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जागरुकता रैली निकाली गई। डा. यादव ने कहा कि कैंसर की बीमारी हरियाणा में बढ़ती जा रही है। जिसका मुख्य कारण तंबाकू व नशीले पदार्थों का सेवन, सुस्त जीवनशैली, पैक्ड व जंक फूड का अत्यधिक प्रयोग, प्रदूषण व रासायनिक खेती प्रमुख है। इस वर्ष कैंसर जागरूकता के लिए साथ भी, खास भी (यूनाइटेड बाई यूनिक) का स्लोगन दिया गया है। जिसका अर्थ है कि हम कैंसर से लडने़ वालों के साथ खड़े हों। उनसे प्रेरणा लेकर कैंसर के प्रति सावधान रहें। डा. वीरेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी को पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए और हर रोज कम से कम आधा घंटा व्यायाम करना चाहिए। बाजार की वस्तुओं का कम से कम प्रयोग करें तथा कोई भी बीमारी हो तो नजदीकी अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवाएं। उन्होंने कैंसर के उपचारित हुए नागरिकों तथा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

## हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में लगाई ऊँची छलांग : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश ने सर्वांगीण विकास के मामले में ऊँची छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले और 2014 के बाद राज्य के हर कोने में बुनियादी ढांचे से लेकर कल्याणकारी कार्यक्रमों में बहुत ब?ा बदलाव दिखाई दे रहा है और आमजन इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से महसूस भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री आज यहां मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग भी उपस्थित थे। शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव की घोषणा के संबंध में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी निकाय चुनाव को लेकर पूर्ण तैयारी है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार आयुष्मान कार्ड योजना के तहत सभी निजी अस्पतालों को इलाज का पैसा



लगातार रिफंड कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डबल इंजन की सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज का लाभ प्रदान किया जा रहा है। हरियाणा में इस योजना के तहत अब तक लगभग 20 लाख लोग लाभान्वित हो चुके हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान वहां के लोगों ने बताया कि वे आयुष्मान कार्ड योजना के लाभ से वंचित रहे हैं। दिल्ली सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक में ही जरूरतमंद लोगों को उलझा दिया जिसमें सिर्फ फर्स्ट एड की सुविधा ही मिलती है। स्वास्थ्य जरूरत के समय अस्पताल में एडमिट होने पर दिल्ली में आयुष्मान योजना के तहत कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल ने 10 सालों में दिल्ली के लोगों को सिर्फ लॉलीपॉप देने का काम किया। दिल्ली के लोगों में वर्तमान आम आदमी पार्टी की सरकार के प्रति भारी रोष है और वह 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस रोष को निकालने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा भी की है कि आयुष्मान कार्ड योजना के तहत दिल्ली में जरूरतमंद गरीब लोगों को 10 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी।

हरियाणा पुलिस द्वारा गैंगस्टरों पर निरंतर प्रहार को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार का दायित्व लोगों को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जो गलत करेगा उसे उसका अंजाम भुगतना होगा। जो भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होंगे उनके खिलाफ पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई अमल में ले जाएगी। भ्रष्टाचार को लेकर पूछे गए एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में भ्रष्टाचार से कोई समझौता नहीं है और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एसडीएम ने ली उपमंडल स्तरीय सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की बैठक




एजेंसी

**नांगल चौधरी।** एसडीएम मनोज कुमार ने आज अपने कार्यालय में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने उपमंडल स्तर पर सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि 15 दिन के अंदर-अंदर उपमंडल में स्थित सभी निजी विद्यालयों में व्यक्तिगत रूप से जाकर स्कूल में बच्चों को लाने व ले जाने में प्रयोग किए जाने सभी वाहनों के रिकार्ड की जांच करेंगें। उन्होंने कहा कि जांच करके सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में वर्णित सभी 20 बिंदु अनुसार विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके प्रतिदिन अनुसार एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करेगें। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी निजी स्कूलों बसों पर कार्यरत ड्राईवरों की सूची लेकर 15 दिन के अंदर-अंदर सभी स्कूलों को चैक करने का प्लान व ड्राफ्ट तैयार करेंगे। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वे यदि कोई नया वाहन उक्त कार्य के लिए प्रयोग करते है तो उसकी सूचना तुरन्त जिला शिक्षा अधिकारी व उक्त कमेटी को देंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी स्कूल सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के मानदण्डों को पूरा नहीं करता तो उस पर प्रत्येक विभाग अपनी विभागीय नियमानुसार कार्यवाही करके रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें।

## रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा के अटेली ब्लॉक प्रधान भाग सिंह थानेदार बने



एजेंसी

**मंडी अटेली।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की जिला स्तरीय बैठक अटेली में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल की अध्यक्षता में हुई। अटेली बस स्टैंड अटेली के समीप हुई बैठक में चुनाव हुए जो प्रदेश अध्यक्ष व सह सचिव महेंद्र यादव की देखरेख में हुए। अटेली ब्लॉक के प्रधान तिगरा निवासी भाग सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। वरिष्ठ उपप्रधान रामौतार, उप धान धर्मपाल, कोषाध्यक्ष दरियाव सिंह, सचिव ओमप्रकाश मास्टर, सहसचिव जगदीश,प्रचार सचिव तोताराम, सलाहकार लक्ष्मीनारायण बने। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारियों की 5 प्रमुख मांगो में कैशलेस मेडिकल सुविधा, 65, 70 व 75 वर्ष बाद कम्यूटेशन 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो मेडिकल भत्ता 1 हजार से बढ़ाकर 3 हजार रुपए हो, फैमिली पेंशन को भी एलटीसी की सुविधा मिले। 9 फरवरी को नारनौल व 11 को महेंद्रगढ़ में होगी जिसमें चुनाव होंगे। बैठक में बनवारी लाल, लालाराम कंडेक्टर, भूनेश आदि रिटायर्ड कर्मी मौजूद थे।

## डीएमसी डा. आनंद कुमार शर्मा ने ली नप अधिकारियों की बैठक

एजेंसी

**नारनौल।** जिला नगर आयुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा (आईएएस) ने आज नगर परिषद कार्यालय में जिला की

- **नागरिक स्वच्छता ऐप पर भेजें गंदगी की फोटो, होगा जल्द समाधान, स्वच्छता ऐप से जुड़ी हैं सभी नगर पालिका व परिषद**

सभी नगर पालिकाओं तथा नगर परिषद के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी शहरों के विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा की गई।

डीएमसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार के निर्देश अनुसार सभी शहरों में स्वच्छता पर विशेष फोकस किया जाए। समय-समय पर जन भागीदारी के साथ भी विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि हर रोज स्वच्छता ऐप पर आने वाली शिकायतों को संबंधित अधिकारी हर रोज निराकरण करें। इसकी समीक्षा लगातार होगी।

उन्होंने नागरिकों से भी आह्वान



किया है कि जिला के शहरी क्षेत्रों में सफाई के लिए नागरिक स्वच्छता ऐप पर शिकायत दर्ज कराएं। सरकार ने स्वच्छता ऐप शुरू किया है। इस ऐप से नगर पालिका व नगर परिषद भी जुड़े हुए हैं। कोई भी नागरिक अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर से स्वच्छता ऐप को डाउनलोड कर गंदगी समेत अन्य समस्याओं की शिकायतें कर सकेंगे। समस्या का फोटो इस ऐप पर अपलोड करने से व सीधे नगर परिषद व पालिका के सफाई निरीक्षक के पास पहुंच जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में गंदगी फैलाने वालों पर भी जुर्माना लगाया जाए।

डीएमसी ने हाउस टैक्स पर जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए नगर परिषद व नगर पालिकाओं की आमदनी बढनी़ ज़रुरी है। ऐसे में तुरंत प्रभाव से हर रोज नोटिस भेजे जाएं। डिफाल्टर की सूची तैयार करें। साथ ही जिन सरकारी विभागों को बकाया है उन्हें भी टैक्स भरने के लिए लगातार पत्राचार करें।

इसके अलावा उन्होंने बैठक में पीएम स्वनिधि, डोर टू डोर कचरा उठान, स्ट्रीट लाइट, कोर्ट केस, स्वामित्व योजना, कचरा निस्तारण, अवैध निर्माण रोकने तथा सीएम अनाउंसमेंट सहित अन्य विषयों पर बारी-बारी से समीक्षा की।

इस बैठक में नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी दीपक गोयल तथा एक्सईएन सुंदर श्योराण के अलावा विभिन्न नगर पालिकाओं के सचिव व स्टाफ भी मौजूद थे।

**स्वच्छता ऐप का इस्तेमाल करने का ये है तरीका:**

गूगल प्ले स्टोर या नगर निगम की वेबसाइट से ऐप डाउनलोड करें, ऐप में अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर करें, पोस्ट ए कंप्लेंट पर क्लिक करें, शिकायत की श्रेणी चुनें, शिकायत से जुड़ी फोटो लें, फोटो के साथ-साथ, गूगल लोकेशन या मैनुअली लैंडमार्क चुनें, सबमिट करने पर, आपको एक रिफरेंस नंबर मिलेगा, शिकायत का समाधान होने पर, आपको ऐप पर सूचना मिलेगी।

## मेवात से नशे को जड़ से खत्म करने के नूंह की जनता का सहयोग सराहनीय कदमः विजय प्रताप

एजेंसी

**नूंह।** नूंह के फिरोजपुर नमक गांव में नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नूंह विजय प्रताप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर गांव में पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया गया। पुलिस अधीक्षक नूंह विजय प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि नूंह जिले में नशा मुक्त मेवात के साथ-साथ अपराध मुक्त मेवात बनाने में पुलिस विभाग का सहयोग करें । गांव-गांव में कमेटियों का गठन करें और जो लोग नशा तस्करी में या नशा करने में शामिल हैं । ऐसे लोगों के साथ - साथ अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों की भी सूचना पुलिस प्रशासन को दें। पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों से सख्ती से निपटेगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि या तो ऐसे लोग ऐसा गंदा या गलत काम छोड़ दें, वरना पुलिस ऐसे लोगों से सख्ती से पेश आएगी।बता दें कि आजकल नूंह पुलिस के द्वारा जिले भर में नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। फिरोजपुर नमक गांव में छठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद आगामी 6 फरवरी को धुलावट गांव में नशा मुक्त अभियान कार्यक्रम किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि पुस्तकालय एक ऐतिहासिक कदम है। लिहाजा अधिक से अधिक युवाओं को पुस्तकालय में आकर शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए ताकि बेहतर नतीजे सामने आ सकें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिले में अल-आफिया सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा तथा राजकीय शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में नशा मुक्त केंद्र खोले जा चुके हैं, जिनमें तकरीबन 30 बेड की व्यवस्था की गई है। अगर कोई अभिभावक अपने बच्चों का नशा छुड़वाना चाहता है तो नशा मुक्ति केंद्र में उन्हें भेजा जा सकता है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक नूंह ने यह भी कहा कि जब से ÷नशा मुक्त अभियान÷ की शुरुआत हुई है। तब से न केवल 50 फ़ीसदी नशे के मामलों में कमी आई है बल्कि यहां के जो युवा साइबर क्राइम में संलिप्त थे, उनमें भी कमी देखने को मिल रही है। अब जो अमूमन 10 - 12 प्रतिदिन साइबर फ्रॉड के लिए कॉल होती थी, वह घटकर दो से तीन तक पहुंच चुकी हैं। पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि फिरोजपुर नमक ऐतिहासिक गांव है और बहुत पहले इस गांव को सरकार ने आदर्श गांव घोषित किया था। इससे पहले भी इस गांव के लोगों ने सामाजिक बुराइयों पर रोकथाम के लिए पंचायत की है। लिहाजा अभिभावकों व बुजुर्गों को भी इस पर सख्त एक्शन लेने की जरूरत है। फिरोजपुर नमक गांव में बुराइयों को रोकने के लिए 31 सदस्यीय कमेटी का गठन कर लिया गया है और हर मस्जिद क्षेत्र में अलग से कमेटी बनाई गई है, जो रात को पहरेदारी करेगी।

## सी पी आर तकनीकी की जानकारी सभी के लिए लाभकारी

एजेंसी

**नूंह ।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में

- **सड़क पर वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों की पालना अनिवार्य : विश्राम कुमार मीणा**

जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह ने आज बुधवार को सडक़ सुरक्षा-जीवन रक्षा एवम फर्स्ट एड ज्ञान देता है जीवन दान विषयों पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घासेड़ा में जागरूकता प्रशिक्षण कराया गया। इस सेमिनार की अध्यक्षता विद्यालय की प्रिंसिपल सविता कौशिक ने की। जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने कार्यशाला के दौरान मोटर वाहन संशोधन विधेयक- 2019 की विस्तृत जानकारी दी। जिनमें मुख्यतः शराब पीकर या किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ लेकर वाहन ना चलाने,



नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों के बारे जागरूक किया। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय चालक के साथ बैठी सवारी को भी हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। वाहन चलाते हुए वाहन निर्धारित लेन में लो-हाई बीम का इस्तेमाल करते हुए चलाएं तथा ओवरस्पीड, ओवरलोड वाहन बिलकुल न चलाएं। किसी भी दुर्घटना के दौरान घायल को मौके पर एंबुलेंस पहुंचने या अस्पताल पहुंचने तक उपयुक्त प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट लगने, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्थिति में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, हार्ट के कार्य न करने तथा सांस न आने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी.पी.आर. का प्रयोगात्मक तरीका समझाया। इस सेमिनार के सफल आयोजन में अध्यापिका आबिदा बेगम, रशमी, मंजीत कुमारी, शहनाज, लीला देवी, विनोद कुमार एवं सत्य प्रकाश का काफी योगदान रहा।

## ग्रामीणों को प्रचार अभियान के माध्यम से दी जा रही सरकार के नॉन-स्टॉप विकास कार्यों की जानकारी

### सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से गांव-गांव पहुंचकर किया जा रहा सरकार की नीतियों व योजनाओं का प्रचार

एजेंसी

**नूंह ।** जिला में ग्रामीणों को सरकार की नॉन-स्टॉप विकास योजनाओं व कार्यों की जानकारी देने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में प्रचार अभियान चलाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। विभागीय भजन मंडली द्वारा प्रचार अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं व जनकल्याणकारी की जानकारी देने के साथ-साथ सामाजिक बुराईयों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

विभागीय कलाकारों ने सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. एम. पांडुरंग के नेतृत्व व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में प्रचार अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र को कवर करते हुए ग्रामीणों को हरियाणवी लोक गायन शैली में नॉन स्टॉप हरियाणा सरकार की योजनाएं व उपलब्धियां गिनाते हुए जागरूक किया। आमजन को सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं व



सेवाओं की जानकारी उनके घर द्वार तक पहुंचाना ही सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से चलाए जा रहे प्रचार अभियान का मुख्य उद्देश्य है।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेंद्र बजाड़ ने बताया कि विभाग की भजन मंडली इंडरी खंड के गांव आटा में जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दे रही है।

उन्होंने बताया कि लगातार भजन मंडली जिले के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का गीतों के माध्यम से प्रचार कर रही है। उन्होंने बताया कि लीडर करतार सिंह व सदस्य सुरेश कुमार द्वारा ग्रामीणों को नॉन स्टॉप हरियाणा सरकार की योजनाएं की जानकारी दे रहे है।

## हमारा लक्ष्य गुरुग्राम को स्वच्छ, हरित और विकसित शहर बनाना : मुकेश शर्मा

एजेंसी

**गुरुग्राम।** विधायक मुकेश शर्मा ने आज आरडी सिटी में पार्कों को अधिक सुरक्षित, सुंदर और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से नई लाइट लगाने की योजना का शुभारंभ किया। इस पहल से स्थानीय निवासियों को पार्कों में न केवल बेहतर रोशनी मिलेगी, बल्कि पार्कों में सुरक्षा भी बढ़ेगी, जिससे शाम और रात के समय टहलने वाले लोगों को अधिक सुविधा होगी। शुभारंभ के अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य गुरुग्राम को स्वच्छ, हरित और विकसित शहर बनाना है। इसी दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं, ताकि नागरिकों को एक बेहतर जीवनशैली और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।'

इस अवसर पर आरडी सिटी के स्थानीय निवासियों ने विधायक मुकेश शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्हें पगड़ी पहनाकर और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर आभार प्रकट किया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि पार्कों में लाइट लगाने की मांग उन्होंने पहले की थी और विधायक जी ने इसे शीघ्र पूरा



किया। स्थानीय निवासियों ने कहा, 'विधायक जी और उनकी टीम बस हमसे एक कॉल दूर रहते हैं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत रहते हैं। विधायक जी द्वारा पूरे गुरुग्राम में फैंसी स्ट्रीट लाइट्स और सड़कों के बीच लोहे की फेंसिंग लगाई जा रही है। उनकी सक्रियता और विकास कार्यों के प्रति समर्पण देखकर हम बहुत प्रसन्न हैं।'

## ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद धाम से एक दल प्रयागराज के लिए रवाना

**कनीना।** प्रयागराज में स्नान करने के लिए कस्बे के निकटवर्ती ग्राम धनौंदा में स्थित ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद धाम से एक दल आज रवाना हो गया जो पहले श्री राम जन्मभूमि अयोध्या वाराणसी काशी तथा प्रयाग होते हुए 6 फरवरी को श्री कृष्णानंद आश्रम में पहुंचेगा। उक्त दल की अगवाई ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद धाम की गदी पर आसीन ब्रह्मचारी संत श्री शिवानंद जी महाराज व बाबा कृष्णानंद ट्रस्ट के व्यवस्थापक कैलाश गोयल ने करते हुए श्रद्धालुओं को श्री राम की हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बोलते हुए बाबा कृष्णानंद ट्रस्ट के व्यवस्थापक कैलाश गोयल ने कहा कि संगम एक बहुत बड़ा तीर्थ स्थल है, जहां पर हमारे पूज्य गुरुजी ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद जी महाराज इस प्रकार के कुंभ में जाकर पूजा अर्चना किया करते थे। आज उन्हीं की बताई हुई बातों को ध्यान में रखते हुए हैं ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद धाम से 25 महिला एवं पुरुष दल अपने निजी वाहन से प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। वे वहां जाकर पूज्य गुरुदेव की बताई हुई पूजा अर्चना कर वापस आश्रम पहुंचेंगे। इस अवसर पर ब्रह्मचारी श्री कृष्णानंद महाराज की गदी पर आसीन परम संत शिरोमणि ब्रह्मचारी श्री शिवानंद महाराज ने दल को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयाग में लगने वाले इस प्रकार के महान कुंभ को देखने के लिए बहुत कम लोग ही भाग्यशाली होते हैं, क्योंकि 144 साल बाद इस प्रकार का महाकुंभ लगा है, जो के आगे चलकर 169 साल बाद लगेगा। इसलिए हमें अवश्य ही इस प्रकार के कुंभ में स्नान करना चाहिए और शुभ कर्म करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए, ताकि हमारा इस प्रकार के कुंभ में जाना सफल हो सके। अगर वहां जाकर भी हमने अपने जीवन के बचे हुए समय को नहीं सुधारा तो फिर हमारा कुंभ जाना ही बेकार है। उन्होंने कहा परमसंत शिरोमणि स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज यह बात कहा करते थे कि हमें अच्छे स्थान पर जाकर शुभ कर्म करने की तथा समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए अवश्य ही प्रतिज्ञा करनी चाहिए, ताकि हमारा इस प्रकार के अच्छे स्थान पर जाना सफल हो जाए।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 2025 के लिए दिए 3.764 करोड़ डॉलर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने वर्ष 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.764 करोड़ यूएस डॉलर का भुगतान किया है। इसके साथ ही वह संयुक्त राष्ट्र को उसके नियमित बजट का पूरा और समय पर भुगतान करने वाले 35 सदस्य देशों की सूची में शामिल हो गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान जारी कर बताया कि भारत ने वर्ष 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 37.64 मिलियन (3.764 करोड़) यूएस डॉलर का 31 जनवरी, 2025 को भुगतान किया है। इससे वह उन 35 सदस्य देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र को अपने नियमित बजट का पूरा और समय पर भुगतान किया है। स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को प्रेस ब्रीफिंग में उन देशों के नाम बताते हुए कहा, ''हम भारत में अपने मित्रों को धन्यवाद देते हैं।'' भारत लगातार उन देशों में शामिल रहा है, जो संयुक्त राष्ट्र के बजट में अपना अंशदान समय पर और पूर्ण रूप से अदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, 31 जनवरी, 2025 तक 35 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र वित्तीय विनियमों में निर्दिष्ट 30-दिवसीय नियत अवधि के भीतर अपने नियमित बजट मूल्यांकन का पूरा भुगतान कर दिया है।

## डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर का शेयर एनएसई पर सपाट और बीएसई पर मानइस में हुआ लिस्ट

**नई दिल्ली।** डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड (डीएएचसीएल) के शेयरों की स्टॉक एक्सचेंज पर सपाट शुरुआत हुई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर डीएएचसीएल कंपनी का शेयर इश्यू प्राइस 402 रुपये पर लिस्ट हुआ। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर शेयर इश्यू प्राइस से 1.27 फीसदी नीचे 396.90 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। डॉ. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड के आईपीओ का मूल्य 302.7.26 करोड़ रुपये है। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 29 से 31 जनवरी तक खुला रहा था। आईपीओ का मूल्य दायरा (प्राइस बैंड) 382-402 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। आईपीओ तीन कारोबारी दिनों में कुल 1.49 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ को 5.35 करोड़ शेयरों की पेशकश के मुकाबले 7.98 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। कंपनी का यह इश्यू कुल 3,027.26 करोड़ रुपये का था। इसके लिए कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए 2,727.26 करोड़ रुपये के 6,78,42,284 शेयर बेचे। वहीं, कंपनी 300 करोड़ रुपये के 74,62,686 फ्रेश शेयर जारी किए। इस इश्यू के लिए खुदरा निवेशक अधिकतम 490 शेयर और एक लॉट में 35 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते थे।

## साउथ इंडियन बैंक ने स्टार्टअप्स के लिए लॉन्च किए विशेष चालू खाते

**कोच्चि।** भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के उद्देश्य से निजी क्षेत्र के साउथ इंडियन बैंक (एसआईबी) ने दो विशेष स्टार्टअप चालू खाते बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता और कॉर्पोरेट स्टार्टअप चालू खाता लॉन्च किए हैं। बैंक ने बयान जारी कर बताया कि यह पहल उन उद्यमियों को समर्थन देने के लिए की गई है, जो अपने व्यवसाय की शुरुआत कर रहे हैं और वित्तीय स्थिरता के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। एसआईबी बिजनेस स्टार्टअप चालू खाता मुख्य रूप से एकल स्वामित्व और साझेदारी फर्मों के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे वे अपने शुरुआती वर्षों में एक मजबूत बैंकिंग आधार बना सकें। इस खाते का योग्य होने के लिए संबंधित फर्म की निगमन या पंजीकरण तिथि तीन साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। इन खातों में कई अनूठी विशेषताएं शामिल हैं जैसे तीन वर्षों तक शून्य न्यूनतम बैलेंस की आवश्यकता, डिजिटल चैनलों के माध्यम से असीमित मुफ्त आरटीजीएस-एनईएफटी लेनदेन, प्रीमियम डेबिट कार्ड, जो हवाईअड्डे के लाउंज एक्सेस जैसी विशेष सुविधाएं प्रदान करता है। एसआईबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पी.आर. शेषाद्रि ने लॉन्च के मौके पर कहा, साउथ इंडियन बैंक में हम स्टार्टअप्स और उद्यमियों की अनूठी वित्तीय आवश्यकताओं को समझते हैं।

## शार्प बिजनेस सिस्टम ने एनईसी इंडिया के डिस्प्ले कारोबार को खरीदा

**नयी दिल्ली।** भारत के डिस्प्ले प्रौद्योगिकी परिदृश्य के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत शार्प बिजनेस सिस्टम (इंडिया) ने गर्व के साथ एनईसी इंडिया के डिस्प्ले बिजनेस के अधिग्रहण की घोषणा की है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते एक विज्ञप्ति में कहा कि उसकी यह पहल एकीकरण शार्प के विजुअल समाधान पोर्टफोलियो को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाता है, जो भारत के तेज़ी से बढ़ते डिस्प्ले बाज़ार के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और खुदरा, शिक्षा, विमानन, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और स्मार्ट शहरों जैसे प्रमुख क्षेत्रों को सशक्त बनाता है। शार्प बिजनेस सिस्टम्स ने कहा है कि वह नवाचार के माध्यम से भारत के गतिशील क्षेत्रों में बेजोड़ मूल्य प्रदान करने और 24/7 संचालन के साथ उद्योगों का समर्थन करने के लिए तैयार है। विज्ञप्ति में कहा गया है, यह विलय शार्प और एनईसी दोनों के मौजूदा भागीदारों के लिए उत्पाद पोर्टफोलियो को समृद्ध करता है, जो विविध उद्योग आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार उच्च-प्रदर्शन समाधानों का एक व्यापक सूट प्रदान करता है।

# मप्र में बनेंगे 10 लाख पीएम आवास (शहरी), कैबिनेट ने ड्रोन संवर्धन और सेमी कंडक्टर नीति को भी दी मंजूरी

एजेंसी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई अहम निर्णय लिए गए। कैबिनेट ने प्रदेश में 10 लाख प्रधानमंत्री आवास शहरी बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके अलावा हुकुमचंद मिल इंदौर की भूमि हाउसिंग बोर्ड को दी जाएगी। अंतरिक्ष रजिस्ट्री में 19 करोड़ रुपये लगेंगे। हाउसिंग बोर्ड आवासीय और व्यावसायिक भूमि का उपयोग करेगा। लागत निकालने के बाद नगर निगम इंदौर और हाउसिंग बोर्ड के बीच आधा-आधा लाभांश बंटेगा। इसके साथ ही ड्रोन संवर्धन और सेमी कंडक्टर नीति को भी मंजूरी दी गई है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बताया कि राज्य सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल की 17.52 हेक्टेयर जमीन पर कॉमर्शियल और रेसीडेंशियल आवास निर्माण के साथ बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण को मंजूरी दी है। हुकुमचंद मिल के लिए त्रिपक्षीय समझौते के आधार पर काम किया जाएगा। सरकार इस प्रोजेक्ट में ग्रीनरी पर खास फोकस करेगी। इस मिल की 450 करोड़ रुपये की देनदारी सरकार दे चुकी है। नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने अपनी जापान की पांच दिन की यात्रा के अनुभव मंत्रियों के साथ साझा किए। इस दौरान जापान की संस्कृति पर चर्चा हुई। साथ ही मुख्यमंत्री ने भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में जापान द्वारा किए जाने वाले संभावित निवेश की जानकारी दी। बैठक में जीआईएस की तैयारियों से जुड़ी कई नीतियों को मंजूरी दी गई।

नगरीय विकास मंत्री ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का जापान भी पार्टनर है। उन्होंने बताया कि भोपाल-इंदौर के बीच मेट्रो रेल प्रौद्योगिकी, स्मार्ट सिटी, शहरी विकास प्लानिंग पर जापान ने सहमति दी है। साथ विशेष चैनल स्थापित करने, हाईस्पीड ट्रेन कॉरिडोर, स्मार्ट ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर जापान सहयोग करेगा। कपास से कपड़े और उससे रेडीमेड गारमेंट बनाने में भी जापान सहयोगी बनेगा। उज्जैन मेडिकल पार्क में यूनिट लगाने, ईवी मैन्युफैक्चरिंग में भी जापान ने सहमति दी है। नई उत्पादन लाइन में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया है।

उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की मध्य प्रदेश सेमी कंडक्टर नीति 2025 को मंजूरी दे दी है। इस नीति में इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा देने पर जोर होगा। कई राज्यों की पॉलिसी का अध्ययन करने के बाद यह नीति बनाई गई है। जीआईएस में दो हजार करोड़ तक का निवेश हो सकता है। रोजगार ज्यादा नहीं मिलता, लेकिन एक ईको सिस्टम तैयार होता है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना नौकरी नहीं, अनुभव के लिए : वित्त मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले साल घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य नौकरियां प्रदान करना नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करने और उन्हें कौशल प्रदान करना था।

उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप या एक्सपोजर प्राप्त करने की अनुमति देना चाहती है। इसके बाद वे नौकरी की तलाश में बेहतर स्थिति में होंगे। वित्त मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान राज्य सभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सदन को बताया कि पिछले साल शुरू हुई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत उद्योगों ने 1.27 लाख अवसर प्रदान किए हैं। फिर संभावित उम्मीदवारों से आवेदन करने के लिए कहा गया और उसके बाद उन्हें अपने राज्य के भीतर चयन करने का अवसर प्रदान किया गया।

उन्होंने कहा कि दूसरा पायलट प्रोजेक्ट इस साल जनवरी से शुरू हुआ है। करीब 80 और कंपनियां ऑफर लेकर आई हैं। देश के सभी जिलों में इस कार्यक्रम के तहत 743 से अधिक जिलों में युवाओं को नौकरी दिलाने में सफलता मिली है। सीतारमण ने सदन को बताया कि सरकार बहुत सारे जागरुकता अभियान चला रही है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत समय दे रही है कि ज्यादा से ज्यादा युवा इस बारे में जानें।

## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में पतंजलि करेगा 1600 करोड़ का निवेश, 3000 को मिलेगा रोजगार

एजेंसी

**हरिद्वार।** उद्योग जगत में तेजी से विस्तार कर रहे पतंजलि समूह ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में विस्तार की नई योजना बनाई है। इस संबंध में पतंजलि समूह के प्रमुख आचार्य बालकृष्ण ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक प्राधिकरण के अधिकारियों से पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क सहित अन्य योजनाओं पर चर्चा की।प्रस्तावित पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क में एक अत्याधुनिक डेयरी प्लांट और औद्योगिक प्रमोशन हब स्थापित किया जाएगा। इससे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से प्रारंभ की जाएगी और कार्यशील होने पर यहां 3,000 से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' अभियान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के %इन्वेस्ट यूपी% मिशन के दृष्टिगत तैयार की गई है। पतंजलि ग्रुप यमुना एक्सप्रेस वे पर पहले से ही एक औद्योगिक पार्क विकसित कर रहा है, जिसमें छोटे और मध्यम



आकार के उद्योगों को सब-लीज के माध्यम से औद्योगिक स्पेस उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रस्तावित फूड एंड हर्बल पार्क इस पहल को और मजबूती देगा, जिससे एफएमसीजी, आयुर्वेद, डेयरी और हर्बल उद्योगों को स्थापित और विकसित होने का अवसर मिलेगा। औद्योगिक पार्क के दौरे के बाद आचार्य बालकृष्ण यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय पहुंचे और प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। अरुणवीर सिंह ने कहा कि यह परियोजना यमुना प्राधिकरण की स्थिति को उत्तर भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में मजबूती प्रदान करेगी। बुनियादी ढांचे, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास पर केंद्रित यह पहल नए निवेश आकर्षित करेगी, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देगी और उत्तर प्रदेश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान करेगी। अरुणवीर सिंह ने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं को समर्थन देना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना यमुना प्राधिकरण की प्राथमिकता है।

## कपड़ा मंत्रालय ने तकनीकी वस्त्र क्षेत्र की चार स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा सचिव नीलम शमी राव ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत 10वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक में चार स्टार्ट-अप को मंजूरी दे दी। कपड़ा मंत्रालय ने बताया कि उद्योग भवन में केंद्रीय कपड़ा सचिव की अध्?यक्षता में हुई एक बैठक में समिति ने तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में आकांक्षी नवोन्मेषकों के लिए अनुसंधान एवं उद्यमिता अनुदान (जीआरईएटी) योजना के तहत प्रत्येक को लगभग 50 लाख रुपये की सहायता के साथ चार स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है। यह स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाएं मेडिकल टेक्सटाइल्स, औद्योगिक टेक्सटाइल्स और सुरक्षात्मक टेक्सटाइल्स के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।

मंत्रालय ने बताया कि समिति ने सामान्य दिशा-निर्देशों के तहत तकनीकी वस्त्रों में पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए तीन शैक्षणिक संस्थानों को लगभग 6.5 करोड़ रुपये के अनुदान की भी मंजूरी दी। आईआईटी इंदौर और एनआईटी पटना इन संस्थानों में शामिल है। नए मंजूरी दी है। ये सभी पाठ्यक्रम तीन वस्त्र अनुसंधान संगठन-दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एसआईटीआरए), उत्तरी भारत



संस्थान अपने पाठ्यक्रम में जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स, प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स, स्पोर्ट्स टेक्सटाइल्स आदि शामिल करेंगे। इसके अलावा समिति ने मेडिकल टेक्सटाइल्स, प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स, मोबाइल टेक्सटाइल्स और एग्रीकल्चर टेक्सटाइल्स में 12 कौशल विकास पाठ्यक्रमों को भी वस्त्र अनुसंधान संघ (एनआईटीआरए) और सिंथेटिक एवं आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन (एसएएसएमआईआरए) ने विकसित किए गए हैं। इनका उद्देश्य तकनीकी वस्त्र मूल्य शृंखला के सभी केंद्रित समूहों को प्रशिक्षित करना है।

## ट्रंप के जवाब में चीन ने अमेरिका से आयायित कोयला और गैस आयात पर 15 फीसदी टैरिफ लगाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीजिंग से आयातित वस्तुओं पर 10 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद अब चीन ने भी कई अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है। इसके बाद विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच पुनः व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लागू कर रहा है। चीन की सरकार ने कहा है कि वह कोयला और तरलीकृत प्राकृतिक गैस उत्पादों पर 15 फीसदी टैरिफ लागू करेगी। साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़े विस्थापन वाली कारों पर 10 फीसदी टैरिफ लागू रहेगा। चीन के स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन फॉर मार्केट रेगुलेशन ने कहा कि वह गूगल पर एंटीट्रस्ट कानूनों के उल्लंघन के संदेह में जांच कर रहा है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका की एकतरफा टैरिफ वृद्धि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन है। यह न



केवल उनकी अपनी समस्याओं को हल करने में मददगार नहीं है, बल्कि चीन और अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को भी नुकसान पहुंचाता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन पर लगाया गया 10 फीसदी टैरिफ मंगलवार से लागू होना था। हालांकि, ट्रंप ने अगले कुछ दिनों में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करने की योजना बनाई है।

## 24 कैरेट सोना 85 हजार पार, 22 कैरेट ने लगाई 78 हजार के ऊपर छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो दिन की मामूली गिरावट के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने की कीमत मे जोरदार तेजी नजर आ रही है। इस तेजी के कारण 24 कैरेट सोना 85 हजार रुपये के स्तर को और 22 कैरेट सोना 78 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। सोना आज 1,070 रुपये से लेकर 1,170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई इस उछाल के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 85,210 रुपये से लेकर 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 78,110 रुपये से लेकर 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। हालांकि चांदी की कीमत में आज 900 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 98,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना



85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 85,260 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 78,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 85,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 78,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 85,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 85,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 78,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत टेक्स 2025 वैश्विक कपड़ा महाशक्ति बनने की भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण: कपड़ा सचिव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा सचिव नीलम शमी राव ने भारत टेक्स 2025 के आयोजन में वस्त्र उद्योग निकायों के सक्रिय प्रयासों की सराहना की। इसे अब तक का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक वस्त्र आयोजन बताते हुए उन्होंने वस्त्र निर्यात संवर्धन परिषदों और अन्य उद्योग निकायों की प्रतिबद्धता की सराहना की, जिन्होंने वस्त्रों की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को भारत टेक्स के अंतर्गत लाने के लिए अथक प्रयास किया। उद्योग भवन में भारत टेक्स 2025 ऐप और वेबसाइट के लॉन्चिंग के मौके पर कपड़ा सचिव ने अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत टेक्स एक विश्वसनीय, सतत सोर्सिंग गंतव्य के साथ-साथ वस्त्रों के लिए बड़े पैमाने पर निवेश गंतव्य के रूप में भारत के आकर्षण की पुष्टि




करेगा। उन्होंने कहा कि पूरा आयोजन वैश्विक वस्त्र महाशक्ति बनने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वस्त्र मंत्रालय समर्थित और 11 प्रमुख वस्त्र उद्योग निकायों की ओर से आयोजित भारत टेक्स 2025, भारत के वस्त्र क्षेत्र की विविधता, पैमाने और क्षमता को प्रदर्शित करने वाला एक ऐतिहासिक कार्यक्रम है। 2.2 मिलियन वर्ग फीट के क्षेत्र में फैले इस कार्यक्रम में 5 हजार से अधिक प्रदर्शकों, 120 देशों के 6 हजार अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और 1,20,000 से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है। इस कार्यक्रम में 70 से अधिक सम्मेलन सत्र, गोलमेज सम्मेलन और मास्टर कक्षाएं भी होंगी, जिनमें करीब 100 अंतरराष्ट्रीय वक्ता चर्चा करेंगे। भारत टेक्स 2025 अपने पहले संस्करण से भी बेहतर प्रदर्शन करने जा रहा है, जिसमें नए फीचर शामिल किए गए हैं। इसका दायरा बढ़ाया गया है। यह आयोजन 14 से 17 फरवरी, 2025 तक भारत मंडपम, राजधानी नई दिल्ली में और 12 से 15 फरवरी, 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में होगा।

# कर राहत से उपभोग, निवेश और वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा : तुहिन कांत पांडेय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त सचिव और राजस्व विभाग सचिव तुहिन कांता पांडे ने कहा कि कराधान सुधार केंद्रीय बजट 2025-26 की एक प्रमुख विशेषता है, क्योंकि इसका अर्थव्यवस्था के बाकी हिस्सों पर प्रभाव पड़ता है। इसको पहली बार बजट के भाग-ए में शामिल किया गया है।

भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचेम) के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्?होंने कहा कि बजट बनाना विभिन्न अनिवार्यताओं को संतुलित करना है और कभी भी खंडों में अभ्यास नहीं करना है। वित्त सचिव ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में व्यक्तिगत आयकर में 20-25 फीसदी की वृद्धि हुई है। वित्त सचिव ने कहा कि सरकार ने राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए कदम उठाते हुए ऐसा केंद्रीय बजट पेश किया है, जिससे अवसर और स्वैच्छिक अनुपालन का माहौल बनाने की जरूरत है। उच्च स्तर का कराधान प्रतिकूल है, और



महंगाई नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें आय सृजन के लिए व्यापक हमने करों में वृद्धि न करने का साहसिक कदम उठाया है।

## होमएक्सचेंज ने भारत में शुरू किया परिचालन

**नई दिल्ली ।** फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थित होम-शेयरिंग सेवा प्रदाता कंपनी होमएक्सचेंज ने मंगलवार को भारत में आधिकारिक रूप से अपना परिचालन शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान जारी कर बताया कि यह प्लेटफॉर्म भारतीय यात्रियों को प्रामाणिक, किफायती और टिकाऊ तरीके से दुनिया की खोज करने का अवसर प्रदान करता है।होमएक्सचेंज दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे भरोसेमंद होम-स्वैपिंग समुदाय है, जो यात्रियों को बिना किसी आवास शुल्क के यात्रा करने की सुविधा देता है। इस प्लेटफॉर्म के जरिए सदस्य अपने घरों की अदला-बदली कर सकते हैं, जिससे यात्रा की सबसे बड़ी लागतपूरी तरह समाप्त हो जाती है। 155 देशों में उपलब्ध यह सेवा, मेजबान और अतिथि के बीच किसी भी वित्तीय लेन-देन के बिना, यात्रियों को एक सुलभ और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करती है। होमएक्सचेंज के सह-संस्थापक चार्ल्स-एडौर्ड गिरार्ड ने कहा, 'हम भारत में होमएक्सचेंज लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं। यह एक ऐसा बाजार है जो सुरक्षित और प्रामाणिक यात्रा अनुभवों को महत्व देता है। हमारा उद्देश्य सिर्फ रहने के स्थान उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि लोगों और संस्कृतियों को जोड़ने का भी है।उन्होंने बताया कि दो लाख 10 हजार से अधिक सदस्यों और हर मिनट एक नए एक्सचेंज को अंतिम रूप देने के साथ होमएक्सचेंज एक सुरक्षित और सत्यापित सदस्य-आधारित समुदाय प्रदान करता है। कंपनी अपने सदस्यों को 10 लाख डॉलर तक की संपत्ति क्षति कवरेज की भी गारंटी देती है।

# टैरिफ वॉर टलने से स्टॉक मार्केट में उत्साह का माहौल, सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जोरदार छलांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गिरावट के बाद आज घरेलू शेयर बाजार शानदार तेजी का गवाह बना। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मेक्सिको और कनाडा पर लगाए जाने वाले एक्स्ट्रा टैरिफ को अस्थाई रूप से टालने का ऐलान करने के कारण दुनिया भर के स्टॉक मार्केट में आज उत्साह का माहौल बना रहा। ग्लोबल सपोर्ट के कारण घरेलू शेयर बाजार ने भी आज जोरदार तेजी दिखाई। इंट्रा-डे में सेंसेक्स 1,471 अंक और निफ्टी 401 अंक तक उछल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.81 प्रतिशत और निफ्टी 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिनभर के कारोबार के दौरान एफएमसीजी को छोड़ कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। आज के कारोबार में एफएमसीजी इंडेक्स 0.13 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गया। दूसरी ओर बैंकिंग, आईटी, कैपिटल गुड्स और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज दिनभर जोरदार खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर, ऑयल ऐंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉल कैप इंडेक्स ने 1.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने छह लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 425.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.54 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.70 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,073 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,511 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,407 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 155 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,561 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,797 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 764 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर बढ़त के साथ और 5 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 500.86 अंक उछल कर 77,687.60 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव भी होता रहा। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक सुबह 11 बजे के थोड़ी देर पहले गिर कर 77,402.37 अंक तक आ गया, लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा खरीदारी शुरू हो गई। इस खरीदारी की वजह से सेंसेक्स की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 1,471.85 अंक उछल कर 78,658.59 अंक तक पहुंच गया।

# प्रेग्नेंसी में महिलाओं में क्यों हो जाती है खून की कमी Dr. Tank से जानें एनीमिया की वजह और बेस्ट ट्रीटमेंट



**प्रेग्नेंसी में कई महिलाएं एनीमिया का शिकार हो जाती हैं, जिसका असर उनके गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी पड़ता है. आखिर गर्भावस्था में महिलाओं के शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी क्यों हो जाती है**

प्रेग्नेंसी महिलाओं के लिए काफी चैलेंजिंग होती हैं, क्योंकि इसमें शरीर में कई तरह के बदलाव होते हैं. गर्भावस्था में कई महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है और इससे वे एनीमिया का शिकार हो जाती हैं. हीमोग्लोबिन हमारे शरीर के सभी अंगों तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है और शरीर में इसकी कमी होने से कई समस्याएं पैदा हो सकती हैं. सवाल है कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होने की क्या वजह होती हैं और इसका क्या ट्रीटमेंट होता है? चलिए इस बारे में डॉक्टर से जरूरी बातें जान लेते हैं.

मुंबई के अश्विनी मैटरनिटी एंड सर्जिकल हॉस्पिटल के सीनियर गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. जयदीप डी टैंक ने News18 को बताया कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया की समस्या देखने को मिलती है. इसकी 2 बड़ी वजह होती हैं. पहला शरीर में फिजियोलॉजिकल बदलाव होना. गर्भावस्था में महिलाओं के खून में प्लाज्मा और फ्लूड बढ़ जाता है, जबकि रेड ब्लड सेल्स (RBC) में बढ़ोतरी इनके मुकाबले कम होती है. इससे हीमोडायल्यूशन की कंडीशन बन जाती है और इससे एनीमिया हो जाता है. दूसरी वजह है कि प्रेग्नेंसी में शरीर का आयरन स्टोर खत्म होने लगता है. डाइट से भरपूर आयरन न मिले, तो एनीमिया हो जाता है.डॉक्टर ने बताया कि कई महिलाओं में प्रेग्नेंसी से पहले ही हीमोग्लोबिन की कमी होती है और गर्भावस्था की वजह से यह समस्या बढ़ जाती है. प्रेग्नेंसी में आयरन डिफिशिएंसी एनीमिया सबसे कॉमन होता है. इतना ही नहीं, प्रेग्नेंसी के बिना भी आयरन की कमी से महिलाओं में एनीमिया हो जाता है. प्रेग्नेंसी में हीमोग्लोबिन लेवल कम हो जाए, तो बच्चे तक सही मात्रा में पोषक तत्व नहीं पहुंच पाते हैं और उनकी ग्रोथ प्रभावित होती है. इसके अलावा प्रीमेच्योर डिलीवरी हो सकती है. कई महिलाओं को डिलीवरी के टाइम ब्लीडिंग हो जाती है, जिसे पोस्टपार्टम हैमरेज (PPH) कहा जाता है.गायनेकोलॉजिस्ट के मुताबिक अगर कोई महिला एनीमिक है, तो [illegible] से उसकी कंडीशन गंभीर हो सकती है. पोस्टपार्टम हैमरेज की वजह से कई महिलाओं की मौत भी हो जाती है. हालांकि ऐसा नहीं है कि सभी एनीमिक महिलाओं को डिलीवरी के समय यह हैमरेज हो, लेकिन अगर एनीमिया है, तो PPH को टॉलरेट नहीं कर पाती हैं और कंडीशन बिगड़ जाती है. पिछले कुछ सालों में इसके मामले में तेजी से सुधार आ रहा है. प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को हीमोग्लोबिन का खास खयाल रखना चाहिए, ताकि एनीमिया की कंडीशन पैदा न हो. हीमोग्लोबिन सही रहेगा, तो कॉम्प्लिकेशन का रिस्क कम होगा.डॉक्टर टैंक ने बताया कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया से राहत पाने के लिए महिलाओं को अपनी डाइट पर विशेष ध्यान देना चाहिए. आयरन से भरपूर फूड्स लेने से हीमोग्लोबिन लेवल बेहतर बना रह सकता है. अगर डाइट से आयरन की कमी दूर नहीं हो रही है, तो इस कंडीशन में डॉक्टर आयरन सप्लीमेंट्स का सुझाव देते हैं. आयरन के सप्लीमेंट्स लेने से कई महिलाओं को कॉन्स्टिपेशन की समस्या होने लगती है .

# क्या होगा तेरा री दिल्ली



हैरानी नहीं होनी चाहिए कि कांग्रेस के पूरे मन से नहीं भी तो, आधे से ज्यादा मन से यह चुनाव लड़ने के पीछे, मतदाताओं के इस हिस्से का रिस्पांस भी हो। विडंबना यह है कि मतदाताओं के इसी हिस्से का रिस्पांस, कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के विपरीत आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव न लड़कर, दोनों के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के चुनावी निहितार्थ को लेकर भाजपा को दुविधा में डालता है। सरल चुनावी गणित यह कहता है कि लोकसभा के चुनाव में मिलकर लड़ीं आप पार्टी और कांग्रेस के अलग-अलग और वास्तव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने से, भाजपा का ही रास्ता आसान होना चाहिए।

अब जबकि दिल्ली में चुनाव प्रचार थम चुका है और कम से कम सैद्धांतिक रूप से मतदाताओं को विवेकपूर्ण तरीके से अपना मन बनाने देने के लिए, %%प्रचार शांति%% के घंटे शुरू हो चुके हैं, एक बात पूरे यकीन के साथ कही जा सकती है कि इस बार का चुनाव आम आदमी पार्टी के लिए दिल्ली के 2013 के उसके पहले चुनाव को छोड़कर, सबसे मुश्किल विधानसभाई चुनाव साबित होने जा रहा है। ऐसा होने के दो स्वतःस्पष्ट कारणों की तो अधिकांश टीकाकारों ने चर्चा की है और उनका काफी कुछ विश्लेषण भी हुआ है। इनमें पहला कारण तो किसी हद तक नये जोश के साथ, कांग्रेस का पार्टी का लगभग सभी विधानसभाई सीटों पर उतरना और मुकाबले को किसी न किसी हद तक तिकोना बना देना ही है।बेशक, कांग्रेस पार्टी के सरकार बनाने के दावे को दिल्ली के मतदाताओं ने बहुत गंभीरता से लिया हो, ऐसा नजर तो नहीं आता है। इसमें शक नहीं कि चुनाव प्रचार के दौरान, खासतौर पर आम आदमी पार्टी की सरकार से असंतुष्ट मतदाताओं के एक गौरतलब हिस्से में, दिल्ली में लंबे अर्से तक रही कांग्रेस की शीला दीक्षित की सरकार के दौर के प्रति आकर्षण दिखाई दिया है। लेकिन, इससे इसका अनुमान तो लगाया जा सकता है कि कांग्रेस, दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार से असंतुष्ट मतदाताओं के एक हिस्से को अपनी ओर खींचने में समर्थ है, लेकिन यह सोचना कांग्रेस के पक्ष में बहुत ही आशावादी होना होगा कि कांग्रेस, इस चुनाव में मुख्य मुकाबले में आ सकती है।हैरानी नहीं होनी चाहिए कि कांग्रेस के पूरे मन से नहीं भी तो, आधे से ज्यादा मन से यह चुनाव लड़ने के पीछे, मतदाताओं के इस हिस्से का रिस्पांस भी हो। विडंबना यह है कि मतदाताओं के इसी हिस्से का रिस्पांस, कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के विपरीत आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव न लड़कर, दोनों के स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के चुनावी निहितार्थ को लेकर भाजपा को दुविधा में डालता है। सरल चुनावी गणित यह कहता है कि लोकसभा के चुनाव में मिलकर लड़ीं आप पार्टी और कांग्रेस के अलग-अलग और वास्तव में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ने से, भाजपा का ही रास्ता आसान होना चाहिए।

याद रहे कि 2024 के लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस ने, चार और तीन सीटों के फार्मूले के आधार पर समझौता कर चुनाव लड़ा था और इसमें सभी सात सीटों पर इंडिया गठबंधन की हार और भाजपा की जीत के बावजूद, इंडिया गठबंधन के पक्ष में कुल 43.3 फीसद वोट पड़े थे, जो 2019 के चुनाव में अलग-अलग लड़कर दोनों पार्टियों को मिले वोट से 2.5 फीसद की बढ़ोतरी को दिखाता था, जबकि भाजपा 54.7 फीसद वोट हासिल करने में कामयाब रही थी और उसके वोट में 2019 के लोकसभा चुनाव के जैसे ही नतीजे के बावजूद, 2.2 फीसद वोट की कमी हुई थी। इसी प्रकार, 2024 में भाजपा को कुल 54 विधानसभाई सीटों पर बढ़त हासिल हुई थी, जबकि 2019 के चुनाव में उसे पूरी 65 सीटों पर बढ़त हासिल हुई थी। दूसरी ओर, इस बार आप को कुल 10 और कांग्रेस को 8 विधानसभाई सीटों पर बढ़त हासिल हुई थी। सरल गणित के हिसाब से तो कांग्रेस और आप पार्टी के अलग-अलग चुनाव लड़ने से, भाजपा की संभावनाएं ही बेहतर हो सकती हैं।लेकिन, जैसाकि हमने पीछे कहा, कांग्रेस पार्टी में कुछ जान पड़ने के उक्त संकेत, भाजपा को चुनाव नतीजों पर इसके असर को लेकर दुविधा में भी डालते हैं। इसका संबंध आम आदमी पार्टी की धमाकेदार एंट्री के बाद के दिल्ली के विशिष्ट चुनावी इतिहास से है। 2013 के चुनाव में जब पहली बार दिल्ली की चुनावी राजनीति में आप की धमक सुनायी दी थी और मतदाताओं के लगभग बराबर के त्रिपक्षीय विभाजन में, 28 सीटों तथा करीब 28 फीसद ही वोट के साथ, दूसरे नंबर पर रही आप पार्टी ने, भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के सिद्धांत के आधार पर कांग्रेस द्वारा दिए गए समर्थन के बल पर एक अल्पजीवी सरकार बनायी थी। कांग्रेस, करीब 24 फीसद वोट के साथ, 8 सीटों पर सिमट गयी थी, जबकि भाजपा 31 फीसद वोट के साथ 31 ही सीटें लेकर विपक्ष में बैठने पर मजबूर हो गयी थी। उस चुनाव से ही यह स्पष्ट था कि कांग्रेस के वोट का ही बड़ा हिस्सा आप को मिला था, जबकि भाजपा अपना परंपरागत वोट बनाए रखने में कामयाब रही थी। उसके बाद, 2015 और 2020 के चुनावों में कांग्रेस का वोट उत्तरोत्तर बैठते हुए, 4 फीसद पर पहुंच गया और उसकी सीटें शून्य पर आ गयीं, जबकि आप का मत फीसद 2020 के चुनाव में 54 फीसद से ऊपर निकल गया। इस ध्रुवीकरण में भी भाजपा अपने वोट में बहुत मामूली बढ़ोतरी ही कर पायी थी, जिसका अर्थ यह भी था कि कांग्रेस का वोट मुख्यतः आप पार्टी की ओर ही गया था। ऐसी स्थिति में कांग्रेस के पुराने वोट का जितना भी हिस्सा उसकी ओर वापस लौटता है, वह आप पार्टी का ग्राफ नीचे लाने का और तुलनात्मक रूप से भाजपा की स्थिति मजबूत करने का काम कर सकता है।लेकिन, दिल्ली की चुनावी राजनीति की विशिष्टता को हम पूरी तरह से तब तक नहीं समझ पाएंगे, जब तक हम पिछले दो विधानसभाई तथा दो लोकसभाई चुनावों में सामने आयी एक अनोखी चुनावी परिघटना को हिसाब में नहीं लेंगे। इस परिघटना का संबंध, इस शहर राज्य के मतदाताओं के चयन के अनोखेपन से है, जिन्होंने लगातार और बहुत ही निर्णायक तरीके से, लोकसभा चुनाव में मोदी के पक्ष में और विधानसभा चुनाव में केजरीवाल के पक्ष में वोट दिया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में अगर दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटें भाजपा की झोली में गयीं, तो उसके नौ महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में आप पार्टी ने झाड़ू फेर दी और सत्तर में से 67 सीटें जीत लीं। 2019 के लोकसभा और 2020 के विधानसभा चुनाव में भी करीब ज्यों का त्यों वही पैटर्न दोहराया गया और लोकसभा में भाजपा और विधानसभा में आप को झाड़ूमार कामयाबी मिली। 2024 के लोकसभा चुनावों में वही पैटर्न दोहराए जाने के बाद, अब पूछा जा रहा है कि क्या 2025 के विधानसभा चुनाव में भी वही पैटर्न नहीं दोहराया जाएगा?

बहरहाल, इस पैटर्न के अंदर हो रहा एक बदलाव भी गौर करने वाला है। पहली बार जब यह पैटर्न सामने आया था, तब चुनावी विश्लेषणों में यह रेखांकित किया गया था कि दिल्ली के करीब 40 फीसद मतदाता ऐसे थे, जिन्होंने लोकसभा के लिए भाजपा को और विधानसभा के लिए आप को बेहतर च्वाइस माना था। इन चुनावों के दूसरे चक्र में भी यह पैटर्न बहुत हद तक बरकरार तो रहा था, लेकिन इसका प्रभाव कुछ घट गया था। 2019 और 2020 के चुनावों में 35 फीसद करीब मतदाताओं ने ही इस तरह का विवेक दिखाया था। हैरानी की बात नहीं होगी कि इस बार, यह अनुपात कुछ और घट जाए।

बहरहाल, यह मानने का खास कारण नहीं है कि आप के लिए इस अनुपात में सारी गिरावट भाजपा के ही हिस्से में जाएगी। फिर भी, चाहे इस गिरावट का बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर लौट भी जाए, आप से असंतोष का एक अच्छा खासा हिस्सा, कांग्रेस की ओर भी पलट सकता है। और अगर ऐसा होता है, जिसके कुछ आसार दिखाई भी दे रहे हैं, तो भाजपा के हाथ में मुख्यतः उसका अपना परंपरागत वोट ही रह जाएगा, जबकि आप के वोट में कमी के ज्यादा हिस्से में कांग्रेस के मतदाताओं की घर वापसी हो रही होगी। उस सूरत में आप पार्टी की एक भिन्न किस्म की, जनहितकारी राजनीति करने वाली पार्टी की, सघन प्रचार और लाभार्थी योजनाओं के बल पर निर्मित छवि में, मोदी सरकार ने विभिन्न केसों तथा आरोपों के जरिए जो डेंट लगाया भी है, उससे भी भाजपा को बहुत ज्यादा लाभ शायद नहीं हो।यह दूसरी बात है कि भाजपा द्वारा सारी जनतांत्रिक मर्यादाएं तोड़ते हुए, पैसे और प्रचार साधनों के बल पर, जो आंधी उठायी गयी है, वह उसके लाभ की संभावनाओं को ही कई गुना बढ़ाकर दिखाती है, जिसे अक्सर चुनाव-पूर्व सर्वे भी प्रतिबिंबित करते हैं। लेकिन, इस सब के बीच, चुनाव जीतने के लिए संघ-भाजपा के कुछ भी करने के लिए तैयार होने को उस मुकाम पर पहुंचा दिया गया है, जहां चुनाव की सारी कसरत की ही वैधता बड़े सवालों के घेरे में आ गयी है। राजधानी का भी दिल कहे जाने वाले, नई-दिल्ली विधानसभाई क्षेत्र में, राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की सारी नजर रहने के बावजूद, जिस तरह से मतदाता सूचियों में रिगिंग तथा भाजपा प्रत्याशी द्वारा खुले आम मतदाताओं के बीच पैसा तथा साड़ियां आदि बांटे जाने से लेकर, चुनावी हिंसा तक के प्रसंग सामने आये हैं, इसका संकेत करने के लिए काफी हैं कि अगर इन तिकड़मों के बाद भी भाजपा दिल्ली में सरकार में आ जाती है, तो इन धांधलियों को देश के पैमाने पर आम होने में देर नहीं लगेगी। जनतंत्र का सामना वाकई एक आज एक बड़े खतरे से है।

संपादकीय

## फोर्ब्स सूची में भारत के न होने के मायने

प्रतिष्ठित संस्था फोर्ब्स ने साल 2025 के लिये 10 सर्वाधिक शक्तिशाली देशों की जो सूची जारी की है, उसमें भारत का नाम नहीं है। फोर्ब्स के इस रैंकिंग मॉडल को बीएवी ग्रुप ने तैयार किया है, जो कि डब्ल्यूपीपी यूनिट का हिस्सा है जिसका नेतृत्व पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के व्हार्टन स्कूल के प्रो. डेविड रीबस्टीन करते हैं। वैसे इस सूची पर आलोचना भी हो रही है क्योंकि इसमें भारत जैसे विशाल व बड़ी जनसंख्या वाले देश भारत को बाहर कर दिया गया, जबकि कुछ छोटे देशों को शामिल किया गया है। यह भी सही है कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है उसकी सेना विश्व की चौथी बड़ी है।

यह रैंकिंग अपने आप में चौंकाने वाली बताई जा रही है और बहुत सम्भव है कि देश का सरकार समर्थक कुनबा तथा गोदी मीडिया इसे %भारत के खिलाफ साजिश% तथा %प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से उपजी पश्चिमी जगत की ईर्ष्या% करार दे सकता है; लेकिन बेहतर होगा कि इस बात पर मंथन किया जाये कि ऐसा क्या हुआ कि अबकी देश का नाम इस सूची से हटा दिया गया है। फोर्ब्स की रैंकिंग पर सवाल उठाकर भारत अपनी जगहंसाई ही करायेगा क्योंकि पश्चिम जगत में होने वाले ऐसे निष्कर्ष, सर्वे और समीक्षाएं शत प्रतिशत चाहे न कहें तो भी ज्यादातर स्वतंत्र व निष्पक्ष होती हैं जिन्हें न तो किसी सरकार द्वारा प्रभावित किया जा सकता है और न ही कभी उनकी मंशा पर संदेह व्यक्त किया जाता है- फोर्ब्स के बारे में तो ऐसा कहा ही जा सकता है। इसलिये फोर्ब्स द्वारा दी गयी रैंकिंग पर ऊंगली उठाने की बजाये बेहतर है कि भारत सरकार उन कारणों की समीक्षा करे जिनके आधार पर देश को दसवां स्थान भी नहीं मिला। देश की स्थिति के लिये नेतृत्व ही जिम्मेदार होता है- साफ है कि मोदी सरकार की कमजोरी फोर्ब्स की सूची में फेरबदल करने के लिये उत्तरदायी है।

फोर्ब्स की रैंकिंग के मुताबिक ताकतवर देशों का क्रम इस प्रकार है- अमेरिका (जीडीपी 30.34 ट्रिलियन डॉलर), चीन (19.53 ट्रिलि.), रूस (2.2 ट्रिलि.), यूनाइटेड किंग्डम (3.73 ट्रिलि.), जर्मनी (4.92 ट्रिलि.), दक्षिण कोरिया (1.95 ट्रिलि.), फ्रांस (3.28 ट्रिलि.), जापान (4.39 ट्रिलि.), सऊदी अरब (1.14 ट्रिलि.) और इज़रायल (जीडीपी 550.91 बिलियन डॉलर)। यह जान लेना भी उचित होगा कि फोर्ब्स की यह रैंकिंग किन आधारों पर तय होती है। सर्वप्रमुख है नेतृत्व क्षमता। इसमें यह परखा जाता है कि देश का नेतृत्व कितना प्रभावशाली है। दूसरे, आर्थिक प्रभाव कितना है। इसका मतलब कि देश की अर्थव्यवस्था कितनी मजबूत और व्यापक है। एक पैमाना यह भी है कि देश का राजनीतिक रसूख कैसा है। अर्थात वैश्विक राजनीति में उस देश की स्थिति कैसी है। अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों को भी देखा जाता है। इसके अंतर्गत इस बात की पड़ताल होती है कि अन्य देशों के साथ उसकी कूटनीतिक साझेदारी की स्थिति कैसी है और सैन्य शक्ति जिसमें यह देखा जाता है कि देश की सेना कितनी मजबूत और आधुनिक है)। इन सभी मानकों के समग्र प्रभाव का असर रैंकिंग तय करता है। कई देशों की अर्थव्यवस्था का आकार तो अधिक हो सकता है लेकिन नेतृत्व पर्याप्त सशक्त न हो तो उसका क्रमांक घट सकता है। ऐसे ही, अर्थव्यवस्था बड़ी हो, नेतृत्व भी प्रभावशाली हो लेकिन कूटनीतिक गठबन्धनों की दृष्टि से यदि वह देश प्रभाव नहीं छोड़ता तो उसका क्रमांक नीचे जा सकता है।वैसे देखें तो भारत अब भी बड़ी अर्थव्यवस्था है और उसकी सेना का आकार पहले की ही तरह विशाल है। जिस तथ्य के कारण भारत को इस प्रतिष्ठित सूची से हटाया गया है सम्भवतः वह है नेतृत्व का कमजोर होना। नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय दोनों ही स्तरों पर कमजोर हुए हैं। पिछले साल हुआ लोकसभा का चुनाव उनके नेतृत्व में तथा उन्हीं के चेहरे पर लड़ा गया था। लक्ष्य था अकेले भाजपा के दम पर 370 सीटें लाना और सत्ताधारी गठबन्धन यानी नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) की सम्मिलित ताकत को लोकसभा में 400 सीटों के पार ले जाना। ऐसा हो नहीं हो सका। भाजपा की सदस्य संख्या 240 पर सिमट गयी तथा उसे सरकार बनाने में काफी कठिनाई हुई।

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए





प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है।भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5त्न बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज़्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरुआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।आईसीएमआर के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।



# ...तो घर में जरूर रखें बांसुरी

भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बहुत प्रिय है। बांसुरी कृष्णजी को प्रिय होने के कारण उसको प्रकृति का अनुपम वरदान है। ज्योतिष के अनुसार बांसुरी का इस्तेमाल अगर सोच समझकर किया जाए तो यह हमें कई प्रकार के दोषों से बचाती है। वास्तु और फेंगशुई के अनुसार, बांसुरी को अगर घर, दुकान में रखा जाए है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। बांसुरी से होने वाले लाभ कौन-कौन से है, आइए जानते है।

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, बांसुरी घर में रखना बहुत शुभ माना गया है। यह उन्नति और प्रगति दोनों देने में बहुत सहायक है। इस प्रकार बांसुरी प्रकृति का एक अनुपम वरदान है।
- बांसुरी बांस से बनी होती है तथा इसके पौधे को दिव्य माना जाता है। अतः घर में बांसुरी का प्रयोग करके कई तरह से लाभ उठाया जा सकता है।
- बांसुरी के संबंध में एक धार्मिक मान्यता है कि जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं।
- जब बांसुरी को बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घरों में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।
- यदि सोच-समझकर इसका उपयोग किया जाए तो दोषों का बिना किसी तोड़-फोड़ के निवारण कर अशुभ फलों से बचा जा सकता है।
- ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति अपनी नौकरी से परेशान रहता हैं, बांसुरी उसकी सारी मुश्किलें आसान कर सकता है।
- जो व्यक्ति काफी मेहनत के बाद भी अपने बिजनेस में सफलता हासिल नहीं कर पाते उनके लिए बांस से बनी यह बांसुरी उन्नति और समृद्धि दोनों देने में सक्षम है। अतः उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करते हुए अपने दुकान की छत पर दो बांसुरी चिपकानी चाहिए या टांग देनी चाहिए। यह बहुत ही सरल उपाय है जो आपको अपने बिजनेस में उन्नति के शिखर पर ले जाएगा।



# सूर्यास्त के बाद झाड़ू-पौंछा न करें

**धार्मिक गंथों में ऐसी कई सार्वभौमिक सत्य बातें बताई गई हैं, जिनका अनसुरण कर हम अपना सौभाग्य लिख सकते हैं या प्रतिकूल ग्रहों को अनुकूल बना सकते हैं। आइए जानें ऐसी पांच चीजों के बारे में जो हमारे अच्छे व सुखद भविष्य की भी नींव रखती हैं।**

## थाली में न छोडें झूठा अन्न

शास्त्रानुसार कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोडना चाहिए और न ही कभी जूठे बर्तनों को यूं ही पढ़े रहने देना चाहिए। रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए अन्यथा इससे घर में अशांति का वातावरण बनना शुरु हो जाएगा जो अंततः घर के दुर्भाग्य में बदल जाएगा।

## बैड को रखें नीट एंड क्लीन

शास्त्रों के अनुसार बेडरूम सुव्यवस्थित तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। खास तौर पर बिस्तर पर बिछी हुई चादर बिल्कुल साफ होनी चाहिए साथ ही कमरे में कचरा नहीं फैला होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उस बिस्तर पर सोने वाले का सौभाग्य भी दुर्भाग्य में बदल जाता है।

## जगह-जगह थूकना लाता है दुर्भाग्य

कहीं भी थूक देना (विशेष तौर पर घर में, देव मंदिरों में, सार्वजनिक स्थानों पर) शास्त्रों में पूरी तरह गलत बताया गया है। इससे घर की लक्ष्मी रूठ कर चली जाती है। हमें यथासंभव अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की सुख-शांति खत्म हो जाती है और कंगाली घर में प्रवेश कर जाती है।

## बाथरूम को रखें साफ-सुथरा

बाथरुम को चन्द्रमा का स्थान माना गया है। जिन घरों में बाथरूम गंदा रहता है या अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है, उन घरों के स्वामी की कुंडली में चन्द्रमा पर ग्रहण लग जाता है जिससे उस घर में रहने वालों की मानसिक शांति समाप्त हो जाती है तथा वहां धन की कमी होने लगती है।



# पूजा में भगवान श्रीगणेश जी का है सर्वश्रेष्ठ स्थान

हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ काम के करने से पहले गणेश पूजन आवश्यक हैं। इससे प्रसन्न होकर गणेश जी सारे काम निर्विघ्न कर देते हैं। हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न से पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी की पूजा में दूर्वा का सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है और साथ ही यह मान्यता है कि गणपति को दूर्वा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ऐसे में दूर्वा को पूजन परंपरा से जोडकर उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों को बचाने का संदेश दिया है क्योंकि इससे हम धरती की रक्षा कर अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

ऐसे में कहा जाता है गणपति की साधना-अराधना के लिए बताए गए 108 नाम के बारे में जिनके जप करने से भीतरी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। यह भी माना जाता है कि श्री गणेश जी के 21 नाम वालें मंत्रों और 21 पेड़ों के पत्तों को अर्पित करने पर उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

मान्यता है कि पूजन की इस परंपरा के पीछे जीवनदायक प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को न काटने का गूढ़ रहस्य छिपाया गया है। वहीं इस बात को कहने का तात्पर्य गणपति की साधना-अराधना से जुड़े इन वृक्षों संरक्षण किया जाना चाहिए। श्री गणेश नाम वृक्षों के नाम आइए जानते हैं।



## इन मंत्रों का करें जाप

ओम सुमुखाय नमः शमी पत्र।
ओम गणाधीशाय नमः भृंगराज पत्र।
ओम उमापुत्राय नमः बेल पत्र।
ओम गजामुखाय नमः दूर्वापत्र।
ओम लम्बोदराय नमः बेर का पत्र।
ओम हर पुत्राय नमः धतूरे का पत्र।
ओम शूर्पकर्णाय नमः तुलसी के पत्र।
ओम वक्रतुण्डाय नमः सेम का पत्र।
ओम गुहाग्रजाय नमः अपामार्ग पत्र।
ओम एकदंताय नमः भटकटैया पत्र।
ओम हेरम्बाय नमः सिंदूर पत्र।
ओम चतुर्होत्रे नमः तेज पत्र।
ओम सर्वेश्वराय नमः अगस्त पत्र।
ओम विकटाय नमः कनेर पत्र।
ओम हेमतुण्डाय नमः केला पत्र।
ओम विनायकायनमः आक पत्र।
ओम कपिलाय नमः अर्जन पत्र।
ओम वटवे नमः देवरारू पत्र।
ओम भालचंद्रय नमः महुए के पत्र।
ओम सुराग्रजाय नमः गांधारी पत्र।
ओम सिद्धि विनायक नमः केतकी पत्र।

## परिवार और व्यक्ति के दुख दूर करते हैं यह सरल उपाय

बुधवार के दिन घर में सफेद रंग के गणपति की स्थापना करने से समस्त प्रकार की तंत्र शक्ति का नाश होता है।

धन प्राप्ति के लिए बुधवार के दिन गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है।

परिवार में कलह कलेश हो तो बुधवार के दिन दूर्वा के गणेश जी की प्रतिकात्मक मूर्ति बनवाएं। इसे अपने घर के देवालय में स्थापित करें और प्रतिदिन इसकी विधि-विधान से पूजा करें। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती है।

# तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं

हर व्यक्ति के जीवन में शांति और सम्पन्नता का होना जरूरी है और सम्पन्नता के लिए लक्ष्मी का प्रसन्न होना बेहद आवश्यतक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ खास बातें नहीं की जाएं तो लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दरवाजों को कभी भी ना खटखटाएं। घर के गेट पर बैल लगाएं या आवाज देकर मालिक को बुलाएं। गेटों को खटखटाने और बजाने से वास्तु दोष बढता है। ऐसे में लक्ष्मी वहां ज्यादा दिनों तक टिकती नहीं है।
- वास्तु के अनुसार सर्वप्रिय देव श्रीगणेश की मालिक द्वारा आराधना जरूरी होती है। यदि घर का मालिक सुबह उठकर श्रीगणेशजी का ध्यान कर पूजा-अर्चना करता है तो घर के वास्तु दोष तुरंत दूर होते हैं।
- वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं, इससे जीवन में अशुभता आने लगती है। तुलसी जी के पौधे को पूर्व या उत्तर में लगाना उचित रहता है।
- गंदे कपडे पहनने से भी वास्तु दोषों में बढोतरी होती है। कोशिश करें कि दो दिन के अलावा तीसरे दिन भी पुराने कपडे नहीं पहनें।
- घर की सफाई रात को करना भी वास्तु के अनुसार ठीक नहीं है। कहते हैं कि शाम को जो धूल एकत्रित होती है, वही लक्ष्मी जी की कृपा होती है।





# सकारात्मक ऊर्जा और तन-मन की शांति के लिए..

**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अच्छी सेहत और प्रसन्न तन-मन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दैनिक व्यवहार में लाकर आप एक सुंदर एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।**

- सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत डालें, इससे सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है जो तन, मन और मस्तिष्क को शांत करती है।
- प्रातः काल आसपास के खुले स्थान, पार्क या भवन की छत पर जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके थोड़ा व्यायाम करें और लंबी सांस लें। इससे प्रकृति में सुबह के समय व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा यानी आक्सीजन का भरपूर उपयोग करके आप शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन करते समय आपका मुख सदा पूर्व या उत्तर में रहे। कभी भी पलंग पर बैठकर, खड़े होकर या आड़े-तिरछे बैठकर भोजन न करें।
- भोजन या तो भूमि पर आसन बिछाकर करें या फिर डायनिंग टेबल का प्रयोग करें। विधिवत भोजन करने से शरीर चुस्त दुरूस्त रहता है।
- खाना खाते वक्त टेलीविजन नहीं देखें, इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से सभी ज्ञानेंद्रियों पर विपरीत असर पड़ता है। इससे पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अतः भोजन करते समय टेलीविजन देखने की बजाए पारिवारिक दिनचर्या पर गपशप करें।
- दवाइयों को डायनिंग टेबल पर नहीं रखें, ये नकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक होती है। ऐसा करके हम दवाइयों को भोजन का हिस्सा बनाने का निमंत्रण देते हैं, ऐसा नहीं करें।
- यदि घर में बच्चों या वृद्धों के लिए कुछ टॉनिक आदि का प्रयोग कर रहे हों, तो ऐसे टॉनिक की शीशियां व डिब्बे घर की पूर्व दिशा में बनी आलमारियों में रखें और किसी बीमारी से संबंधित दवाइयों को दक्षिण या पश्चिम में रखें।
- भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके ही बनाएं। यह सेहत के लिए उत्तम और सुखदायी होता है। रसोईघर आग्नेय कोण में ही बनाएं। रसोईघर की व्यवस्था उत्तर-पूर्व में न करें। यह धन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ज्वलनशील पदार्थों को भी दक्षिण-पूर्व में रखें।
- रसोईघर की दीवारों का रंग हल्का पीला, नारंगी या हल्का लाल रखें। जिससे भोजन सुप्पाच्य होकर भूख बढ़ाने में सहायक साबित होगा। जब एक साथ मिलकर सभी खाना खा रहे हों, तो घर के मुखिया का मुंह पूर्व में तथा अन्य सदस्यों का मुंह उत्तर या पश्चिम में होना चाहिए। दक्षिणामुख कभी नहीं बैठें। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। हाथ आदि साफ कर प्रसन्नतापूर्वक खाने से आरोग्यता बढ़ती है।



# गोमेद एक खूबसूरत रत्न जीवन को भी बना देता है सुंदर

ज्योतिष विज्ञान में गोमेद को एक खूबसूरत रत्न माना गया है, जो जीवन को सुंदर बना देता है। गोमेद सबसे लाभदायक रत्नों में से एक माना गया है। गोमेद राहु ग्रह से संबंधित रत्न माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में राहु को पाप ग्रह माना जाता है अतः ज्योतिषाचार्यों द्वारा राहु के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए गोमेद रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखने योग्य यह है कि गोमेद के साथ माणिक्य, मूंगा और पुखराज नहीं पहनना चाहिए।

यह रत्न जहां रुके कार्यों पूर्ण करने का कार्य करता हैं, वहीं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता देता है। ज्योतिषियों की मानें तो जन्म कुंडली की दशाओं को जानकर ही इस रत्न को धारण करना उचित रहता है। इतना ही नहीं गोमेद ब्लड कैंसर, कम सुनाई देना, आंखों तथा जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों से भी निजात दिलाता है। गोमेद एक चमकदार और अपारदर्शी रत्न है। यह गहरे भूरे अथवा लाल रंग की तरह होता है। इसे गारनेट समूह का रत्न माना जाता है। यह दुनिया में कई स्थानों पर पाया जाता है। गोमेद मुख्य रूप से यह भारत, श्रीलंका और ब्राजील में आसानी से मिल जाता है तथा साउथ अफ्रीका, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी यह रत्न पाया जाता है। राहु ग्रह से संबंधित इस रत्न को हिन्दी में गोमेद और अंग्रेजी में हैसोनाइट स्टोन कहते हैं। गोमेद रत्न 6 रत्ती से कम का धारण नहीं करना चाहिए। यह रत्न शनि की होरा में शुक्ल पक्ष के किसी भी शनिवार को पहनना अतिशुभ माना गया है। यदि शनिवार के दिन शतभिषा, स्वाती या आर्द्रा नक्षत्र में इसे धारण किया जाए तो गोमेद की शुभता अधिक बढ़ जाती है।

## रत्न धारण करने की विधि

गोमेद रत्न की अंगूठी को सबसे पहले गंगा जल, दूध, शहद और मिश्री के घोल में डालकर एक रात उसमें ही रहने दें। तत्पश्चात ऊँ रां राहवे नमः मंत्र का 108 बार जाप करके कनिष्का में धारण करना चाहिए।

## किस अंगुली में धारण करें

इसे चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वा कर पहनना उचित रहता है। राहु का रत्न गोमेद को कनिष्का ऊंगली में पहनना चाहिए, क्योंकि मिथुन राशि में उच्च का होने से बुध की अंगुली कनिष्का में पहनना शुभ फलदायी रहता है। यह राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करता है। गोमेद धारण करने से राहु की दशा-महादशा को दुष्प्रभावों से निजात मिलती है। यह रत्न शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला भी माना जाता है, इतना ही नहीं इसे धारण करने से सकारात्मक विचार, एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

## कौन धारण करें

इसे राजनीतिज्ञ, जासूसी, जुआ, सट्टा खेलने वाले तथा तंत्र या मंत्र विद्या से जुड़े व्यक्ति पहनते हैं। कौन ना पहने ये रत्न- जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु 5वें, 8वें 9वें 11वें या 12वें स्थान पर हो उन्हें गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है तथा जिनका व्यापार-व्यवसाय राहु ग्रह से संबंधित हो उन्हें भी यह रत्न नहीं पहनना चाहिए।

# पीतल का शेर देगा आपको आत्मविश्वास...

**घर का सामान आपके जीवन, धन-संपत्ति और खुशहाली के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व पर भी गहरा प्रभाव डालता है। वास्तुशास्त्र के कुछ मौलिक सिद्धांत तो लगभग सभी लोगों को मालूम होते भी हैं, मसलन दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए, उत्तर दिशा में तिजोरी रखना और घर में गंदगी इकट्ठी ना होने देना...वगैरह-वगैरह।**

लेकिन कुछ वास्तु टिप्स ऐसे होते हैं, जो आपके व्यक्तित्व पर भी बहुत गहर असर छोड़ते हैं। अगर आप उदास रहते हैं या फिर आपको लगता है कि आत्मविश्वास की कमी के कारण आप अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या आपको अन्य लोगों के समक्ष अपनी बात रखने में हिचक होती है तो हम आपको एक ऐसा वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए बेहद कारगर सिद्ध हो सकता है। पीतल धातु से बना शेर, ना सिर्फ आपके घर की शोभा को बढ़ाता है बल्कि आपके भीतर छिपी हीन भावना या आत्मविश्वास की कमी को भी समाप्त करता है।

वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगर पीतल धातु से बने शेर को घर की पूर्वी दिशा में स्थापित करते हैं तो यह आपके सेल्फ कॉफिडेंस में गजब का उछाल लाता है। बस एक बात का ध्यान रखें कि जब आप शेर को अपने घर में स्थापित करें तो उसका मुख घर के केन्द्र में होना चाहिए।

# क्या आपको भी चाहिए एसे बाल

**स्वस्थ** और खूबसूरत बाल पर्सनेलिटी में निखार लाते हैं। ऐसे बालों के लिए अपनाएं ब्यूटी एक्सपर्ट काजल जैमन के बताए ये टिप्स।

- शैंपू हमेशा बालों की प्रकृति के अनुरूप ही उपयोग में लाएं।
- बालों की प्रकृति जानने के लिए अपनी ब्यूटी एक्सपर्ट की मदद ले सकते हैं।
- गीले बालों को शुरू में उंगलियों की मदद से और बाद में चौड़े दांतों वाले ब्रश से सुलझाएं।
- हेयर ड्रायर करते समय गीले बालों को तौलिए से न रगड़ें। रगड़ने से बाल टूटते और उलझते हैं।
- ज्यादा ब्रशिंग न करें। अधिक ब्रशिंग से तैलीय ग्रंथियां अधिक तेल निकालने लगती हैं, जिससे डैन्ड्रफ होने का खतरा रहता है।
- अधिक से अधिक हर्बल प्रॉडक्ट उपयोग में लें।
- धूप, धूल और धुएं से बालों को बचाएं।
- गरम पानी से बालों को न धोएं।



- 1 से 2 माह के बीच बालों की ट्रिमिंग जरूर करवाएं।
- सोते समय बालों को कसकर न बांधें।
- बाल सुंदर रहें, इसके लिए संतुलित डाइट लें। पानी तो जितना पिएं, उतना ही अच्छा। प्यास न हो, तो भी पानी पिएं और तनाव न पालें।
- घर में हेयर पैक बनाकर लगा सकते हैं। समान मात्रा में मुल्तानी मिट्टी, पिसी मेथी, आंवला पाउडर और सरसों का पेस्ट बनाकर मेहंदी की तरह लगाएं। 25 से 35 मिनट बाद बाल धोएं।
- बालों के लिए नारियल और सरसों का तेल सुरक्षित रहता है। तेल हमेशा रात में ही लगाएं तथा सुबह शैंपू से धो लें। शैंपू लगाते समय भी सिर पर मसाज करें। एकदम से सिर न धोएं। कम से कम 3 या 4 मिनट तक शैंपू को बालों में लगाकर छोड़ दें। परन्तु यह बात हमेशा ध्यान रहे कि शैंपू बालों में रहना नहीं चाहिए। पानी से शैंपू अच्छी तरह से निकालें। बालों की कंडीशनिंग के लिए 15 से 20 मिनट तक मेहंदी लगाकर धो लें।

# बड़े काम की छोटी–छोटी बातें

- मेथी की कड़वाहट कम करने के लिए उसमें थोड़ा सा नमक लगा दें।
- चावल बनाते समय उनमें थोड़ा सा नींबू का रस मिला दें। चावल एकदम सफेद और खिले हुए बनेंगे।
- पुलाव बनाते समय अन्य मसालों के साथ थोड़े से संतरे के सूखे छिलकों का पाउडर भी भून लिया जाए तो पुलाव में अनोखी सुगंध आ जाएगी।
- सलाद बनाने से पहले फल–सब्जियों को फ्रिज में रख दें। इससे वे सख्त हो जाएंगी फिर आप मनचाहे आकार में काट सकती हैं।
- मशरूम को अधिक सफेद पकाने के लिए उसमें एक चम्मच नींबू का रस डाल दें।
- पापड़ को पॉलिथीन में डालकर एयरटाइट डिब्बे में बंद करके फ्रिज में रख दें। एकदम ताजे बने रहेंगे।
- बर्तन आपस में फँस जाएं तो ग्लिसरीन लगाने से आसानी से निकल जाते हैं।
- काँच टूट जाने पर उसे गूंथे हुए आटे से उठाइए। बारीक से बारीक काँच भी उस आटे में चिपक जाएगा।
- अगर बर्तन काला पड़ गया हो तो उसमें आलू के छिलके डालकर पानी में उबालें। फिर साबून और गर्म पानी से धो लें।
- आधा कप लौंग के तेल में आधा चम्मच हल्दी मिला दें। रात को सोने से पहले इसी मिश्रण से हाथों की मालिश करें। हाथ मुलायम और गोरे हो जाएंगे।

# कूल-कूल समर

**गर्मियों** में ट्रेंडी दिखने और कूल रहने के लिए फैब्रिक्स और कलर्स के बारे में बता रही हैं फैशन डिजाइनर नम्रता शर्मा।

- ड्रेस सीजन में स्किन टाइट कैप्रीज, स्लीवलैस डीप नैकलाइन टॉप के साथ ट्रैंड में रहेंगे।
- फैब्रिक्स में इस बार भी सॉफ्ट क्रिंकल शिफॉन, लिनन औश्र कॉटन की बहार रहेगी। कॉटन में प्लेन डाईड शर्ट और ट्यूनिक पहन सकती हैं। शिफॉन में फ्लावर प्रिंट्स, बेबी प्रिंट्स सूदिंग लुक देते हैं।
- कैप्रीज में आप डेनिम, कॉटन और लिनन ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन में कैप्रीज कई तरह की वैरायटी में देखने को मिलेगी। डॉट्स और स्ट्राइप्स वाली प्रिंटेड केप्री भी पहन सकती हैं। अच्छा महसूस करेंगी।
- टॉप्स में इस बार ट्यूनिक्स और शर्ट्स काफी पसंद किए जा रहे हैं। ट्यूनिक्स के साथ चौड़ी बैल्ट पहनें। इससे बॉडी शेप आकर्षक लगती है। मोटी हैं, तो बेल्ट न पहनें।
- पूरी बांहों की ढ़ीली शर्ट पहनें। इसमें थ्री–फोर्थ स्लीव्स भी ट्राई कर सकती हैं।
- ऐसी शर्ट स्किन टाइट जींस के साथ स्मार्ट लुक देगी। साथ में बड़े साइज की एंटीक लुक वाली बैल्ट पहनें। चौड़े बैल्ट्स और बड़े बकल्स इन दिनों खास पसंद किए जा रहे हैं।
- आप सूट पहनना पसंद करती हैं, तो छोटे प्रिंट का फैब्रिक ठीक रहेगा। लाइट कलर्स जमेंगे। इन दिनों शॉर्ट कुर्ते के साथ चूड़ीदार खास तौर से पसंद किया जा रहा है। 70 दशक के सलवार सूट का फैशन फिर से पसंद किया जा रहा है।
- स्पोर्टी लुक में इस बार कॉलर शर्ट के साथ स्लीवलैस जर्सी ट्रेंड में है। इसे आप कॉन्ट्रास्ट मैचिंग करके पहनें। जैसे व्हाइट शर्ट पहनना है, तो उसके साथ डार्क ग्रीन या ब्लैक कलर की स्ट्राइप्स वाली जर्सी पहनें।
- ज्योमैट्रिकल प्रिंट्स की बहार रहेगी। इस प्रिंट का फैब्रिक गर्ल्स और बॉयज दोनों को लुभाएगा।
- शॉर्ट और मिनी स्कर्ट्स में कूल फील करेंगी। इनमें पिंक और व्हाइट कलर लें। डेनिम के साथ लइक्रा की स्कर्ट्स भी ट्राई कर सकती हैं।
- कलर्स में नेवी–व्हाइट और ऑफ व्हाइट ब्राउन का कॉम्बिनेशन जमकर चलेगा। लाइट वेट लिनन शर्ट के साथ नेवी या स्काई कलर की जींस पहनें।
- अगर हाइट कम है, तो केप्री की बजाय लॉन्ग जींस पहनें और यदि हाइट अच्छी है, तो दोनों ट्राई कर सकती हैं। लेकिन, ज्यादा लंबी और पतली हैं, तो केप्री पहनें। इससे आपकी हाइट कम लगेगी।



- हिप–लैंथ और नी–लैंथ टयूनिक्स कई तरह के स्टाइल्स में उपलब्ध हैं। इन्हें अपनी पर्सनेलिटी और प्रोफेशन के हिसाब से चुनें। लंबी हैं, तो भी नी लैंथ टयूनिक पहनें। इसके साथ केप्री की बजाय लॉन्ग जींस अच्छी लगेगी। स्किन टाइट जींस न पहनें।
- कॉलर्स वाली नैकलाइन फैशन में रहेगी। ट्यूनिक्स और लॉन्ग शर्ट दोनों में कलर्स के सभी स्टाइल्स ट्राई कर सकती हैं।
- कलर्स वाली नैकलाइन फैशन में रहेगी। ट्यूनिक्स और लॉन्ग शर्ट दोनों में कॉलर्स के सभी स्टाइल्स ट्राई कर सकती हैं।
- कलर्स के मैटेलिक और एंटीक लुक ट्रैंड में रहेगा। कई डिजाइनर्स ने मैटेलिक और एंटीक कलर्स में अपने कलेक्शन लॉन्च किए हैं, जो काफी पसंद किए जा रहे हैं। यदि आप आर्ट या फिर किसी भी क्रिएटिव फील्ड से जुड़ी हैं, दोनों कलर्स अच्छा लुक देंगे।
- व्हाइट कलर सदाबहार है। इसे आप कई रंगों के साथ मिक्स–मैच करके पहन सकती हैं। जैसे ब्ल्यू, पिंक, मजेंटा, टॉमेटो रैड, ब्लैक आदि।
- स्कर्टस में रैप–रॉन चलन में है। इन्हें आप हिप–लेंथ के कुर्ते और स्टॉल के साथ पहनें। फ्रिल वाली स्कर्ट्स आउट ऑफ फैशन हो गई हैं।
- चंकी ज्वैलरी इस बार भी आर्टिस्टिक लुक के साथ काफी पसंद की जा रही है।
- छोटे साइज के बैग आउट–ऑफ फैशन हो गए हैं। बड़े बैग्स में वेल्वेट, कॉर्डरॉय, खादी चलन में है। फुटवियर्स में आप फ्लावर डिजाइन की बेलीज पहनें।

# वेजटेबल ग्रीन करी



**सामग्री :** 100 ग्राम मिली–जुली सब्जियां ब्लैंच की हुई और कटी हुई (ब्रॉक्ली, गाजर, फ्रेंच बींस, फूलगोभी, मशरूम, थाई बैगन व स्प्रिंग अनियन), स्वादानुसार नमक व चीनी, 100 ग्राम कोकोनट मिल्क, 150 ग्राम कोकोनट पाउडर, 1 टी स्पून कटा हुआ लहसुन, 1 टी स्पून ग्रीन करी पेस्ट (बाजार में उपलब्ध है), 1 टी स्पून तेल, 3 टुकडे थाई अदरक, 3 टुकडे लेमन ग्रास, 1 टी स्पून कटी हुई थाई काफर लाइम लीव्स, 100 मिली. वेजटेबल स्टॉक।

**विधि :** एक पैन में तेल डालकर गर्म करें। अदरक–लहसुन डालकर भूनें। फिर ग्रीन करी पेस्ट डालकर चलाएं। सभी ब्लैंच की हुई सब्जियां व लेमन ग्रास डालकर 2–3 मिनट तक भूनें।

वेजटेबल स्टॉक, कोकोनट मिल्क, नमक व चीनी डालकर 1 मिनट तक पकाएं। गाढा करने के लिए कोकोनट पाउडर मिलाकर चलाएं। थाई काफर लाइम लीव्स से सजाकर गरमागरम सर्व करें।

# पोशाक का चयन करें कुछ इस तरह से-

- कुछ भी खरीदने से पहले अच्छी तरह जांच लें कि उस का रंग व डिजाइन आप पर सूट करेगा या नहीं।
- पोशाक आप पर फब रही है या नहीं, यह देखने के लिए पोशाक को तेज रोशनी में यदि हो सके तो सूरज की रोशनी में खुद पर लगा कर देखें। चाहें तो ट्राईरूम में पहन कर भी देख सकती हैं। यदि दुकान में शीशा या चेंजिंगरूम न हो तो किसी और की राय लें।
- यदि कोई साड़ी या सूट आप ले आई हैं जिस का रंग आप पर नहीं फबता तो उस के साथ किसी ऐसे रंग के दुपट्टे या ब्लाउज का कंट्रास्ट बनाएं, जो आप पर खिले।
- काले रंग को टरक्वायज के साथ मैच करें बहुत फबेगा।
- अपना स्किनटोन जांचने समय मेकअप न करें। यदि किया है तो उसे साफ कर लें एवं पारदर्शी बल्ब के नीचे खड़ी हों। फ्लोरेसेंट या रंगीन रोशनी भ्रम पैदा करती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आय–व्यय की स्थिति समान रहेगी। शनैः–शनैः स्थिती पक्ष की बनने लगेगी। मेल–मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। प्रेमभाव बढ़ेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन–भर रहेगा। यश–प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रखें। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन–देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर–प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा का योग बनेगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद–प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान–विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग–दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। वाहन चालन में सावधानी बरतें। शुभांक-5-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। हाथ–पैरों में पीड़ा हो सकती हैं। पठन–पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-4-6

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख–आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग–दौड़ रहेगी। मातृपक्ष के लोगों का सहयोग मिलेगा। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख–आराम प्रभावित होगा। शुभांक-6-8-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों में प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। शुभांक-6-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। धर्म–कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-7-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-2-5-7


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई–बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5

## काकुरो पहेली - 1979




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 1978 का हल



## हंसी के फूव्वारें

क्या तुम मुझसे प्रेम करते हो ?
इसमें भी कोई सन्देह है.
'तो क्या तुम मेरे लिए मर भी सकते हो ?'
'नहीं प्रिय यह मेरा अमर प्रेम है.'

□ □ □

एक कुंवारी और कुंवारा घूम रहे थे कि तभी कुंवारी को जोर से खांसी आ गई, कुंवारा बोला-प्रिय तुम्हारे गले के लिए कुछ ले लूं क्या?
हां, वह मोतियों का हार जो सामने की दुकान पर है,कुंवारी बोली.

□ □ □

भगवान से सबकी रक्षा की विनती कर चुकने पर छोटे से मोहन ने कहा-मेहरबानी करके अपनी रक्षा भी करना यदि तुम्हें कुछ हो गया तो हमारा तो नाश हो जायेगा.

□ □ □


मरीज: डॉक्टर साहब, मुझे कब तक कड़वी दवा खानी पड़ेगी ?
डॉक्टर: जब तक मेरा बिल अदा न कर दोगे.

□ □ □

टिकटचेकर: बच्चा, टिकट दिखाओ.
साधु: हम तो साधु हैं, हमें टिकटों से क्या लेना-देना.
टिकटचेकर: तो क्या जिन्होंने टिकट ले रखे हैं वे सब क्या चोर-उचक्के हैं ?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1979



**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, सुनील, ऐश, शबाना की 'बहका दिया' गीत वाली फिल्म-४,२
४. 'दोस्ती हो गई रे' गीत वाली सुनील शेट्टी, सुष्मिता, नम्रता की फिल्म-३
६. 'छोड़ो मुझे' गीत वाली फिल्म 'जानू' में जैकी के साथ नायिका कौन थी-२
७. 'दिल खुश है आज उनसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना कुमारी की फिल्म-३
९. फिल्म 'प्यार का साया' में राहुलराय के साथ नायिका कौन थी-२
११. एम. एफ. हुसैन की फिल्म 'गजगामिनी' में मुंशी प्रेमचंद की 'निर्मला' की भूमिका किसने की है-३
१३. राजेंद्रकुमार, बबीता की 'रिमझिम के गीत सावन गाए' गीतवाली फिल्म-४
१४. 'रामजी की निकली सवारी' गीतवाली ऋषिकपूर, जयाप्रदा की फिल्म-४
१६. कमल हासन, श्रीदेवी की 'ऐ जिंदगी गले लगा ले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चोरी चोरी तेरे संग' गीत वाली मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२०. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'कभी शाम ढले तू मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमीं से मोहब्बत हमीं से' गीत वाली दिलीपकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२३. अनिलकपूर, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'फूल सा चेहरा चाँद सी' गीत वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-२,२,२
२८. देव आनंद, गिरीश, टीना मुनीम की 'आवाज सुरीली का' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. सतीश, सुभाष घई, अर्चना की फिल्म-३
२. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरी चाहत में दीवाना हूँ' गीत वाली फरदीन खान, सेलिना की फिल्म-४
४. संजयदत्त, अतुल, रवीना, करिश्मा की 'काश तुम मुझसे एक' गीत वाली फिल्म-३
५. राजेश खन्ना, ऋषिकपूर, पूनम की फिल्म-३
८. 'तुम भी चलो हम' गीत वाली फिल्म-३
१०. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
१२. अक्षयकुमार, रवीना टण्डन की 'एक लड़की एक लड़का' गीत वाली फिल्म-३
१३. फिल्म 'पुष्पक' में कमल हासन के साथ नायिका कौन थी-३
१४. प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१५. 'उड़ जा काले कावां' गीतवाली फिल्म-३
१६. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की फिल्म-२
१७. शशि कपूर, शर्मिला टैगोर की फिल्म-२,२
१९. अनिलकपूर, जैकी, अजय, मनीषा, माधुरी, सोनाली, रेखा की फिल्म-२
२०. 'मेरा सेहरा तू है' गीत वाली फिल्म-२
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
२४. 'चढ़ती जवानी मेरी चाल' गीत वाली फिल्म-३
२५. फिल्म 'अजूबा' में 'शहजादी हिना' की भूमिका किसने की थी-३
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली फिल्म-३
२७. फिल्म 'शर्मीली' में शशिकपूर के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 1978

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | यु | ग | ■ | जा | न | ए | म | न |
| भी | ■ | वा | ■ | दि | ल | ■ | ला | ■ | या |
| अ | क्स | ■ | शि | वा | ■ | खा | न | दा | न |
| ल | ■ | ठि | का | ना | ■ | मो | ■ | ■ | शा |
| वि | ■ | ■ | र | ■ | आ | शी | र्वा | द | ■ |
| दा | मि | नी | ■ | भा | ई | ■ | ■ | ह | स्ती |
| ना | ■ | ल | क्ष्य | ■ | ना | ला | य | क | ■ |
| क | स | म | ■ | स | ■ | ट | ■ | ■ | मं |
| ह | ■ | ■ | दौ | ड़ | ■ | सा | थ | सा | थ |
| ना | स्ति | क | ■ | क | री | ब | ■ | ■ | न |

## सूडोकु -1979

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | 9 | 2 | 3 |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -1978 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 1979



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 1978 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

## महासागर क्षेत्र में औषधीय पौधों के अनुसंधान पर शुरू हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 22 देशों के प्रतिनिधि ले रहे हिस्सा

**एजेंसी**

**लखनऊ।** भारतीय महासागर क्षेत्र के संदर्भ में औषधीय एवं सगंधित पौधों के अनुसंधान में प्रगति पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) महानिदेशिक एवं सचिव डॉ. एन. कलैसेल्वी ने किया। उन्होंने कहा कि औषधीय एवं सगंधित पौधों के सभी पहलुओं को साकार करने विशेष रूप से व्यापार, स्थिरता और भारतीय महासागर क्षेत्र में वैश्विक परिवर्तन के संदर्भ में और साझाकरण में प्रभावी अंतरराष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण होगा। इससे भारतीय महासागर क्षेत्र में औषधीय एवं सगंधित पौधों से संबंधित व्यापार, स्थिरता और वैश्विक परिवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका में भारत का योगदान सुनिश्चित किया जा सके। सी-मैप में आयोजित सम्मेलन में बारह आईओआरए देशों के बाईस विदेशी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि भारतीय महासागर क्षेत्र में औषधीय एवं सगंधित पौधों के एक केंद्र बिंदु के रूप में डीएसआईआर-सीमैप हमेशा वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ाने और औषधीय व सगंधित पौधों के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्य देशों को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है।

## रक्षा मंत्री ने भारत-चीन सीमा की गश्त बहाली पर राहुल गांधी के बयान को सिरे से खारिज किया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने सोमवार को संसद में भारत-चीन सीमा स्थिति पर सवाल उठाये थे।रक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि संसदीय बहस में सेना प्रमुख के हवाले से जो शब्द कहे गए, वे उन्होंने कभी नहीं कहे। हाल ही में हुई सैन्य वापसी के हिस्से के रूप में सीमा पर गश्त प्रथाओं को उनके पारंपरिक स्वरूप में बहाल किया गया है। सरकार ने संसद में पहले ही इस बारे में विवरण साझा किए हैं। राजनाथ सिंह ने आज भारत-चीन सीमा स्थिति पर सेना प्रमुख के बयान के बारे में राहुल गांधी के संसद में बयान पर कहा कि सेना प्रमुख की टिप्पणियां सीमा पर दोनों पक्षों की ओर से पारंपरिक गश्ती स्वरूप में अस्थायी व्यवधान से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में सैनिकों की वापसी के प्रयासों के बाद ये गश्ती अभ्यास अब अपने पारंपरिक स्वरूप में आ गए हैं। ये विवरण पहले संसद में साझा किए गए थे। रक्षा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि संसदीय बहस में सेना प्रमुख के हवाले से जो शब्द कहे गए, वे उन्होंने कभी नहीं कहे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में सत्यता और जिम्मेदाराना रूख के महत्व को रेखांकित किया।

## कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो चीता शावकों का जन्म, भूपेन्द्र यादव ने जताई खुशी

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले के कुनो राष्ट्रीय उद्यान में मादा चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया। मंगलवार को खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बसंत के मौसम की शुरुआत के साथ कूनो के वातावरण में अंतहीन खुशी और उत्साह भर गया है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो नए चीता शावकों के आगमन का स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के त्स्वालु कलाहारी रिजर्व से लाई गई महिला चीता वीरा (5 वर्ष) ने आज दो शावकों को जन्म दिया है। इनके जन्म के साथ हम भविष्य के लिए आशातीत हैं। इस खुबसूरत पल को संजोने वाले सभी को बधाई और विशेष रूप से उन अधिकारियों, पशु चिकित्सकों और फील्ड स्टाफ की टीम को जो प्रोजेक्ट चीता के लिए दिन-रात बिना थके काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपने वन्यजीवों को एक सतत कल के लिए संरक्षित और सुरक्षित रखेगा। चीतों की कुल संख्या अब 26 हो गई है, जिसमें शावक भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि सितंबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'प्रोजेक्ट चीता' की शुरुआत की गई थी। इसके तहत नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से 20 चीतों को कूनो नेशनल पार्क में लाया गया था। भारत में करीब 70 साल पहले चीतों की प्रजाति विलुप्त हो गई थी लेकिन इस पुनर्वास परियोजना से उनकी संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आईईडी विस्फोट और स्पाइक होल की चपेट में आने से तीन जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर में गंगालूर थाना क्षेत्र अंर्तगत बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा से लगे ग्राम पुरगेल के पास मंगलवार की सुबह नक्सलियों के लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट और स्पाइक होल की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए हैं। उन्हें एमआई 17 हेलीकाप्टर की मदद से उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना के तुरंत बाद घायल जवानों को प्राथमिक उपचार दिया गया और बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर के श्री नारायणा अस्पताल लाया गया। बस्तर आईजी बताया कि नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी एवं सीआरपीएफ 231 बटालियन के जवान थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा से लगे ग्राम पुरगेल की ओर सर्चिंग पर रवाना हुए थे। अभियान के दौरान आज सुबह ग्रामपुरगेल के पास नक्सलियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट और स्पाइक होल की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए।

# केंद्रीयमंत्री हरदीप पुरी ने किया मतदान, कहा- दिल्ली में अगली सरकार भाजपा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीयमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज सुबह सपत्नीक दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, 'यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है बल्कि ये खास है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की योजनाओं को इन्होंने (आआपा) दिल्ली में लागू ही नहीं होने दिया। मुझे पूरा विश्वास है कि आठ फरवरी को जब नतीजे आएंगे तो भाजपा यहां (दिल्ली विधानसभा) का दायित्व संभालेगी। दिल्ली को एक शानदार राजधानी बनाने का काम हम फिर से शुरू करेंगे। अभी तक मतदान करने वाले नेताओं व अन्य हस्तियों में प्रमुख हैं- राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल, नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू, विदेश मंत्री एस जयशंकर और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा। भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि लंबे वर्षों का संघर्ष आज खत्म हो जाएगा। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी और विकसित दिल्ली बनाने के लिए आज दिल्ली की जनता वोट करेगी। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल अपनी हार को निश्चित मानकर गुंडागर्दी कर रहे हैं। रात हमने देखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी मार्लेना का सहयोगी पांच लाख रुपये के साथ पकड़ा गया। भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने एक्स पर कहा, 'दिल्ली में लोकतंत्र का महापर्व है। इसलिए मैं दिल्ली के देवतुल्य मतदाताओं से प्रार्थना करती हूं कि कृपया अपने घरों से निकलें, मतदान केंद्रों तक आएं। विकसित भारत की विकसित राजधानी के लिए आपका ये योगदान बहुत अनिवार्य और महत्वपूर्ण है। नई दिल्ली विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने एक्स पर कहा, 'मेरी अपील है कि कृपया घरों से बाहर निकलें और ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

दिल्ली देश की राजधानी है इसलिए हमें दिखाना है कि दिल्ली सबसे आगे है। ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ें। प्रधानमंत्री मोदी के विजन में एक ऐसी सरकार बनेगी जो उनकी सभी योजनाओं को यहां लेकर आएगी।'



# सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक होंगे रामलला के दर्शन

**एजेंसी**

**अयोध्या।** ऋतु परिवर्तन और महाकुंभ के श्रद्धालुओं के दृष्टिगत श्रीराम लला के दर्शन अवधि में वृद्धि की गई है। ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने नयी समय सारिणी जारी की है। नूतन व्यवस्था में प्रातः चार बजे मंगला आरती और पट बंद। प्रातः छह बजे श्रृंगार आरती। साथ ही बिड़ला धर्मशाला के सामने के मुख्य द्वार से दर्शन हेतु प्रवेश प्रारम्भ होगा ,जो रात नौ बजे तक अविरल चलता रहेगा। दोपहर 12 बजे भोग आरती। सायंकाल सात बजे संध्या आरती और पंद्रह मिनट के लिए कपाट बंद होगा। रात्रि दस बजे शयन आरती और इसके बाद शेष रात्रि के लिए कपाट बंद हो जाएंगे।

ट्रस्टी डॉ. मिश्र ने बताया कि अब कोई भी एनआरआई सीधे काउंटर पर अपना पासपोर्ट प्रस्तुत करके पास बनवा सकता है । बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को



देखते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्णय लिया है ।ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को मिले सुगम दर्शन, इसलिए दर्शन अवधि बढ़ाया गया ।

# रेल महोत्सव 2025 का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली में रेल महोत्सव 2025 राष्ट्रीय रेल संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। यह त्रिदिवसीय महोत्सव 01, 02 और 04 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य देश की समृद्ध रेल विरासत का प्रचार व प्रसार तथा कला व संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। इस महोत्सव का उद्घाटन रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर द्वारा 01 फरवरी 2025 को संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया था तथा आज मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की सदस्य वित्त रूपा श्रीनिवासन, सचिव अरुणा नायर और राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक दिनेश कुमार गोयल उपस्थिति में त्रिदिवसीय महोत्सव का समापन किया गया। समारोह में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण 1909 मे निर्मित पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रामवे (पीएसएमटी) रहा, जिसका संचालन किया गया, जो राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के पास चालू अवस्था में संरक्षित स्टीम मोनो रेल लोकोमोटिव हैं। साथ ही 1862



में बना ऐतिहासिक रामगोटी स्टीम लोकोमोटिव का भी संचालन किया गया, जिससे भारत की प्राचीन रेल विरासत की यादें एक बार फिर ताजा हो गईं। महोत्सव में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वेदिका द्वारा शिव स्त्रोतम का गायन, श्रिया महापात्रा द्वारा ओडिसी नृत्य प्रदर्शन, राहुल खन्ना व समूह द्वारा किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के सौजन्य से आयोजित टेल्स फ्रॉम द ट्रैक्स, शोभा द्वारा कथक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा मैहर घराने के मंजीत सिंह व समूह द्वारा मोहक बांसुरी अभिवादन किया गया। महोत्सव में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय द्वारा कई रोचक कार्यशालाएं आयोजित की गईं, जिससे लोग भारतीय रेलवे के अद्भुत इतिहास से जुड़ सके। यह जीवंत महोत्सव सभी के लिए एक अनूठा अनुभव रहा, जो भारतीय रेल के गौरवशाली इतिहास को समझने के साथ-साथ कला और संस्कृति का आनंद दे गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने की पशुपालन विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक

**एजेंसी**

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आज पशुपालन विभाग की वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले में पशुपालन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए प्रत्येक विकासखंड को 80-80 गोवंश को संरक्षित करने का लक्ष्य आवंटित किया। साथ ही, ऐसी गौशालाएं जहां 15 से कम गोवंश संरक्षित हैं, उन्हें अन्य गौशालाओं में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए।

गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों के ठंड से बचाव के लिए पहनाए गए काऊकोट को अगले वर्ष के लिए सुरक्षित रखने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, गौशालाओं की आधारभूत संरचना को पूर्ण करने और आगामी गर्मी के मौसम के लिए पंखे व सोलर पैनल की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए, जिससे गोवंशों को गर्मी से राहत मिल सके। बैठक में विकासखंड पिंडरा में संचालित थाना गौशाला को ÷आदर्श गौशाला÷ बनाने की योजना पर भी चर्चा हुई। इसके तहत, जनपद की अन्य गौशालाओं से दुधारू गोवंशों का चयन कर उन्हें थाना गौशाला में भेजने का निर्णय लिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय कार्यक्रमों, जैसे कृत्रिम गर्भाधान व चिकित्सा सेवाओं की लक्ष्य पूर्ति फरवरी माह के अंत तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, किसान



क्रेडिट कार्ड जारी करने हेतु प्रत्येक पशु चिकित्सालय को 30-30 अतिरिक्त लक्ष्य आवंटित किया गया। इस बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन से पशुपालन विभाग की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी और जिले में पशुधन प्रबंधन को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

# कैंसर के उपचार में पीएम-जेएवाई साबित हो रही मददगार: केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि कैंसर के इलाज कराने में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का लोगों को लाभ मिल रहा है। लैंसेट की रिपोर्ट ने भी इसकी तस्दीक की है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने एक ट्वीट कर कहा कि लैंसेट के प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, पीएम-जेएवाई ने अधिक किफायती उपचार और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ कैंसर देखभाल पहुंच का विस्तार किया। 2018 से कैंसर देखभाल पैकेज 112 से बढ़कर अब 557 हो गए हैं। पीएम जेएवाई के तहत कैंसर के उपचार के लिए ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य देखभाल में अंतर को कम कर रहा है। पीएम-जे एवाई से लाखों लोगों को शीघ्र




उपचार हो रहा है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि लैंसेट के अध्ययन से पता चलता है कि एबी पीएम-जेएवाई के तहत समय पर कैंसर उपचार शुरू होने से काफी सुधार हुआ है। नामांकित मरीजों के 30 दिनों के भीतर कैंसर के इलाज तक पहुंच में 90 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। देरी कम हुई और वित्तीय बोझ कम हुआ। भारत की स्वास्थ्य सेवा के लिए आयुष्मान भारत - पीएमजेएवाई गेम-चेंजर साबित हो रहा है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री नड्डा ने विश्व कैंसर दिवस पर ट्वीट करके कहा कि हर साल एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के रूप में कैंसर के बारे में जागरुकता बढ़ाने, समय पर निदान, बेहतर रोकथाम रणनीतियों और प्रभावी देखभाल तक पहुंच की दिशा में वैश्विक प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए एक साथ आते हैं।इस वर्ष की थीम, 'यूनाइटेड बाय यूनिक' के साथ, हम कैंसर पर काबू पाने में एकता की शक्ति और रोगियों का समर्थन करने की साझा जिम्मेदारी को रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार कैंसर के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, जिसमें हर जिले में एक कैंसर डे केयर यूनिट स्थापित करने का निर्णय और महत्वपूर्ण कैंसर दवाओं को सीमा शुल्क से छूट देना शामिल है। इसके साथ ही कैंसर देखभाल और अनुसंधान के लिए एक व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र का विकास हुआ है।

# सैफ अली खान पर हमले से आरोपित ने शाहरुख के आवास में घुसने की कोशिश की थीः पुलिस

**एजेंसी**

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले से दो दिन पहले आरोपित शरीफुल अब्बास ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बांद्रा स्थित आवास में भी घुसने की कोशिश की थी। लेकिन वहां तैनात सुरक्षा रक्षकों की वजह से वह अपने मकसद में नाकाम रहा था। यह जानकारी इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने दिया है।

सैफ अली खान पर हुए हमले की जांच कर रहे अधिकारी ने बताया कि शरीफुल ने जांच के दौरान बताया कि उसने शाहरुख खान के आवास मन्नत बंगले में घुसने का प्रयास किया था, लेकिन वह नाकाम रहा। आरोपित ने पुलिस को बताया कि वह शाहरुख का फैन है, इसलिए फिल्म अभिनेता से मिलने के इरादे से वह मन्नत में घुसना चाहता था। मन्नत बंगले में चोरी करने का उसका इरादा नहीं था। उल्लेखनीय है कि आरोपित शरीफुल ने 16 जनवरी को बांद्रा स्थित सैफ अली खान के घर में घुस कर सैफ पर जानलेवा हमला था। पुलिस ने चार दिन की खोज के बाद शरीफुल को ठाणे से ढूंढ निकाला। तब से आरोपित पुलिस कस्टडी में है और उससे गहन पूछताछ जारी है। आरोपित के पिता ने सीसीटीवी में दिखाए गए आरोपित के फुटेज और बाद आरोपित के गिरफ्तार के बाद के फोटो में मिलान न होने का आरोप लगाया था। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर मिले शरीफुल के फोटो और सीसीटीवी फुटेज को तकनीकी प्रणाली का उपयोग करके चेहरे की जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया था। इसकी रिपोर्ट आ गई है, रिपोर्ट में दोनों चेहरे मैच हो गए हैं।

# हम गरीबों को झूठे नारे नहीं, बल्कि सच्चा विकास दे रहेः प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं और कार्यों से देश के राजस्व को हुए फायदे और गरीबों को मिले लाभ की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के समय 1 में से 15 पैसे ही जनता तक पहुंचते थे लेकिन अब उनकी सरकार में गरीबों को उनका हक मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों को झूठे नारे नहीं, बल्कि सच्चा विकास दिया है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का उत्तर देते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जातिगत मुद्दे उठाए जाने पर भी पलटवार किया और बताया कि उनकी सरकार कैसे देश की एकता बनाए रखते हुए समावेशी विकास के लिए कार्य कर रही है। उनकी सरकार संविधान की भावना लेकर चलती है



और उनकी पार्टी जहर की राजनीति नहीं करती। उन्होंने कहा कि देश की एकता हमारे लिए सर्वोपरि है। इसीलिए हमने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाई है। मोदी ने अपनी सरकार की ओर से ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिए जाने का भी उल्लेख किया और कहा कि जिन लोगों को आज जातिवाद में मलाई दिखती है उन लोगों को उस समय ओबीसी की याद नहीं आई। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 का जिक्र कर कहा कि मान्य विपक्ष नहीं होने के बावजूद संविधान की भावना को बनाए रखते हुए कई महत्वपूर्ण समितियों में नेता विपक्ष से जुड़ी बाध्यता दूर किया गया। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव आयोग में नियुक्ति केवल प्रधानमंत्री ही अपने स्तर पर कर दिया करते थे लेकिन उनकी सरकार ने आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में विपक्ष के नेता को भी शामिल कराया है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार का हमेशा से प्रयास कर रहा है कि योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभार्थियों तक पहुंचे, लेकिन पिछली सरकारों का मॉडल तुष्टीकरण की राजनीति का रहा है। देश को विकसित बनाने के लिए तुष्टीकरण से मुक्ति पानी होगी और इसके लिए हमने संतुष्टीकरण का रास्ता चुना है। हर समाज हर वर्ग के लोगों को उनका हक मिलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी के बयान पर निशाना साधा और कहा कि एक महिला राष्ट्रपति का सम्मान नहीं किया गया। यह राजनीतिक हताशा का परिणाम है। उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर गांधी परिवार के तीन सदस्यों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के संसद में बैठने पर भी कटाक्ष किया और कहा कि क्या एससी और एसटी परिवारों से एक ही समय में संसद के तीन सदस्य रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी के विदेश नीति पर बोलने पर भी कड़ा प्रहार किया और कहा कि उन्हें 'जेएफसी फॉरगॉटेन क्राइसिस' नामक पुस्तक पढ़नी चाहिए जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के कार्यकाल में विदेश नीति की क्या स्थिति थी इसका वर्णन है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का भी उल्लेख किया और कहा कि 7 दशक तक वहां के लोगों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया।

# जमाअत-ए-इस्लामी ने बजट में आयकर कटौती और छूट की सीमा को बढ़ाने का किया स्वागत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अमीर (अध्यक्ष) सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने केंद्रीय बजट 2025-26 में आयकर में कटौती, छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने और मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचाने के लिए स्लैब को समायोजित करने जैसे कई सकारात्मक पहलुओं की सराहना की है।उन्होंने कहा कि इससे करदाताओं के हाथ में अधिक व्यय योग्य आय बचेगी तथा उपभोग एवं विकास को बढ़ावा मिलेगा। जमाअत-ए-इस्लामी के अमीर ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि सकारात्मक बात यह है कि 1 लाख करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बावजूद बजट में राजकोषीय विवेक बनाए




रखा गया तथा राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4त्न तक सीमित रखा गया। इससे यह सुनिश्चित होगा कि हमारा उधार नियंत्रित रहेगा। इसके अलावा व्यावसायिक विनियमनों को सरल बनाने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा विनियामक सुधारों को आगे बढ़ाने से व्यवसाय को आसान बनाने में मदद मिलेगी तथा निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।जमाअत के अध्यक्ष ने आगे कहा कि हम कई मामलों में इस बजट से निराश हैं। युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी, प्रति व्यक्ति कम जीडीपी और कृषि विकास के साथ गंभीर आजीविका संकट के आधार पर वित्त मंत्री के लिए बजट में आमूलचूल नीतिगत बदलाव करने का एक अच्छा अवसर था, ताकि असमानता, बेरोजगारी और उपेक्षित वर्गों की समस्या को दूर करने के लिए पुनर्वितरण न्याय, समान विकास और प्रभावी शासन को प्राथमिकता दी जा सके।

# मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के तबियत की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली जानकारी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में पहुंचकर निदेशक डॉ.आरके धीमान से श्रीराम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के तबियत की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी ने आचार्य सत्येन्द्र दास के बेहतर उपचार देने के लिए अपनी ओर से चिकित्सकों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने एसजीपीजीआई के एसआईसीयू में भर्ती आचार्य सत्येन्द्र दास के साथ मौजूद सेवादार से तबियत बिगड़ने से जुड़ी जानकारी पायी। इस दौरान मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी भी वार्ड में मौजूद रहे। उधर अयोध्या में मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना लेकर पंडित कल्कि राम एक हवन कर रहे है, जिसमें वह प्रणव संजीवनी महामृत्युंजय महामंत्र की आहुति दे रहे हैं। उनकी कामना है कि आचार्य सत्येन्द्र दास शीघ्र स्वस्थ्य हो जाये। जानकारी हो कि दो दिनों से श्रीराम मंदिर के मुख्य




पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास का एसजीपीजीआई में उपचार हो रहा है। जारी हुई मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सत्येन्द्र दास की हालत बेहद नाजुक है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम प्रत्येक घंटे पर उनका चेकअप कर रही हैं।

# दुनिया को करूणा व मैत्री का संदेश देगा भारतः इन्द्रेश कुमार

**एजेंसी**

**महाकुम्भनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे पर बौद्ध महाकुम्भ यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपासना विधियों का एक मंच पर आना अभिनंदनीय है। हिंदू और बौद्ध एक ही वटवृक्ष की शाखाएं हैं। यदि ये एक ही मंच पर आ जाएं तो यह दुनिया में सबसे शक्तिशाली वटवृक्ष बनेगा जो उन्हें छांव भी देगा और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने बौद्ध संतों और विद्वानों पर पुष्प वर्षा भी की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महाकुम्भ के सेक्टर 17 में आयोजित बौद्ध भिक्षुओं के स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इन्द्रेश कुमार ने कहा कि भारत दुनिया को करूणा व मैत्री का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि बुद्ध के मार्ग से दुनिया को युद्धमुक्त किया जा सकता है। बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि। बौद्ध व सनातनी एक थे, एक हैं, एक रहेंगे। हम सनातन के अंश थे,सनातन के अंश हैं और सनातन के अंश रहेंगे। कुंभ के अंश हैं और रहेंगे। इन्द्रेश कुमार ने कहा कि हिंसा मुक्त, दंगा मुक्त, धर्मान्तरण मुक्त भारत बने। हम सब सुखी रहें। मानवता से परिपूर्ण राष्ट्र बने। हम एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे और दुनिया को अच्छाई का मार्ग दिखा सकेंगे।

महाकुम्भ में पहली बार पहुंचे कई देशों के बौद्ध भिक्षु,भंते व लामा

महाकुम्भ में पहली बार दुनिया के कई देशों के भंते, लामा व बौद्ध भिक्षुओं का आगमन हुआ है। सभी बौद्ध भिक्षु व लामा संगम स्नान करेंगे एवं साधु संतों से भेंटवार्ता करेंगे। महाकुंभ पहुंचे भंते, लामा व बौद्ध भिक्षुओं का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के स्वागत से सभी बौद्ध भिक्षु अभिभूत दिखे। महाकुंभ में स्वागत से सभी बौद्ध भिक्षु मुक्त कंठ से मुख्यमंत्री की सराहना कर रहे थे। भारत के अलावा नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार, तिब्बत, लाओस, थाईलैंड, वियतनाम आदि देशों से बौद्ध भंते शील रतन, धम्मपाल बौद्ध संत, भंते शीलवचन सैकड़ों की संख्या में भंते आए हैं।

बुद्ध व सनातनी मिलकर विश्व की बढ़ी ताकत बनेंगेः स्वामी अवधेशानन्द

जूना अखाड़े के आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि ने कहा कि कुंभ में बौद्ध भिक्षुओं का आगमन भारत के लिए ऐतिहासिक व सौभाग्यशाली क्षण है। उन्होंने कहा कि बुद्ध व सनातनी अगर एक हो जाएं तो हम विश्व की बढ़ी ताकत बन जायेंगे। सत्य प्रेम व करूणा का दर्शन पूरे विश्व को समाधान देगा। भारत से एकात्मता का स्वर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत किसी युद्ध में शामिल नहीं है, क्योंकि हमारे पास बुद्ध हैं। भारत सबका आदर करता है। प्रत्येक सनातनी प्रतिदिन अपने संकल्प में बुद्ध को याद करता है।



# विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल है इंडिया गेट

**इंडिया गेट जो विश्व की ऐतिहासिक धरोहर में शामिल एक द्वार है और यह दिल्ली में स्थित है.हर साल लाखों सैलानी इस द्वार को देखने आते हैं.हर साल 26 जनवरी के दिन इंडिया गेट के सामने गणतंत्र दिवस की परेड कराई जाती है.**

जी हां दोस्तों आज का हमारा लेख इंडिया गेट से संबंधित है.आज हम आपको इंडिया गेट से जुड़े वे सभी रोचक तथ्य बताने जा रहे हैं जो आपने आज से पहले शायद ही कहीं पढ़े होंगेतो चलिए जानते हैं

- इंडिया गेट की ऊंचाई 43 मीटर है विश्व का सबसे बड़ा युद्ध स्मारक है.
- क्या आप जानते हैं इंडिया गेट को प्राचीन समय में किंग्सवे के नाम से जाना जाता था और इसका डिजाइन सर एडवर्ड लुटियन्स ने बनाया था.
- इंडिया गेट के सामने स्थापित छतरी में जार्ज पंचम की एक मूर्ति स्तापित थी जिसे बाद में यहाँ से हटाकर कोरोनेशन पार्क में स्थापित कर दिया गया था.
- आपको जानकर गर्व होगा इंडिया गेट का निर्माण प्रथम विश्वयुद्ध में शहीद हुऐ 80,000 से अधिक भारतीय सैनिकों की याद में किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट पर 13300 अधिकारियों और सौनिकों के नाम अंकित हैं.
- इंडिया गेट के नीचे चारों कोनों पर अमर जवान ज्योति हमेशा जलती रहती है जिसे वर्ष 1971 में भारत पाक युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों की याद में स्तापित किया गया था.
- क्या आप जानते है इंडिया गेट की नींव 1921 में ड्यूक ऑफ कनॉट ने रखी थी और इस स्मारक को बनने में पूरे 10 वर्षों का समय लगा था.
- इंडिया गेट को देखने के लिए भारतीय टूरिस्टो के साथ साथ विदेशी सैलानी भी इस द्वार पर आते है.
- शाम के समय इंडिया गेट के चारों ओर लगी रोशनियों से इसे जगमगा दिया जाता है.जिससे एक भव्य दृश्य बनता है जो हमारी आँखों को एक सुखद अहसास देता है.
- आप इस स्मारक के पास से राष्ट्पति भवन को भी निहार सकते है.

# अब मछली नहीं उड़ती

बहुत पुरानी बात है। उन दिनों मछलियां तैरने के साथ उड़ भी सकती थीं। मछली का मन करता, तो वह दूर आसमान में जा उड़ती। तैरने का मन करता, तो नदी के अंदर चली जाती।

एक दिन बगुले का जोड़ा कहीं जा रहा था। बगुला मछली से बोला, हमारे अंडों का ध्यान रखना। हम किसी से मिलकर आते हैं।

दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने कहां चली गई? उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। हमारे अंडों का ध्यान रखना। उन सबके लौटने तक मछली ने अंडों का ध्यान रखा।

शाम हुई, तो चुहिया ने मछली से कहा, मैं घूमने जा रही हूं। मेरे बच्चे अकेले हैं। मछली पहरा देने लगी। चुहिया रात को लौटी। मछली जाने को हुई, तो गिलहरी ने आवाज लगाई, अमरूद पक गए होंगे, तो मुझे बताना।

मछली उड़ी और अमरूद के पेड़ के फल देख आई। फिर गिलहरी को बताया, अमरूद पक चुके हैं।

मछली जाने लगी, तो एक सांप ने पूछा, कहां जा रही हो?

मछली बोली, अब थक गई हूं। पानी में तैरने जा रही हूं।

सांप ने हंसते हुए कहा, आज की थकान तो दूर हो जाएगी। मगर कल क्या होगा? मछली ने चौंकते हुए पूछा, मतलब? सांप ने जवाब दिया, मतलब यह है कि हर कोई तुम पर रोब जमाता है। मोर, बगुले, चुहिया, गिलहरी तक तुम से अपना काम करा लेते हैं। क्यों?

मछली सोच में पड़ गई।

सुबह हुई। बगुले का जोड़ा मछली के पास आया और वही बात कहकर उड़ चला। मछली को सांप की बात याद थी। उसने मुंह बनाया, हुंह! मैं नदी में तैरने जा रही हूं। शाम तक बाहर नहीं आऊंगी।

बस फिर क्या था। सांप को इसी पल का इंतजार था। बगुलों के वापस आने से पहले वह उनके अंडे खा चुका था।

दोपहर हुई, तो मोर ने मछली से कहा, मोरनी न जाने फिर कहां चली गई। मैं उसे ढूंढ़ने जा रहा हूं। अंडों का ध्यान रखना। मछली ने मोर की बात को अनसुना कर दिया। वह घने पेड़ के पीछे आराम करने लगी। सांप ने मोरनी के अंडों को भी चट कर डाला।

शाम हुई, तो चुहिया ने मछली को बुलाया। रोज की तरह वह टहलने चली गई। मछली उड़ी और आसमान में गायब हो गई। अब सांप चुहिया के बच्चों को निगल गया।


रात हुई, तो गिलहरी ने मछली से कहा, अमरूद पक गए हैं। मैं भी कुछ अमरूद खा आती हूं। मेरे बच्चों का ध्यान रखना। गिलहरी के जाते ही मछली ने नदी में गोता लगाया। वह तैरती हुई नदी के दूसरे तट पर जा पहुंची। सांप ने गिलहरी के बच्चों को भी अपना निवाला बना लिया।

सुबह हुई, तो सभी ने मछली को घेर लिया। बगुला आगबबूला होकर चिल्लाया, मेरे अंडे कहां हैं?

चुहिया और गिलहरी ने अपने बच्चों के बारे में पूछा। मछली ने जवाब दिया, मुझे क्या पता?

बगुले को गुस्सा आ गया। उसने मछली को दबोच लिया। मछली ने डरते-डरते सारा किस्सा सुनाया।

किस्सा सुनकर चुहिया बोली, एक सांप की बातों में आकर तुमने हमारा भरोसा तोड़ा है। मैं तुम्हें उड़ने लायक नहीं छोड़ूंगी। चुहिया ने मछली के पंख कुतर डाले। गिलहरी ने कहा, आज से तुम उड़ नहीं पाओगी। मछली नदी में जा छिपी। बगुला बोला, कहां जाती हो। मैं तुम्हें पानी में भी नहीं छोड़ूंगा। तभी से बगुला मछली की ताक में रहता है। वहीं मछली अब उड़ नहीं पाती है।






**बादलों का सीना चीरकर उड़ने वाले पक्षी बाज के बारे में आप भली-भांति जानते होंगे. बाज एक ऐसा पक्षी है जो बादलों से भी ऊपर उड़ सकता है और इसके साथ ही यह पक्षी बहुत तेज रफ्तार से उड़ता है. उदाहरण के तौर पर बाज 380 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक उड़ सकता है.**

# आसमान का राजा बाज

बाज आसमान में लगभग 12000 फीट ऊंचा उड़ सकता है यह बारिश के दिनों में हमेशा बादलों के ऊपर उड़ता है शायद इसीलिए इसे आसमान का राजा भी कहा जाता है. बाज हवा में एक जगह मंडरा सकते हैं जैसे एक पतंग हवा में एक जगह उड़ती रहती है.एक वैज्ञानिक शोध के अनुसार बाज की नजर बहुत तेज होती है यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर दूर से ही देख सकता है साथ ही इनकी आंखों में इन्फ्रारेड सिस्टम विकास हो गया है जिसकी वजह से यह है शिकार के शरीर से निकलने वाली गर्मी को पहचान कर उसका शिकार कर सकता है.बाज की नजर का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि बाज को आसमान से ही पानी में तैरती हुई मछली दिखाई दे जाती है और बाज पानी में गोता लगाकर मछली को पकड़ सकता है.

बाज की चोंच एक अलग तरह से बनी होती है इनकी चोच 90 डिग्री के कोण पर मुड़ी हुई होती है चोच के दोनों तरफ एक छोटा दांत बाहर निकला हुआ होता है.यह अपने शिकार को देखते हैं लगभग 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार की तरफ बढ़ते है.और जैसे ही कोई मेंढक या चूहा पकड़ते है तो उसकी गर्दन पर ऐसी जगह पर वार करते है जिससे उसका नर्वस सिस्टम काम करना बंद कर देता है. जिसे शिकार मुकाबला नहीं कर पाता है और मारा जाता है.बाज अपने से दो गुना बड़े शिकार को पकड़ सकता है, कभी-कभी यह अपने से इतने बड़े शिकार को पकड़ लेते हैं कि एक बार में उसे खा भी नहीं पाते है.क्थद्दद्घ्र शिकार करके अपने भोजन को ऊंची पहाड़ियों में बने अपने घोसलों में छोड़ देते है. और बाद में जब इन्हें भूख लगती है तब यह उस शिकार को आ कर खा लेते है.बाज की आंखें अपने शिकार को बिना पलक झपकाए अधिक समय तक देख सकती हैं इसी कारण ये अपने शिकार से कम ही चुकते है.

बाज एक मांसाहारी पक्षी होता है इसका भोजन सांप, मछली, मेंढक, खरगोश, चूहे और छोटे पक्षी होते है. यह पक्षी लगभग पूरी दुनिया में ही पाया जाता है यह ज्यादातर ऊंची पहाड़ियों और चट्टानों पर अपना घोंसला बनाते है लेकिन ज्यादातर बाज पक्षी दूसरे पक्षियों के घोंसलों पर कब्जा करके यह रहते है.विश्व भर में इसकी 60 से भी अधिक प्रजातियां पाई जाती है.एक वयस्क बाज का वजन लगभग 10 किलो तक हो सकता है.इसके फल का आकार में बहुत बड़े और पतले होते हैं जिसके कारण यह ज्यादा देर तक हवा में उड़ पाते है.मादा बाज पक्षी साल में एक बार 3 से 4 अंडे देती है और जब तक उनमें से उसके बच्चे नहीं निकल आते है वह उनके ऊपर बैठी रहती है. बाज के बच्चे अंडे में से औसतन 35 से 40 दिनों के अंदर बाहर निकल आते है.एक बाज की औसतन आयु 60 से 70 वर्ष होती है.उनके पंख और सोच लगातार बढ़ती रहती है इसलिए जैसे-जैसे यह व्यस्त होते है. इन्हें अपनी चोच से भोजन खाने में दिक्कत होने लगती है इसीलिए यह चट्टानों पर जाकर अक्सर अपनी चोच घिसते रहते है.इनके पंजों की बात करें तो पैर के पंजे बहुत ही ताकतवर और नुकीले होते हैं जिससे यह किसी भी सांप या मछली को अगर एक बार पकड़ ले तो उसके बाद छोड़ते नहीं है.यह पक्षी ज्यादातर अकेले रहना ही पसंद करता है.



- बाज पक्षियों में सबसे बड़ा पक्षी होता है.
- बाज एक मांसाहारी पक्षी है.
- यह मुख्य रूप से भोजन में सांप, मछली, चूहा, मेंढक इत्यादि खाते है.
- बाज आसमान में बिना पंखों को हिलाएं हवा में अधिक समय तक उड़ सकता है.
- यह लगभग दुनिया के हर देश में पाया जाता है और दुनिया भर में इसकी 60 से अधिक प्रजातियां अभी तक खोजी जा चुकी है.
- यह पक्षी अकेले में जंगलों में पहाड़ियों के ऊपर रहना पसंद करता है.
- क्या आप जानते हैं जब भी पक्षियों के राजा की बात आती है तो उनमें बाज का नाम सबसे पहले लिया जाता है.क्योंकि यही एक मात्र ऐसा पक्षी है जो तेज रफ्तार के साथ ही शारीरिक रूप से भी सर्वाधिक शक्तिशाली माना जाता है.
- बाज मांसाहारी जीवो की श्रेणी में आता है और इसका जीवनकाल लगभग 40 वर्ष से लेकर 70 वर्ष का होता है.
- बाज तेजी से उड़ने और सतह पर चलने की लिए भी जाना जाता है. यह पक्षी सतह पर भी गजब की तेजी से दौड़ता है.
- बाज के शरीर की बनावट जैसे छाती की मजबूत मांसपेशियाँ , लम्बे पंख और स्ट्रीमलाइन आकार के फाल्कन सही मायने में इस पक्षी को गजब की रफ्तार देने के लिए ही बने है.
- बाज के शरीर की लंबाई 13 से 23 इंच तक हो सकती है तथा बाज क पंखो लंबाई 29 से 34 इंच तक होती है.इसके साथ ही मादा बाज का आकार नर बाज से बड़ा होता है.
- बाज के पसंदीदा शिकारो में चिड़िया, कबूतर, चूहा ट बत्तख इत्यादि का शिकार ज्यादातर करता है.
- बाज आकाश में 12000 फीट की उंचाई तक उड़ान भर सकता है
- क्या आप जानते है बाज की अब तक लगभग 2000 प्रजाति खोजी जा चुकी है.
- अगर आप बाज को नहीं पहचानते तो इसे जानने के लिए नीली स्लेटी और उसी रंग के लम्बे नुकील पंखो और पेट पर सफेद एवं काले धब्बो से पहचाना जा सकता है.
- आपको जानकर हैरानी होगी द्वितीय विश्व युद्ध में कबूतरों द्वारा भेजे संदेशो को रोकने के लिए घुमन्तु बाज का इस्तेमाल किया जाता था.
- जंगलो में रहने वाले आदिवासी ज्यादातर छोटे -छोटे पक्षियों के शिकार के लिए बाज का सहारा लेते हैं.
- बाज एक ऐसा पक्षी है जो अंटार्टिका के इलावा समूचे विश्व में पाया जाता है.
- बाज ही एकमात्र ऐसा शिकारी पक्षी है जो शिकार के लिए इंसान के 2 साल के बच्चे को भी उठा कर ले जा सकता है.
- मादा बाज 1 से लेकर 3 अंडे देती है और लगभग बाज 34 से 36 दिनों तक अण्डों पर बैठती है जिसके बाद अण्डों में से बच्चे बाहर निकल आते हैं
- क्या आप जानते है एक स्वस्थ बाज 6 किलोग्राम वजन को उठा कर हवा में उड़ सकता है.
- जिस तरह बाज तेजी का प्रतिक माना जाता है ठीक इसी प्रकार बाज के बच्चे का भी बहुत तेजी से विकास होता हैं यह 6 सप्ताह में 3-4 किलो हो जाता हैं.
- बाज की नजर भी बहुत तेज होती है उदाहरण के तोर पर यह अपने शिकार को 5 किलोमीटर की दूरी पर भी देख लेता है.





# प्रति सेकंड 130 फ्रेम देख सकता है पेरग्रिन बाज

पशु-पक्षियों की दुनिया में पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तेज होती है। एक अध्ययन के अनुसार, दुनिया के सबसे सामान्य परभक्षी पक्षियों में शुमार यह बाज एक सेकंड में लगभग 130 फ्रेम देख सकता है। स्वीडन की लुंड यूनिवर्सिटी सहित कई शोधकर्ताओं का कहना है कि इसकी तुलना में इंसान प्रति सेकंड अधिकतम 50-60 फ्रेम ही देख पाते हैं। उन्होंने कहा कि कोई शख्स मूवी थिएटर में बतौर फिल्म प्रति सेकंड 25 छवियों की गति ही देख सकता है। वह भी उसे छवियों की शृंखला के रूप में नहीं देख सकता है। जर्नल ऑफ एक्सपेरिममेंटल बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, पेरग्रिन बाज की दृष्टि सबसे तीव्र होती है। तेज प्रकाश वाले वातावरण में उसकी दृष्टि 129 एचजेड (प्रति सेकेंड पलक झपकाना) होती है। इन्हीं परिस्थितियों में सेकर बाज 102 एचजेड और हैरिस की देखने की क्षमता 77 एचजेड होती है। ऐसा पहली बार है, जब वैज्ञानिकों ने परभक्षी पक्षियों की दृष्टि की गति का अध्ययन किया है। इसके लिए उन्होंने यह गणना की कि वे कितने दृश्यों का अनुभव कर सकते हैं। अध्ययन के सह लेखकों में एक लुंड यूनिवर्सिटी के एल्मट केल्बर ने कहा, 'मेरे सहयोगी साइमन पोटियर और मैंने सेकर और हैरिस प्रजाति के बाजों का अध्ययन किया। इस दौरान यह भी गणना की कि ये कितनी तेज रोशनी में झपकी ले सकते हैं।' शोधकर्ताओं ने कहा कि परभक्षी पक्षियों की नजर शिकार की जरूरत के हिसाब से हरकत करती है। आमतौर पर बाज तेज गति से उड़ने वाली पक्षियों का शिकार करते हैं और अपनी तीव्र दृष्टि से उन पक्षियों के सचेत होने से पहले ही उन्हें पकड़ लेते हैं।

## 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शिकार करता है

शोधकर्ताओं ने बताया कि हैरिस नामक बाज के पास अत्यधिक ऊंचाइयों पर शिकार करने के लिए बहुत तेज दृष्टि नहीं होती है, क्योंकि वह जमीन पर छोटे और धीमी गति वाले जानवरों का शिकार करते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार, पेरग्रिन बाज के पास अलग-अलग दृश्यों में खुद की दृष्टि को समायोजित करने की क्षमता होती है, क्योंकि यह एक फॉर्मूला वन रेसिंग कार की गति यानी 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपने शिकार पर हमला बोलती है।

## पिंजरे में रखे गए पक्षियों की स्थिति समझने में मिलेगी मदद

यह अध्ययन छोटे कीटों को खाने वाली पक्षियों की देखने की क्षमता का पता लगाने के लिए किया गया है। शोधकर्ताओं ने का कहना है कि बाजों के शिकार की कला यह भी बताती है कि परभक्षी पक्षियों की दृष्टि बहुत तीव्र होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार, इस अध्ययन से मिली नई जानकारी से कैद में रखे गए पक्षियों की स्थिति को बेहतर तरीके से समझने में मदद मिलेगी।

# अजीब है कस्तूरी बैल

**बैल के बारे में आप लोग तो कुछ न कुछ जानते ही होंगे। लेकिन आप लोगों को आज एक ऐसे बैल के बारे में बताते हैं, जिसके बारे में शायद ही आप लोग जानते हों। यह बैल है कस्तूरी बैल। है न रोचक बात! आप लोग मस्क डीयर यानी कि कस्तूरी हिरण के बारे में जानते होंगे, लेकिन कस्तूरी बैल के बारे में नहीं। यह बैल भले ही अपने यहां नहीं पाया जाता, लेकिन यह कुछ एक देशों में पाया जाता है।**

कस्तूरी बैल बिल्कुल याक जैसा दिखता है। यह वृक्षहीन टुन्ड्रा प्रदेश और आर्कटिक प्रदेशों का निवासी है। पूर्वी अलास्का से लेकर उत्तरी कनाडा तक और ग्रीनलैंड में पाया जाता है।इसकी दो प्रजातियां होती हैं। एक ग्रीनलैंड मस्क ऑक्स या व्हाइट फेस्ड मस्क ऑक्स। दूसरी प्रजाति केनेडियन हाई-आर्कटिक मस्क ऑक्स होती है।

## दिखता है याक जैसा

यदि आप इसे दूर से देखो तो आप को भ्रम हो जाएगा। आपको लगेगा कि यह याक है, लेकिन ऐसा होता नहीं है। इसका शरीर काफी गठीला होता है। उस पर फर की दोहरी परत होती है। बाहरी परत लम्बे-लम्बे फर वाली होती है। कभी-कभी इसके बाल इतने लम्बे होते हैं कि जमीन को भी छूने लगते हैं। इनके मोटे फरों का रंग गहरा भूरा होता है। इनके फर ही बर्फीले आर्कटिक की शीत लहरों में ठंड से बचाव करते हैं। इनके बाल भेड़ के बालों की तरह ऊन बनाने के काम आते हैं। इनके फर गर्मी के मौसम में झड़ने लगते हैं।

## विशालकाय शरीर

इसके कंधों पर कूबड़ होता है। इसके सींग लम्बे,चौड़े और मुड़े हुए होते हैं। इसके खुर बैलों से काफी बड़े होते हैं। इसके विशालकाय शरीर का वजन 200 किलोग्राम से 400 किलोग्राम तक हो सकता है, जबकि शरीर की लम्बाई छह फुट से साढ़े सात फुट के मध्य होती है और ऊंचाई पांच फुट तक होती है। इसके गठीले शरीर के कारण ही शिकारी जानवर जल्दी हमला नहीं कर पाते। ये अक्सर झुंड में ही रहते हैं, इसलिए शिकारी जानवरों पोलर बीयर, आर्कटिक फॉक्स और आर्कटिक भेड़ियों से अपनी रक्षा कर लेते हैं।

## नहीं खाता मांस

आप लोग सोच रहे होंगे कि बर्फ में रहने की वजह से इसका भी भोजन मांस होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह बिल्कुल भी मांसाहारी नहीं है। घास, आर्कटिक फूल, मरकट और बहुत प्रकार की वनस्पति खाता है। वैसे इसे 'विलो प्लांट' खाना ज्यादा अच्छा लगता है। यह अपना भोजन चबाता नहीं है, बल्कि उसे निगल जाता है।



## योगासन का रंगारंग समापन, खेल मंत्री ने विजेताओं को पहनाए पदक

**अल्मोड़ा।** 38वें राष्ट्रीय खेलों की योगासन प्रतियोगिता का अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में रंगारंग समापन हुआ। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेताओं को पदक पहनाए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अल्मोड़ा के लिए नेशनल गेम्स में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इन खेलों के जरिए अल्मोड़ा को देश भर में पहचान मिली है। खेल मंत्री ने कहा कि दो महीने से भी कम समय के अंदर योगासन के एशियन गेम्स होने वाले है, इसलिए योग के खिलाड़ियों को समझ लेना चाहिए कि दुनिया अब उनको फॉलो करने जा रही है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने उम्मीद जताई के 2036 में भारत को ओलंपिक की मेजबानी मिले तो उसमें योगासन भी एक मेडल गेम के तौर पर शामिल हो। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक विजेताओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश बहुगुणा, मेयर अजय वर्मा, जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे, जयदीप आर्य, चंद्रकांत आर्य, भुवन जोशी, अशोक जलाल आदि उपस्थित रहे।

## सलालम प्रतियोगिता में राजस्थान के प्रद्युम्न राठौर और उत्तराखंड की रीना ने जीता स्वर्ण

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेल के तहत उत्तराखंड के पौड़ी जिले में स्थित फूलचट्टी में गंगा नदी पर सलालम प्रतियोगिता और महिला कनोई सलालम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में राजस्थान के प्रद्युम्न राठौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष सलालम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, उत्तराखंड के धीरज सिंह ने रजत पदक और मेघालय के पिनशेंइन कुर्वाह ने कांस्य पदक जीता। महिला कनोई सलालम प्रतियोगिता में उत्तराखंड की रीना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश की पल्लवी जगताप ने रजत पदक और आंध्र प्रदेश की डोड्डी चैथना भगवती ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में राजस्थान, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, मेघालय, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और सर्विसेज के खिलाड़ियों ने भाग लिया। गंगा की धारा में रोमांचक मुकाबलों के बीच खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

## एलएंडटी मुंबई ओपन में दिखा भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा

**मुंबई।** भारत की उभरती हुई टेनिस स्टार 15 वर्षीय माया ने एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेलारूस की इरीना श्यामनोविच को 6-4, 6-1 से हराकर क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में जारी इस इवेंट के अंतिम-16 दौर में प्रवेश किया।

इस युवा सनसनी ने सटीकता और संयम के साथ अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को मात दी। माया ने शुरुआती सेट में ही लय बना ली। 2-2 की बराबरी के बाद चार ऐस सहित शक्तिशाली सर्व के साथ नियंत्रण हासिल करते हुए पहले सेट को 6-4 से अपने नाम सुरक्षित किया। उनके आक्रामक बेसलाइन खेल ने श्यामनोविच को डिफेंसिव बनाए रखा। दूसरे सेट में, श्यामनोविच ने वापसी की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने माया को लंबी रैलियों में उलझाया, लेकिन भारतीय किशोरी इससे बेपरवाह रही। बेहतरीन टाइमिंग के साथ बेहतरीन शॉट लगाते हुए, उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाया और शानदार ऐस के साथ मैच को अपने नाम कर लिया, जिससे घरेलू दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाकर उनका अभिनंदन किया।

इस बीच, भारत की वाइल्डकार्ड एंट्री अंकिता रैना ने हमवतन वैष्णवी अदकर पर दबदबा बनाते हुए 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। रैना की रणनीति और दृढ़ निश्चय स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने पहले सेट में अदकर की दो बार सर्विस तोड़ी और दो महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट बचाए। उनके आक्रामक रिटर्न और नियंत्रित बेसलाइन प्ले ने अदकर को बैकफुट पर रखा। दूसरे सेट में अदकर की ओर से थोड़ी वापसी के प्रयास के बावजूद, रैना ने अनफोर्स्ड एरर का फायदा उठाते हुए मैच को सीधे सेटों में जीत लिया।

## महिला प्रीमियर लीग 2025: गुजरात जायंट्स की कप्तान नियुक्त हुई एशले गार्डनर

**अहमदाबाद।** गुजरात जायंट्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीज़न के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एशले गार्डनर को टीम का कप्तान नियुक्त किया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की एक प्रमुख शख्सियत गार्डनर ने 2017 में पदार्पण किया था।

गार्डनर दो बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार विजेता हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2023 में दक्षिण अफ्रीका में टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थीं। लीग की शुरुआत से ही गार्डनर गुजरात जायंट्स का अभिन्न हिस्सा रही हैं। डब्ल्यूपीएल के पिछले दो सीज़न में, उन्होंने 324 रन बनाए हैं और 17 विकेट हासिल किए हैं। गार्डनर ने फ्रेंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा, गुजरात जाइंट्स का कप्तान बनाया जाना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीज़न में इस शानदार समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं। हमारी टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों और भरपूर भारतीय प्रतिभाओं का बेहतरीन मिश्रण है।

# पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने लियां अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**एजेंसी**

**कोलम्बो ।** श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दिमुथ करूणारत्ने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फ़ैसला किया है। गाले में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ इसी सप्ताह शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां और आख़िरी टेस्ट होगा। इस मैच के बाद श्रीलंका को अगले एक साल में मई 2026 तक सिर्फ़ दो टेस्ट मैच खेलने हैं और करूणारत्ने सिर्फ़ टेस्ट फ़ॉर्मेट ही खेलते हैं। 2024 से उनका फ़ॉर्म भी कुछ ख़ास नहीं रहा है और उन्होंने पिछले 14 महीनों में सिर्फ़ 27.05 की औसत से रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ गाले का दूसरा टेस्ट इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में श्रीलंका का आख़िरी टेस्ट भी है।

करूणारत्ने ने 2012 में न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ गाले में ही टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक खेले 99 टेस्ट में 16 शतकों



और 39 अर्धशतकों की मदद से 39.40 की औसत से 7172 रन बनाए हैं, जो कि कुमार संगकारा, माहेला जयवर्धने और एंजेलो मैथ्यूज़ के बाद श्रीलंका की तरफ़ से चौथा सर्वाधिक है। वह 100 टेस्ट खेलने वाले श्रीलंका के सातवें क्रिकेटर भी होंगे। उनसे पहले सनत जयसूर्या, मुथैया मुरलीधरन, चामिंडा वास, जयवर्धने , संगकारा और मैथ्यूज़ यह कारनामा कर चुके हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बात करते हुए करूणारत्ने ने कहा, '100 टेस्ट खेलना एक बड़ी बात है, ख़ासकर जब आप टीम के सलामी बल्लेबाज़ हों। हां, 10000 टेस्ट रन ना पूरा करने का पछतावा मुझे ज़रूर होगा। 2017 से 2019 तक जिस तरह का क्रिकेट खेला, मुझे लगता था कि मैं वहां तक पहुंच जाऊंगा, लेकिन कोविड के बाद श्रीलंका ने टेस्ट मैच खेलने कम कर दिए। इसके अलावा हम दो बार डब्ल्यूटीसी फ़ाइनल में जगह बनाने के क़रीब थे। मैं एक बार ज़रूर डब्ल्यूटीसी फ़ाइनल का अनुभव लेना चाहता था। करूणारत्ने ने श्रीलंकाई टीम की 30 टेस्ट मैचों में कप्तानी भी की है। वह 2019 वनडे विश्व कप में भी श्रीलंकाई टेस्ट टीम के कप्तान थे और उन्होंने कुल 50 वनडे में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया है। ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ गाले का दूसरा टेस्ट गुरूवार से शुरू हो रहा है।

## वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए अबूझ स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में यह जानकारी दी।

वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में कुल 14 विकेट लिए, जिसमें 5 मैचों की टी20 सीरीज में राजकोट में पांच विकेट शामिल हैं। वह अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। वरुण नागपुर में होने वाले पहले वनडे के लिए टीम में शामिल हुए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की अपडेटेड टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

## चैंपियंस ट्रॉफी में कमिंस का खेलना 'लगभग असंभव', स्मिथ या हेड करेंगे ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व

**एजेंसी**

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का अपने टखने की समस्या के कारण चैंपियंस ट्रॉफ़ी में खेलना 'लगभग असंभव' है। कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के अनुसार स्टीवन स्मिथ और ट्रैविस हेड कप्तानी की दौड़ में हैं, जबकि जोश हेज़लवुड भी समय पर जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कमिंस अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण श्रीलंका के टेस्ट दौरे से चूक गए, लेकिन वह टखने की समस्या से भी जूझ रहे हैं जो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी में भारी काम के बोझ के बाद बढ़ गई थी। ऑस्ट्रेलिया के वनडे खिलाड़ी, जो टेस्ट दौरे पर नहीं हैं, गुरुवार को श्रीलंका के लिए उड़ान भरने वाले हैं, लेकिन मैकडोनाल्ड ने बुधवार सुबह खुलासा किया कि कमिंस के उनके बीच होने की संभावना नहीं है।

मैकडोनाल्ड ने एसईएन को बताया, 'पैट कमिंस किसी भी प्रकार की गेंदबाज़ी को फिर से शुरू करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए उनकी संभावना बहुत कम है, इसका मतलब यह होगा कि हमें एक कप्तान की ज़रूरत है। स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड दो ऐसे लोग हैं जिनके साथ हम बातचीत कर रहे हैं, जब हम पैट के साथ घर में चैंपियंस ट्रॉफ़ी टीम का निर्माण कर रहे हैं। वे ही दो लोग होंगे जिन पर हम नेतृत्व पद के लिए विचार करेंगे। 'वे दो स्पष्ट हैं। स्टीव ने यहां पहले टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने पूरे सफ़र में वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी कुछ अच्छे काम किए हैं। तो यह उन दोनों के बीच है।' लेकिन, जैसा



कि मैंने कहा, पैटी की संभावना बेहद कम है, जो थोड़ी शर्म की बात है, और हमारे पास जोश हेज़लवुड भी हैं, जो इस समय फ़िट होने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चिकित्सा संबंधी जानकारी अगले कुछ दिनों में पहुंच जाए और हम उसे आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे और सभी को दिशा बता पाएंगे।

## पोंटिंग ने मिशेल मार्श के विकल्प के रूप में मिच ओवेन को लेने का दिया सुझाव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया को आगामी आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए चोटिल मिशेल मार्श की जगह अनकैप्ड ऑलराउंडर मिशेल ओवेन को टीम में शामिल करना चाहिए।

ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम में अहम भूमिका निभाने वाले मार्श को पिछले महीने पीठ की चोट के कारण आगामी प्रतियोगिता से बाहर कर दिया गया था और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के पास उनके रिप्लेसमेंट को अंतिम रूप देने के साथ आईसीसी को 15 सदस्यीय अपनी अंतिम टीम घोषित करने के लिए 12 फरवरी तक का समय है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक किसी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है, लेकिन पोंटिंग ने ओवेन का नाम सुझाया है, जिन्होंने हाल ही में बिग बैश लीग में दबदबा बनाया था, और उनका मानना है कि 23 वर्षीय खिलाड़ी को



अगर मौका मिले तो वह जल्दी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ सकता है। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि वे किस तरफ जाएंगे। मुझे नहीं पता कि आप लोग बीबीएल (बिग बैश लीग) देख रहे हैं या नहीं, लेकिन हमारे पास एक युवा बच्चा है जो अचानक से उभर कर सामने आया है, जिसका नाम मिच ओवेन है, जिसने होबार्ट हरिकेंस के लिए बल्लेबाजी की शुरुआत की है। बीबीएल में ओवेन ने 203.60 की शानदार स्ट्राइक रेट से 452 रन बनाकर रन बनाने की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने अपनी मध्यम गति से तीन विकेट भी चटकाए। वह एक ऑलराउंडर भी हैं, और मार्श के विकल्प के रूप में वह सही हो सकते हैं। पोंटिंग ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं को अब पता चल गया है कि उनके लिए एक शानदार विकल्प मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 22 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ करेगा।

# टी20 क्रिकेट में दुनिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बने राशिद खान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान टी20 क्रिकेट में दुनिया के अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि मंगलवार रात एसए 20 में एमआई केप टाउन की ओर से खेलते हुए पर्ल रॉयल्स के खिलाफ हासिल की। उन्होंने डुनिथ वेललेज को क्लीन बोल्ड किया और इतिहास में अपना नाम दर्ज करवा लिया। राशिद ने ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़ दिया, जिनके सितंबर 2024 में सेवानिवृत्त होने पर इस प्रारूप में 631 विकेट थे। अब राशिद के नाम टी 20 क्रिकेट में 632 विकेट दर्ज हैं। इस सूची में तीसरे नंबर पर सुनील नरेन (574), चौथे पर इमरान ताहिर (531), पांचवें पर शाकिब अल हसन (492) और छठे पर आंद्रे रसल (466) हैं।राशिद ने मैच



के बाद एक टेलीविजन साक्षात्कार में कहा, यह एक बड़ी उपलब्धि है। अगर आपने मुझसे 10 साल पहले पूछा होता तो मैंने कभी नहीं सोचा होता कि मैं ऐसा कर सकता हूं। जब आप अफगानिस्तान से हों तो तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना गर्व की बात है। शायद ऐसा इसलिए है क्योंकि राशिद ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और द हंड्रेड सहित ब्रावो की तुलना (ब्रावो ने 30, राशिद ने 18) दो-तिहाई से भी कम टीमों के लिए खेला।

एसए 20 क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस की केपटाउन टीम के लिए खेलते हुए और कप्तानी करते हुए राशिद की टीम ने पार्ल रॉयल्स को 39 रनों से हरा दिया।यह लीग चरण के बाद स्टैंडिंग में शीर्ष पर रहने वाली केपटाउन के लिए लगातार छठी जीत थी,- इसका मतलब था कि वे सीधे वांडरर्स में शनिवार के फाइनल में पहुंच गए। यह उस टीम के लिए एक उल्लेखनीय बदलाव है जो प्रतियोगिता के पहले दो संस्करणों में अंतिम स्थान पर रही थी।

## 38वें राष्ट्रीय खेल: योगासन स्पर्धा में पश्चिम बंगाल ने मारी बाजी

**एजेंसी**

**अल्मोड़ा।** हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की योगासन स्पर्धा संपन्न हो गई। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 22 राज्यों से 171 खिलाड़ियों ने भाग लिया और विभिन्न योगासन विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योगासन स्पर्धा में पश्चिम बंगाल ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा ने एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि उत्तराखंड ने एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान सुनिश्चित किया।

पारंपरिक योगासन (पुरुष): शुभम देबनाथ (गोवा) - स्वर्ण, विशाल द्विवेदी (उत्तराखंड)- रजत, दीपक यादव (उत्तराखंड) व भारत रमा गौड़ा (कर्नाटक) - कांस्य।

रिदमिक योगासन जोड़ी (महिला): सर्बश्री मोंडल और सथी मोंडल (पश्चिम बंगाल) - स्वर्ण, सुहानी गिरिपुंजे व रचना अंबुलकर (महाराष्ट्र) - रजत, देवी और भतेरी (हरियाणा) - कांस्य।

रिदमिक योगासन (पुरुष): देव और अभय मिश्रा (चंडीगढ़) - स्वर्ण, धर्मतेजा के.ए. व अबिनेश कुमार बी (तमिलनाडु)- रजत, शशांक शर्मा व प्रियांशु (उत्तराखंड) -कांस्य।

आर्टिस्टिक योगासन सिंगल (महिला): शिल्पा दास (पश्चिम बंगाल) - स्वर्ण, देवी (हरियाणा) व साक्षी कुमारी (बिहार) - संयुक्त रजत, वैष्णवी सरवनकुमार (तमिलनाडु) व अल्का कुमारी (पंजाब)-संयुक्त कांस्य। आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप (पुरुष): उत्तराखंड - स्वर्ण, हरियाणा -रजत, महाराष्ट्र और राजस्थान - संयुक्त कांस्य।

# छत्तीसगढ़ में छह फरवरी से शुरु होगा लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बलिदानी वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 18 फरवरी तक चलेगा। वहीं आज बुधवार को 6 टीमों के 60 से अधिक खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। आईपीएल की तर्ज पर दर्शकों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी, जिसमें तमन्ना भाटिया, आयुष्मान खुराना और हार्डी संधू धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगे।

लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग में देश-विदेश के दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। आज बुधवार 6 फरवरी से पहले इन टीमों के दिग्गज खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा। इस लीग में शामिल टीमों के नाम, उनके कप्तान



और स्टार खिलाड़ी पहले ही चर्चा में आ चुके हैं, और सभी की नजरें इस रोमांचक टूर्नामेंट पर टिकी हुई हैं। वहींलीजेंड 90 लीग के लिए पिच को तैयार किया गया है। मैदान के चारों और लाइट सिस्टम लगाया जा रहा है। लीग टूर्नामेंट से पहले व्यवस्था को बेहतर कर लिया गया है। दर्शकों के बैठने के लिए कई हजार नई सीटें लगाई गई है। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी भी बेहद खास होगी। इस आयोजन में फिल्म और संगीत जगत के मशहूर सितारे अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस देंगे। बॉलीवुड के स्टार अभिनेता आयुष्मान खुराना, खूबसूरत अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और पंजाबी सिंगर हार्डी संधू इस भव्य आयोजन में परफॉर्म करेंगे। इन स्टार्स के लाइव परफॉर्मेंस से शाहर-शारिका का माहौल बन जाएगा, जो सभी को आकर्षित करेगा। लीजेंड 90 लीग में दर्शकों के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है। पहले दिन के लिए टिकट खरीदी जा रही है। स्टेडियम में ऑफलाइन भी टिकट मिलेगी. आयोजक द्वारा व्यवस्था बनाई जा रही है। ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले दर्शक टिकट को स्कैन करवाकर सीधे स्टेडियम में प्रवेश करेंगे।

## घर-घर में खिलाड़ी तैयार करना है सरकार का मकसद :आर्या

**एजेंसी**

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने अल्मोड़ा के रानीखेत और सोमेश्वर विधानसभा में एक मिनी स्टेडियम और दो सड़कों के निर्माण का शुभारंभ किया। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि वह इतनी खेल सुविधाएं जुटाना चाहती हैं जिससे प्रदेश भर में घर-घर में खिलाड़ी तैयार हो सकें। सबसे पहले कैबिनेट मंत्री ने सिलोर महादेव की भूमि पर प्रस्तावित मिनी स्टेडियम को लेकर लोगों से संवाद करते हुए कहा कि मिनी स्टेडियम बनने के बाद सिलोर महादेव की भूमि से घर-घर से खिलाड़ी निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के भविष्य को स्वर्णिम बनाने की सभी तैयारी पहले से ही कर दी है। पहले पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों की तरफ से सड़क, स्कूल और अस्पताल बनाने की मांग की जाती थी।

# कर्नाटक 42 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर

**एजेंसी**

**देहरादून।** कर्नाटक 42 पदकों के साथ 38वें राष्ट्रीय खेलों के पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। कर्नाटक ने अब तक 22 स्वर्ण, 10 रजत और 10 कांस्य पदक जीते हैं। सर्विसेज 38 (19 स्वर्ण, 10 रजत और 9 कांस्य) पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र ने अब तक सबसे अधिक 61 पदक अर्जित किए हैं, जिनमें 15 स्वर्ण, 26 रजत और 20 कांस्य पदक शामिल हैं, जिससे यह कुल पदकों की संख्या के आधार पर सबसे आगे है, लेकिन स्वर्ण पदकों की संख्या कम होने के कारण तीसरे स्थान पर है।

मणिपुर ने 11 स्वर्ण, 10 रजत और 5 कांस्य पदकों के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया है, जबकि मध्य प्रदेश 10 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कांस्य पदकों के साथ पांचवें स्थान पर है। हरियाणा, तमिलनाडु और दिल्ली ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। हरियाणा ने 6 स्वर्ण, 9 रजत और 18 कांस्य पदक जीतकर कुल 33 पदक हासिल किए हैं, जबकि तमिलनाडु 9 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य पदकों के साथ 34 पदकों पर पहुंच चुका है।उत्तराखंड, जो इस बार खेलों की मेजबानी कर रहा है, ने अब तक केवल 1 स्वर्ण, 7 रजत और 9 कांस्य पदकों के साथ कुल 17 पदक जीते हैं, जिससे वह 19वें स्थान पर है।

राष्ट्रीय खेल में अब तक का यह रोमांचक प्रदर्शन यह दर्शाता है कि विभिन्न राज्य और संघीय टीमें अपने खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल प्रदर्शन के साथ आगे बढ़ रही हैं। अगले कुछ दिनों में पदक तालिका में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

38th NATIONAL GAMES Uttarakhand 25 SILVER JUBILEE YEAR SANKALP SE SHIKHAR TAK 28TH JAN TO 14TH FEB 2025


## सिल्वर से शुरुआत, सोने की ओर बढ़ते कदम: नीरज ने बढ़ाया उत्तराखंड का मान

**एजेंसी**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल में प्रदेश के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। खासकर वूशु प्रतियोगिता में उत्तराखंड के लाल नीरज जोशी ने सिल्वर मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।नीरज जोशी का यह सफर संघर्षों से भरा रहा है, लेकिन अपनी मेहनत और उत्तराखंड सरकार की खेल नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया। हल्द्वानी निवासी नीरज जोशी के पिता राजेश बल्लभ जोशी एक किसान हैं और खेती के माध्यम से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद नीरज ने वूशु में अपना करियर बनाने का सपना देखा और पिछले आठ वर्षों से देहरादून में रहकर प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि, आर्थिक तंगी और चोटों के कारण उनका खेल करियर कई बार संकट में आ गया। साल 2022 में पैर की हड्डी टूटने के बाद नीरज हताश हो गए थे। खेल से दूर जाने का विचार उनके मन में आने लगा था, लेकिन परिवार और कोच के समर्थन के चलते उन्होंने फिर से वापसी की। वर्ष 2023 में उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर अपने खेल में सुधार किया। हालांकि, गोवा में हुए राष्ट्रीय खेल 2023 में खेल सुविधाओं के अभाव के कारण वह केवल पांचवें स्थान पर रहे, जिससे वह निराश हो गए थे। नीरज जोशी का कहना है कि उत्तराखंड सरकार



द्वारा खिलाड़ियों के लिए घोषित योजनाओं और प्रोत्साहनों ने उन्हें एक नई ऊर्जा दी। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार और सरकारी नौकरी देने की घोषणा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया है। सरकार की इन नीतियों से प्रेरित होकर नीरज ने 38वें राष्ट्रीय खेल की वूशु स्पर्धा में हिस्सा लिया और सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। उनका मानना है कि उत्तराखंड सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं ने प्रदेश के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि 38वें राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में उत्तराखंड के कई खिलाड़ियों ने पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया। इनमें नीरज जोशी का नाम प्रमुख है, जिन्होंने वूशु स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीतकर अपनी मेहनत और प्रतिभा का परिचय दिया। नीरज ने कहा,उत्तराखंड सरकार की प्रोत्साहन राशि और सरकारी नौकरी की नीति से प्रदेश के खिलाड़ियों को एक नई दिशा मिली है। इससे आने वाली पीढ़ी भी खेलों की ओर आकर्षित होगी और उत्तराखंड का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और ऊंचाइयों तक पहुंचेगा।नीरज जोशी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे उत्तराखंड में खुशी की लहर है। यह जीत प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी और राज्य के खेल क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेगी।



# कैसे मिलीं प्रियंका चोपड़ा के भाई सिद्धार्थ को उनकी दुल्हनिया? एक्ट्रेस बोलीं- 'मैं बहुत ओल्ड फैशन हूं'

ग्लोबर स्टार और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इस वक्त भारत में हैं. वो अपने भाई सिद्धार्थ की शादी में शामिल होने के लिए आई हैं. प्रियंका के भाई और फिल्म प्रोड्यूसर सिद्धार्थ चोपड़ा साउथ एक्ट्रेस नीलम चोपड़ा के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं. नीलम साउथ इंडस्ट्री का जाना-माना नाम हैं, हालांकि, कुछ वक्त से नीलम फिल्मों से दूर हैं. प्रियंका ने घर में चल रही शादी की तैयारियों की तस्वीरों को शेयर किया है.

नीलम और सिद्धार्थ की लव स्टोरी काफी फिल्मी है. हार्पर बाजार के साथ एक इंटरव्यू में प्रियंका ने अपने भाई-भाभी की मुलाकात और डेटिंग ऐप पर रोमांस को लेकर अपने विचारों पर खुलकर बात की. प्रियंका ने बताया कि एक डेटिंग ऐप पर सिद्धार्थ और नीलम की मुलाकात हुई और उसके बाद बात शादी तक आई. पीसी ने कहा कि उनके भाई-भाभी एक साथ बहुत प्यारे लगते हैं.



**डेटिंग ऐप पर क्या बोलीं प्रियंका**

प्रियंका ने आगे बताया कि उन्होंने पति निक से मिलने से पहले भी कभी किसी डेटिंग ऐप का इस्तेमाल नहीं किया. पीसी ने कहा कि ये ऐप का कॉन्सेप्ट उन्हें समझ नहीं आता, क्योंकि उनको लगता था कि उनकी लाइफ में जो इंसान उनका हमसफर बनकर आए वो ऑर्गेनिक तरीके से आए, खुद आए, ना की किसी डेटिंग ऐप से आए. प्रियंका ने कहा कि उन्हें लगता है कि इस मामले में वो काफी ओल्ड फैशन हैं.

**2024 में हुई थी सगाई**

प्रियंका के भाई सिद्धार्थ और नीलम ने साल 202 4 में सगाई की थी, अब दोनों की शादी की तैयारियां घर में जोरों-शोरों से चल रही हैं. सिदार्थ-नीलम का रोका 2 अप्रैल 2024 को मुंबई में हुआ था. प्रियंका ने भी भाई-भाभी के रोके की तस्वीरों को शेयर किया था.

बात करें प्रियंका के वर्क फ्रंट की तो पीसी फिलहाल एस-एस राजामौली की फिल्म 'SSMB 29' की शूटिंग के लिए भारत आई हुई हैं. प्रियंका इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आने वाली हैं.

## फोन बूथ पर इतना रोई हूं मैं...9वीं क्लास में इतनी सी बात पर

# तापसी पन्नू का बॉयफ्रेंड ने तोड़ा था दिल



बुहत कम ऐसा हुआ है कि फेमस एक्ट्रेस तापसी पन्नू का नाम दूसरे एक्टर्स के साथ जुड़ा हो. अगर नाम भी जुड़ा तो उन्होंने हमेशा उस खबर को अफवाह बताया. रिलेशनशिप को लेकर तापसी की सोच बिल्कुल अलग है और इसपर बात करते हुए उन्होंने अपने पहले अफेयर और ब्रेकअप की कहानी भी सुनाई. एक्ट्रेस ने बताया कि उस समय उन्होंने एक फैसला लिया था, जिसे उन्होंने लंबे समय तक निभाया.

**तापसी पन्नू का पहला अफेयर कब हुआ?**

राज शमानी के यूट्यूब चैनल पर तापसी पन्नू ने एक इंटरव्यू दिया था. इस दौरान रिलेशनशिप पर तापसी से उनके विचार पूछे गए तो तापसी ने एक लंबी कॉन्वर्सेशन की. इसमें तापसी ने कहा कि स्कूल में वो उस टाइप की लड़की नहीं थीं, जिनके पीछे लड़के पड़ने लगते हैं. तापसी ने कहा था, 'जिसे मैंने लाइफ में पहली बार डेट किया था, 9वीं क्लास में उसने मुझे छोड़ दिया था ये बोलकर कि उसे 10वीं की तैयारी करनी है. बोर्ड एग्जाम के लिए तैयारी करनी है.' इसपर तापसी से पूछा गया कि वो अभी आपको देख रहा होगा.



तापसी ने कहा, 'अब तो चलो वो वेल सैटल्ड है, फैमिली वाला है. स्कूल और कॉलेज में हम लोग कॉमन थे, लेकिन उसने उस समय मुझे रिजेक्ट कर दिया था. ये बात दिल में बैठ गई, वो मेरा इतना बड़ा हार्टब्रेक था. तब मैं पीसीओ में दो रुपये का सिक्का डालकर उसको फोन लगाती थी और रोया करती थी. मैंने कई बार रो-रोकर उसे फोन किया और वो मेरा फोन नहीं उठाता था और अगर उठा भी लेता था तो कहता था नहीं अब हम साथ नहीं हो सकते. पीसीओ के बूथ पर इतना रोई हूं मैं, उसी के बाद मैंने डिसाइड कर लिया था कि मैं कभी किसी को इतना हक नहीं दूंगी कि कोई मेरी ऐसी हालत कर सके. तो वो 10वीं क्लास के बाद इतना बड़ा मेजर हार्टब्रेक कभी नहीं हुआ.'

**तापसी पन्नू ने की विदेशी से शादी**

डेनमार्क के माथियास बो के साथ तापसी ने 23 मार्च 2024 को कोर्ट मैरिज की थी. अगर वर्कफ्रंट की बात करें तो 2024 में तापसी की फिल्म खेल खेल में रिलीज हुई थी, जो फ्लॉप रही, वहीं नेटफ्लिक्स पर फिर आई हसीन दिलरुबा भी रिलीज हुई. तापसी की अगली फिल्म गांधारी है जो नेटफ्लिक्स पर आएगी, जिसकी रिलीज डेट नहीं बताई गई है.

## 21 करोड़ फीस लेती हैं फिर भी...सैफ पर हुए हमले का जिक्र कर डायरेक्टर ने करीना कपूर पर कसा तंज



सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद से इंडस्ट्री के सितार डरे हुए हैं. सभी के मन के में एक सवाल है कि जब एक अनजान आदमी सैफ अली जैसे अभिनेता के घर में घुसकर हमला कर सकता है तो किसी के साथ भी कुछ भी हो सकता है. इस घटना के बाद हाल ही में एक बातचीत के दौरान डायरेक्टर आकाशदीप साबिर ने करीना कपूर पर तंज कसा है और कहा कि शायद एक्ट्रेस को कम फीस मिलती है, इसलिए वो फुल-टाइम वॉचमैन का खर्चा नहीं उठा सकीं.लहरें रेट्रो के साथ हाल ही में हुई एक बातचीत में साबिर ने फिल्मों में हीरो-हीरोइन को मिलने वाली फीस के अंतर पर भी बात की. उन्होंने 'पुष्पा 2' के लिए अल्लू अर्जुन को रश्मिका से ज्यादा फीस लेने पर बात की. डायरेक्टर ने कहा कि 'पुष्पा 2' में फैंस अल्लू अर्जुन के लिए थिएटर में गए थे न कि रश्मिका की वजह से. इसलिए अल्लू अर्जुन को रश्मिका से ज्यादा फीस मिली है.

**'21 करोड़ फीस लेकर भी फुल टाइम वॉचमैन नहीं रख पाईं'**

बातचीत के दौरान आकाशदीप ने करीना कपूर की फीस का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनको एक्टर से कम फीस मिलती है. साथ ही उन्होंने सैफ अली खान केस पर भी बात की. आकाशदीप ने करीना पर तंज कसते हुए कहा, करीना कपूर फिल्मों के लिए 21 करोड़ रुपये फीस लेती हैं, लेकिन फिर भी अपने घर के बाहर एक फुल टाइम वॉचमैन नहीं रख पाईं. लेकिन अगर आप उनको 100 करोड़ रुपये फीस देंगे तो शायद वो अपने परिवार की सुरक्षा के लिए फुल टाइम वॉचमैन और ड्राइवर को हायर कर लें.

**आकाशदीप ने सैफ-करीना पर उठाए सवाल**

आकाशदीप ने करीना के बारे में कहा कि वो उनको पिछले काफी साल से जानते हैं. क्योंकि वो जब करीना से मिले थे उस वक्त वो बच्ची थीं. डायरेक्टर ने आगे कहा कि करिश्मा को डायरेक्ट और प्रोड्यूस भी उन्होंने ही किया है. सैफ अली खान केस के बारे में डायरेक्टर ने कहा, सैफ और करीना इंडस्ट्री के जाने माने कपल हैं, लेकिन दो जरूरी सवाल का जवाब समझ में नहीं आया कि उनके घर के बाहर सिक्योरिटी गार्ड क्यों नहीं था. भले ही एक बिल्डिंग 30 सीसीटीवी कैमरों के जरिए क्राइम को सॉल्व करने में हेल्प कर सकती है, लेकिन अपराधी को अंदर आने से रोक नहीं सकती है. दूसरा सवाल उन्होंने ये किया कि आखिर दोनों के पास रात में एक फुल टाइम ड्राइवर क्यों नहीं था.

## उर्मिला मातोंडकर की इन 5 फिल्मों को नहीं देखा तो क्या देखा, ग्लैमरस अवतार के साथ की है जबरदस्त एक्टिंग



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर एक ऐसी अदाकारा हैं, जिनका फिल्मी करियर छोटा रहा, लेकिन उन्होंने एक से बढ़कर एक कमाल के किरदार निभाए. उर्मिला आज भी उतनी ही खूबसूरत लगती हैं, जितनी 90 के दौर में लगा करती थीं. उस दौरान उनकी कई फिल्में आईं लेकिन ज्यादा खास नहीं चलीं. उर्मिला ने शाहरुख, सलमान और गोविंदा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है और उन्हें पसंद किया गया.

4 फरवरी 1974 को जन्मीं आज उर्मिला मातोंडकर अपना 51वां बर्थडे मना रही हैं. उर्मिला ने बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट फिल्म कर्म (1977) से अपने करियर की शुरुआत की थी. इसके बाद 'कलयुग', 'मासूम', 'भावना, 'डकैत' और 'बड़े घर की बेटी' जैसी फिल्मों में काम किया है.

**उर्मिला मातोंडकर की बेहतरीन फिल्में**

बड़े होने के बाद उर्मिला मातोंडकर की पहली फिल्म नरसिम्हा (1991) थी. इसके बाद उन्होंने कई फिल्में कीं लेकिन उनकी 5 फिल्में ऐसी थीं जिसमें उनका काम कमाल का था और हर फैन को ये फिल्में देखनी चाहिए..

**'रंगीला' (1995)**

8 सितंबर 1995 को फिल्म रंगीला रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन राम गोपाल वर्मा ने किया था. आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर इस फिल्म के गाने और कहानी दोनों हिट हुए थे. Sacnilk के मुताबिक, फिल्म रंगीला का बजट 5 करोड़ था, जबकि वर्ल्डवाइड फिल्म ने 33.45 करोड़ का कलेक्शन किया था. ये फिल्म उस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई थी. ये फिल्म आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं.

**'जुदाई' (1997)**

28 फरवरी 1997 को आई राज कंवर के निर्देशन में बनी फिल्म जुदाई में नदीम-श्रवण का म्यूजिक था. इस फिल्म में श्रीदेवी, अनिल कपूर और उर्मिला मातोंडकर अहम किरदारों में नजर आए थे. उर्मिला की ये फिल्म भी अमेजन प्राइम वीडियो पर अवेलेबल है. Sacnilk के मुताबिक, फिल्म जुदाई का बजट 6 करोड़ था, जबकि वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 27.98 करोड़ का कलेक्शन किया था. ये फिल्म सुपरहिट थी.

**'जानम समझा करो' (1999)**

2 अप्रैल 1999 को फिल्म जानम समझा करो रिलीज हुई थी, जिसका निर्देशन अंदलेप सुल्तानपुरी ने किया था. इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक, आनंद-मिलिंद थे. सलमान खान और उर्मिला मातोंडकर स्टारर फिल्म जानम समझा करो को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं. Sacnilk के अनुसार, फिल्म जानम समझा करो का बजट 9 करोड़ था, लेकिन वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 15.03 करोड़ का कलेक्शन किया था. लेकिन इसके गाने और सलमान के साथ इनकी जोड़ी पसंद की गई थी.